सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 17 अगस्त , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 40, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

कंपनियों की पूंजी एक लाख करोड़ रुपये घटी

स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट के रुख के बीच सेंसेक्स की कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से करीब एक लाख करोड़ की कमी आयी। } 10

शाह ने पुण्यतिथि पर वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उनकी मूल्य आधारित राजनीति ने सुशासन की परिकल्पना को धरातल पर उतारा। } 10

सुरक्षित भारत बनाना हम सबका दायित्व : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार तेरहवीं बार लाल किले पर फहराया तिरंगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से लगातार तेरहवीं बार तिरंगा फहराया। अपने 76 मिनट के संबोधन में उन्होंने विकसित भारत के अपने सपने को पूरा करने की योजना का देश के साथ साझा की।

उन्होंने कहा कि आज हम सब 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। आज हर दिलों की धड़कन वंदे मातरम के नाद से गूंज रही है। आज हर घर तिरंगा है, हर मन तिरंगा है और देश उत्साह और उमंग के साथ नए संकल्पों को लेकर के आज आगे बढ़ रहा है। आप सबको स्वतंत्रता दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। देश आज उन महान सपूतों का पुण्य स्मरण करता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपनी पूरी जिंदगी खपा दी। पूज्य बापू समेत सभी स्वतंत्रता सेनानियों को, बलिदान की महान परंपरा जगाने वाले महान क्रांतिकारियों को आज मैं श्रद्धापूर्वक

नमन करता हूं। आज जो इस समारोह में उपस्थित हैं, उन सबके लिए आज एक ऐतिहासिक पल भी है। आजादी के बाद 15 अगस्त को लाल किले पर पहली बार वंदे मातरम गूंज रहा है। आज जब हम देश के लोग वंदे मातरम के 150 वर्ष मना रहे हैं, प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में आपने जब हमें मौका दिया, उसी दिन हमने संकल्प लिया था कि हम देश को नक्सलवाद से मुक्त करेंगे और आज मुझे खुशी है कि नक्सली माओवादी हिंसा आखिरी सांस भी शायद रहने की अब तो ताकत नहीं रही है, पूरी तरह उसे खत्म करने की दिशा में, जहां पर कभी नक्सलवादियों की गोलियां चलती थी, जहां पर कभी धरती रक्त रंजित रहा करती थी, आज उसी नक्सल क्षेत्रों में, उसी इलाकों में, नक्सल मुक्त होने ...शेष पृष्ठ 10 पर

विश्व के नेताओं का पीएम मोदी ने आभार जताया

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं देने के लिए इजराइल के अपने समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू का रविवार को आभार जताया तथा उम्मीद व्यक्त की कि दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी, जिससे नए अवसर पैदा होंगे एवं लोगों के आपसी संबंध और गहरे होंगे। मोदी ने भारत के स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं देने के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे समेत अन्य नेताओं का भी आभार ...शेष पृष्ठ 10 पर

मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

उत्तर प्रदेश में पांच करोड़ घरों में तिरंगा फहराने के महायज्ञ की आज पूर्णाहुति हो रही है। **'हर घर तिरंगा' महा-अभियान में उत्साह एवं उमंग के साथ सहभागी बने आप सभी प्रदेशवासियों को हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं।** प्रदेश का नवसामर्थ्य जब विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों के रूप में झलकता है, तो मन हर्षित हो उठता है।

जब संकल्प का कोई विकल्प नहीं रह जाता, तभी असंभव लक्ष्य भी सिद्ध हो पाते हैं। स्वतंत्रता दिवस हमें सदैव उन वीरों के ऐसे ही संकल्पों का स्मरण कराता है, जो देश के लिए हंसते-हंसते शहीद हो गए। **बाबू बंधू सिंह, खुदीराम बोस, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह एवं पंडित राम प्रसाद 'बिस्मिल' जैसे मां भारती के अनेक वीर सपूतों ने युवावस्था में ही अपना सर्वस्व राष्ट्र को समर्पित कर दिया।**

किशोरावस्था और युवावस्था जीवन का एक स्वर्णिम दौर है। **तरुणाई अंगड़ाई लेती है और सपने आकार लेते हैं।** व्यक्तित्व का निर्माण होता है तथा कुछ कर गुजरने की लालसा बलवती होती है। यही समय तय करता है कि हमारी ऊर्जा और सामर्थ्य केवल हमारे अपने भविष्य को आकार देंगे या समाज और राष्ट्र के भविष्य को भी नई दिशा देंगे।

हमारा गौरवशाली इतिहास ऐसे अनेक दृष्टांतों से परिपूर्ण है, जब भारतीय विभूतियों ने उम्र की सीमाओं से परे जाकर देश और दुनिया को मार्ग दिखाया। **आदि शंकराचार्य ने अल्पायु में ही भारत की आध्यात्मिक चेतना को एक सूत्र में पिरो दिया। स्वामी विवेकानंद ने युवावस्था में ही भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति का संदेश विश्व मंच तक पहुंचाया।** इनका जीवन सिखाता है कि उम्र छोटी हो सकती है, लेकिन संकल्प और सामर्थ्य बड़ा होना चाहिए।

जब मैं 26 वर्ष की अवस्था में पहली बार लोकसभा के लिए निर्वाचित हुआ और सार्वजनिक जीवन का व्रत लिया, तब से अब तक मेरे सामने भी राष्ट्रसेवा एवं जनसेवा के यही आदर्श सर्वोपरि रहे हैं। आज प्रदेश सरकार युवाओं को आगे बढ़ने के लिए हरसंभव अवसर प्रदान कर रही है। विगत साढ़े नौ वर्षों में शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार और खेल के क्षेत्र में अनेक अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। **आवश्यकता है कि किशोर एवं युवा इन अवसरों का लाभ उठाएं। अपने संकल्प को राष्ट्रनिर्माण के वृहद लक्ष्य से जोड़ें और उसे सुदृढ़ करने के लिए नियमित योग एवं व्यायाम को जीवन का अंग बनाएं।** तिरंगे के मूल्यों- शौर्य, शांति और समृद्धि को अपने जीवन में उतारें। **जाति-पाति से ऊपर उठकर एकता एवं समरसता का मार्ग चुनें।**

युवा साथियों, आत्मनिर्माण से राष्ट्रनिर्माण का महती दायित्व आपके कंधों पर है। आपकी ऊर्जा, प्रतिभा, अनुशासन एवं संकल्प से ही विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण का लक्ष्य साकार होगा। यही युवा शक्ति उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी पूंजी है।

आपका

योगी आदित्यनाथ

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।

UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

युवाओं के लिए लायेंगे नयी यूथ पॉलिसी

युवाओं के हाथ में स्किल, इनोवेशन और एंप्लॉयमेंट देना सरकार का संकल्प

विशेष संवाददाता

लखनऊ। भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानभवन में आयोजित राजकीय समारोह में प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए युवाओं के लिए नई यूथ पॉलिसी की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा प्रतिभावान, परिश्रमी और देश व समाज के लिए कुछ कर गुजरने की इच्छाशक्ति से भरपूर है। सरकार का संकल्प हर युवा के हाथ में स्किल, इनोवेशन और एंप्लॉयमेंट उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून-व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार के बाद उत्तर प्रदेश अब उपद्रव प्रदेश से उत्सव प्रदेश बन चुका है। कभी बीमारू राज्यों में गिने जाने वाले उत्तर प्रदेश को आज देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में देखा जा रहा है। पॉलिसी पैरालिसिस समाप्त कर प्रदेश को निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि नई यूथ पॉलिसी के माध्यम से युवाओं के स्किल, ...शेष पृष्ठ 10 पर

सहज-सरल, लेकिन इरादों के अटल थे पूर्व प्रधानमंत्रीः सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा निवेदित करते हुए लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल जी का छह दशक का सार्वजनिक जीवन निर्विवाद और निष्कलंक रहा। वह भारतीय राजनीति के अजातशत्रु के रूप में राष्ट्र सर्वोपरि के भाव के साथ निरंतर कार्य करते रहे। सार्वजनिक जीवन की शुरूआत उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में कश्मीर में धारा-370 लगाए जाने के विरोध में सत्याग्रह से प्रारंभ की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को पं. अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आठवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं साहित्य संध्या को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अटल जी के विचारों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया। सीएम योगी ने कहा कि सांसद, विदेश मंत्री, नेता प्रतिपक्ष, जनसंघ व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री की अलग-अलग भूमिकाओं में भी उनके लिए सदैव राष्ट्र प्रथम रहा। वह भाजपा के सामान्य कार्यकर्ता से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, नेता सदन, प्रधानमंत्री समेत किसी भी पद पर रहे हों, लेकिन उनका जीवन का ध्येय केवल राष्ट्र प्रथम था। जब-जब भी आवश्यकता पड़ी, उन्होंने दल से ऊपर देश को महत्व दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने जब देश पर इमरजेंसी थोपी थी तो उन्होंने जनसंघ का जनता पार्टी में विलय करते हुए आपातकाल से मुक्ति के आंदोलन में बढ़ चढ़कर भाग लिया था।

सीतापुर में चौकी इंचार्ज निलंबित, एसएचओ के खिलाफ जांच शुरू

सीतापुर। सीतापुर के किशोरी की मौत के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की है। यूपी में अपराध करेंगे तो कार्रवाई होगी और अपराधियों को बचाने की कोशिश हुई तो जिम्मेदार भी नहीं बचेंगे। कोतवाली देहात क्षेत्र में किशोरी का पेड़ पर लटका शव मिलने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। वहीं पुलिस की लापरवाही पर चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया गया है और एसएचओ के खिलाफ जांच शुरू है। योगी सरकार की निगरानी में पुलिस ने मामले में तेजी से कार्रवाई की है। तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण हैंगिंग बताया गया है। जांच में सामने आने वाले हर तथ्य को गंभीरता से लिया जा रहा है। सरकार का रुख स्पष्ट है कि अपराधी कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, कानून के शिकंजे से बच नहीं सकता।

फिजी से सैन फ्रांसिस्को तक तिरंगे की वैश्विक यात्रा पूरी

नयी दिल्ली। देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपनी तरह का पहला अभियान सूर्यपथ तिरंगा शनिवार को आयोजित किया गया जिसमें पूर्व से पश्चिम तक 50 से अधिक भारतीय दूतावासों ने हिस्सा लिया। इसके तहत तिरंगे की तस्वीरों को अलग-अलग टाइम जोन में डिजिटल रूप से प्रसारित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस अनूठी वैश्विक यात्रा की शुरुआत फिजी की राजधानी सुवा स्थित भारतीय उच्चायोग से हुई और अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास पर इसका समापन हुआ। इस अभियान में विभिन्न देशों और महाद्वीपों के 54 भारतीय दूतावास और केंद्र जुड़े। इस तरह सूर्य की गति को दुनिया भर में तिरंगे की प्रतीकात्मक यात्रा से जोड़ा गया।

आम नागरिक भटकने को न हों मजबूर : सीएम धामी

मुख्यमंत्री धामी ने नैनीताल क्षेत्र में स्थानीय लोगों से की मुलाकात, विकास कार्यों की ली जानकारी

प्रमुख संवाददाता

नैनीताल (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चोरगलिया क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की और क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की जानकारी ली। राजकीय इंटर कॉलेज लाखनमंडी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याएं मुख्यमंत्री के सामने रखीं। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को इन मामलों पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए सरकारी तंत्र के अलग-अलग स्तरों पर भटकना न

पड़े, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक शिकायत को केवल दर्ज करने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उसके निस्तारण की स्थिति की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने स्थानीय स्तर पर हल होने वाले मामलों को प्राथमिकता से निपटाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की ओर से उठाए गए विषयों पर संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश ...शेष पृष्ठ 10 पर

इंडोनेशिया में भूकंप से 51 लोगों की मौत

रुतेंग। पूर्वी इंडोनेशिया में एक दिन पहले आए 7.7 तीव्रता के भूकंप में मृतकों की संख्या रविवार को चार और शव बरामद होने के बाद बढ़कर 51 हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भूकंप के कारण हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। अमेरिका भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, शक्तिशाली भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 5:58 बजे पूर्वी इंडोनेशिया के फ्लोरेस क्षेत्र में आया। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। अमेरिका भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि सुनामी की चेतावनी जारी होने के बाद लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए हालांकि बाद में यह चेतावनी वापस ले ली गई। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप के बाद कम से कम 235 झटके महसूस किए गए।

ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 4 मजदूरों की मौत

लखनऊ के गोसाईंगंज क्षेत्र में हादसा, मृतकों में एक ही परिवार के तीन लोग

विशेष संवाददाता

लखनऊ। सुल्तानपुर हाईवे पर गंगागंज के पास ईंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। हादसे में ट्रॉली के नीचे दबकर 4 मजदूरों की मौत हो गई।

सभी मृतक बाराबंकी जिले के थे ईंट भट्टे पर रोजी-रोटी के लिए मजदूरी करते थे। पुलिस के अनुसार घटना शनिवार सुबह करीब 4:45 बजे की है। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी कि हाईवे पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई है और उसके नीचे कई लोग दबे हैं। सूचना मिलते ही गोसाईगंज थाना पुलिस, फायर ब्रिगेड और एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची। ट्रॉली पर ईंटे लदी होने के चलते उसे हटाने के लिए एनएचएआई की क्रेन

बुलाई गई। एक घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने चारों घायलों को बाहर निकाला और सीएचसी गोसाईगंज पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने तीनो मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। वही चौथे घायल बलराम रावत को हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक पीतांबर रावत (35), बाराबंकी स्थित कोठी क्षेत्र के अचकामऊ स्थित देशराज के ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर

स्वतंत्रता दिवस पर विराज सागर दास ने ध्वजारोहण कर युवाओं को सशक्त भारत बनाने का दिलाया संकल्प

आज का भारत युवाओं का भारत है : विराज सागर दास

विशेष संवाददाता

लखनऊ। 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर बीबीडी यूनिवर्सिटी, विराज टॉवर और 8, विक्रमादित्य मार्ग स्थित अपने आवास पर बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष व यूपी ओलंपिक संघ के अध्यक्ष, डॉ. अखिलेश दास फाउंडेशन के अध्यक्ष, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट विराज सागर

दास ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को नमन किया। राष्ट्रगान जन गण मन और वन्दे मातरम् की गूंज ने पूरे परिसर को देशभक्ति के भाव से भर दिया। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का भारत युवाओं का भारत है। हमें अपने देश और प्रदेश की उन्नति के लिए सकारात्मक कार्य करने चाहिए ताकि देश के युवाओं की शक्ति राष्ट्र निर्माण का आधार बने और ऐसे भारत की कल्पना को पूरा करने में छात्र-छात्राओं और युवाओं का सहयोग और संकल्प का भाव स्पष्ट रूप से देखा जा सके। हमें भारत को विकासशील देश से विकसित देश बनाने के लिए युवाओं की सकारात्मक सोच और उनके द्वारा किये जा रहे नवाचार पर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर विराज सागर दास ने कहा कि यह दिन मेरे लिए इसलिए भी विशेष है, क्योंकि मेरे बाबा श्रद्धेय बाबू बनारसी दास जी स्वयं स्वतंत्रता सेनानी थे। मात्र 13 वर्ष की आयु में उन्होंने देश की आजादी के आंदोलन में भाग लेकर राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया था। उनका त्याग, संघर्ष और राष्ट्रप्रेम आज भी हमारे परिवार की सबसे बड़ी प्रेरणा है। मेरे पिताजी डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के संस्कारों और बाबा की विरासत ने मुझे सदैव सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। आज महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर शहीदों को नमन करते हुए यही संकल्प है कि उनके सपनों के समर्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान निरंतर देता रहूं। इस अवसर पर विराज सागर दास ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर वीर शहीदों को कोटि-कोटि नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

C M Y K

संदेश

हम सभी देश की एकता, अखंडता और संविधान के मूल्यों की रक्षा करते हुए विकसित एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लें। सुधी पाठकों, अभिकताओं एवं जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस, रक्षा बंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

धर्मेन्द्र सिंह — तहसील संवाददाता-सफीपुर

नितिन वर्मा — संवाददाता-शुक्लागंज

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुशील कुमार शुक्ला
समाजसेवी
विकासखण्ड सुमेरपुर, उन्नाव

स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

डा. राजेश कुमार वर्मा
सीएचसी अधीक्षक
सफीपुर उन्नाव

स्वतंत्रता दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

रवींद्र कुमार	विनीत तिवारी	शिव बरन सिंह
ग्राम प्रधान	प्रधान प्रतिनिधि	ग्राम विकास अधिकारी
रैइयामऊ	अटवा मोहाल ओसिया	विकासखंड सफीपुर जिला उन्नाव

स्वतंत्रता दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

मनींद्र कुमार	अनुराग मिश्रा	विवेक कुमार द्विवेदी
खंड शिक्षा अधिकारी	प्रधान शिक्षक - प्राथमिक विद्यालय अंधेलिया सफीपुर उन्नाव	प्रधान शिक्षक-प्राथमिक विद्यालय कजियाना सफीपुर उन्नाव



कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवरिया

"15 अगस्त 2026"

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद देवरिया की ओर से सभी सम्मानित नगर वासियों को **हार्दिक शुभकामनायें** तथा उक्त अवसर पर समस्त नगर वासियों निम्न निवेदन है कि-

1. यह नगर आपका है इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में अपना योगदान दे।
2. जन्म व मृत्यु की सूचना विलम्बतम 21 दिन के अन्दर दर्ज कराते हुए प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
3. ईधर-उधर कूड़ा कर्कट न फेंक कर निर्धारित स्थल पर ही कूड़ा रखें।
4. पालीथीन का प्रयोग न करें। इसके स्थान पर जूट व कपड़े के थैले का प्रयोग करें।
5. नाला-नालियों व सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण न करें।
6. पथ प्रकाश बिन्दुओ/जलकल की टोटियों को क्षतिग्रस्त होने से बचायें।
7. पालिका के गृहकर-जलकर दुकान किराया व लाइसेन्स शुल्क आदि का समय से भुगतान करें। ताकि विकास की गति को बढ़ाया जा सकें।
8. यदि आपके भवन का गृहकर जलकर निर्धारित नहीं है, तो पालिका आकर स्वकर निर्धारण योजना का लाभ उठायें।
9. अपने आस-पास जल जमाव न होने दे। जल जमाव की स्थिति में मिट्टी तेल, जले हुए मोबिल आयल आदि का प्रयोग करें। ताकि मच्छरो का लार्वा विकसित न होने पायें।
10. सक्षम प्राधिकारी से मानचित्र की स्वीकृति के उपरान्त ही भवन का निर्माण करावें।
11. अपने भवन व प्लाट के खाली स्थानो पर पौधारोपण करें और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करें।
12. फास्ट फूड बीमारियों की जड़ है, अतएवं फास्ट फूड के सेवन से परहेज करें।
13. घर में निकलने वाला गीला कूड़ा व सूखा कूड़ा अलग-अलग रखे तथा कूड़ा गाड़ी आने पर उसे अलग-अलग दे।
14. नगर पालिका सम्बन्धित पथ-प्रकाश, जलापूर्ति, सफाई आदि सम्बन्धी शिकायत टोल फ्री नम्बर 1533 पर या पालिका स्थित शिकायत प्रकोष्ठ में कर सकते है।

स्वच्छ देवरिया | स्वस्थ्य देवरिया | सुन्दर देवरिया

(संजय कुमार तिवारी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, देवरिया

(अलका सिंह)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, देवरिया

- समस्त मा. सदस्यगण -

पत्रांक : 2287/अधिष्ठान-2026-27/ देवरिया दिनांक : 14 अगस्त, 2026

कार्यालय नगर पंचायत मौरावां, जनपद- उन्नाव

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

आइए, हम सभी मिलकर अपने नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें

नगरवासियों से अपील-

1. नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
2. कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें।
3. सार्वजनिक स्थलों/नाली/सड़क आदि पर अतिक्रमण न करें।
4. सभी करों का भुगतान कर नगर पंचायत का आर्थिक सहयोग करें।
5. मार्ग प्रकाश उपकरणों से किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करें।
6. पॉलीथीन का प्रयोग न करें, कपड़े के थैले का प्रयोग करें।
7. नल को खुला छोड़कर पानी बर्बाद न करें। जल अमूल्य है।
8. 6 वर्ष से अधिक के बच्चों को विद्यालय में प्रवेश अवश्य कराएं।
9. जन्मद्मृत्यु का पंजीकरण अवश्य कराएं।
10. नगर आपका है, इसे स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग करें।
11. जितना संभव हो सके अपने आस-पास वृक्ष एवं पौधे लगायें और वातावरण को हरा-भरा रखें।
12. अनावश्यक वृक्षों को न काटें, वृक्ष हमारी प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं।
13. खुले में शौच न करें, घर में आवश्यक रूप से शौचालय बनवाएं।
14. कटे-फटे कपड़ों एवं प्लास्टिक/पेय पदार्थों का उपयोग न करें।
15. निकाय के करों (जलमूल्य, गृहकर आदि) का भुगतान समय-समय पर करते रहें।
16. डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाले वाहनों में गीला कचरा हरे डस्टबिन में व सूखा कचरा नीले डस्टबिन में ही डालें।
17. घर में शौचालय न होने की स्थिति में सामुदायिक शौचालय का प्रयोग करें।

संतोष चतुर्वेदी	मधुकर द्विवेदी	विवेक सेठ
अधिशासी अधिकारी	लिपिक	अध्यक्ष
नगर पंचायत मौरावां उन्नाव	नगर पंचायत मौरावां उन्नाव	नगर पंचायत मौरावां उन्नाव

समस्त सदस्यगण-
श्रीमती राजकुमारी, श्री अमरनाथ, श्रीमती प्रिया सेठ, श्रीमती रानी चौरसिया, श्रीमती साधना देवी, श्री सादिक अली, श्री अली इमाम, श्री आशीष, श्री सुल्तान बेग, श्री पंकज, श्री इसरत अली, श्री मकबूल वारिस।

निर्दिष्ट सदस्यगण-
श्रीमती साधना चौरसिया, श्री पंकज अवस्थी, श्री सुमित चौधरी

पत्रांक : मेमो/न.पा.मौ./2026-27 दिनांक : 13.08.2026

कार्यालय नगर पालिका परिषद गंगाघाट, उन्नाव

नगर गंगाघाट को बनाये नं.-1

'नागरिकों से अपील'

1- पालीथीन की बिक्री व उपयोग पूर्णतः प्रतिबन्धित है। निरीक्षण के दौरान प्रतिबन्धित पालीथीन की बिक्री व उपयोग पाये जाने पर सामग्री जब्त करते हुये जुमार्ना भी हो सकता है। किसी भी प्रकार के प्लास्टिक/थमाकील के बैग, गिलास, कप, प्लेट, थाली आदि का प्रयोग स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दृष्टि से हानिकारक है, इसलिए इसका उपयोग कदापि न करें।

2- प्लास्टिक/थमाकील के बैग, गिलास, कप, प्लेट, थाली आदि के स्थान पर कपड़े कागज आदि द्वारा निर्मित उत्पाद का प्रयोग, मानवहित, स्वास्थ्य व पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। कोई भी दुकानदार, थोक विक्रेता, ठेला वालों, फेरी वालों, फल वालों, सब्जी वालों सहित अन्य जनमानस द्वारा प्लास्टिक/थमाकील के बैग, गिलास, कप, प्लेट, थाली आदि का प्रयोग/क्रय/विक्रय करते हुए पाया जाता है तो वह ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन की नीति के क्रम में नगर पालिका उपविधि के अन्तर्गत पेनाल्टी/जुमार्ना शुल्क वसूल किया जायेगा।

3- नगर पालिका सीमान्तर्गत भवन निर्माण सामग्री (निष्प्रयोज्य सामग्री) को खुली जगहों (खाली प्लॉट एवं सड़क किनारे) पर फेंकने पर एसडब्ल्यूएम नियम 2016 तथा नगर पालिका उपविधि के अनुसार प्रथम बार उल्लंघन करने पर रु 500/- तथा पुनरावृत्ति पाये जाने पर रु 1000/- प्रति प्रकरण जुमार्ना हो सकता है। कोई भी व्यक्ति सी० एण्ड डी० वेस्ट से सम्बन्धित सूचना स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी के मो० नं० 8382035276 पर देकर सीएण्डडी वेस्ट से सम्बन्धित सेवायें नियमानुसार पालिका से प्राप्त कर सकता है। सार्वजनिक मार्ग/नाली पर मलवा डालने पर उपरोक्तानुसार जुमार्ना वसूल किया जायेगा।

कौमुदी पाण्डेय

अध्यक्ष	अधिशासी अधिकारी	समस्त सदस्यगण
न.पा.प. गंगाघाट	न.पा.प. गंगाघाट	न.पा.प. गंगाघाट
उन्नाव	उन्नाव	उन्नाव

पत्रांक : मेमो/न.पा.प. गंगाघाट/स्वतंत्रता दिवस-2026-27 दिनांक : 14 अगस्त, 2026

रिकॉर्ड बारिश, कई इलाकों में घरों व सड़कों पर भरा पानी

- जानकीपुरम में घरों के अंदर घुसा पानी, लोग पहली मंजिल पर पहुंचे
- महानगर, संजयगांधीपुरम में नाले का गंदा पानी घरों में घुसा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में रविवार तड़के करीब 3 बजे से सुबह 8 बजे तक हुई मूसलाधार बारिश ने शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। सीजन की रिकॉर्ड बारिश के बाद जानकीपुरम, भूतनाथ, संजयगांधीपुरम, टेढ़ी पुलिया, सचिवालय रोड और इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा समेत कई इलाकों में भारी जलभराव हो गया।

सबसे ज्यादा असर जानकीपुरम में दिखाई दिया। यहां कई घरों में चार फीट तक पानी भर गया। घरों के मुख्य दरवाजे और ग्राउंड फ्लोर पानी में डूब गए। बेडरूम और किचन तक में पानी पहुंचने के बाद लोग सामान बचाने के लिए पहली मंजिल पर जाने को मजबूर हुए। कॉलोनियों में आवाजाही भी प्रभावित रही। सड़कों पर पानी भरने से कई जगह बाइक के साइलेंसर में पानी घुस गया और वाहन बंद हो गए। लोग बाइक को धक्का देकर ले जाते दिखाई दिए। कई इलाकों में घरों के बाहर खड़ी कारों के पहिए भी पानी में डूब गए। जलभराव के बीच कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही, जिससे लोगों को पेयजल की परेशानी का सामना करना पड़ा। महानगर सचिवालय कॉलोनी में जल निकासी की स्थिति भी गंभीर रही।

माउंट कार्मल स्कूल के पास नाले का पानी उफनाने से यू-टाइप के करीब 10-12 मकानों में गंदा पानी घुस गया। घरों में रखे बेड, सोफा, फ्रिज और अन्य घरेलू सामान पानी में डूब गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक क्षेत्र में करीब आठ महीने से नाले का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन काम पूरा नहीं होने और जल निकासी की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण हर बारिश में जलभराव की स्थिति बन जाती है। घरों में गंदा पानी भरने से दुर्गंध के साथ संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। प्रभावित लोगों ने प्रशासन से तत्काल राहत और स्थायी जल निकासी व्यवस्था की मांग की है। हालात बिगड़ने के बाद नगर निगम की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचीं।

भूतनाथ मार्केट समेत कई स्थानों का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। अपर नगर आयुक्त अभिनव रंजन श्रीवास्तव और जोनल अधिकारी विकास सिंह ने मौके पर पहुंचकर जल निकासी और राहत कार्यों का जायजा लिया। अधिकारियों के अनुसार निचले इलाकों में पंपिंग स्टेशनों को पूरी क्षमता से चलाया जा रहा है।

लखनऊ में अब तक 341.1 मिमी बारिश : मौसम विभाग ने लखनऊ में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। दिनभर बादल छाए रहने और बारिश का सिलसिला जारी रहने का अनुमान है। इस मानसून सीजन में अब तक लखनऊ में 341.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि सामान्य बारिश का आंकड़ा 433.5 मिमी है। 15 अगस्त को 40.9 मिमी और इससे पहले 4 अगस्त को 40.2 मिमी बारिश हुई थी।

मुख्यमंत्री ने लिया बारिश और जलभराव का संज्ञान : प्रदेश में बारिश और जलभराव से हुए नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल संज्ञान लिया है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को कार्यालयों से निकलकर प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जनहानि, पशुहानि और आर्थिक नुकसान का तत्काल सर्वे कराने तथा प्रभावित परिवारों को 24 घंटे के भीतर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की अपील करते हुए बिजली चमकने के दौरान खुले में न निकलने तथा नदियों और जलाशयों से दूर रहने की सलाह दी है।

देश को कमजोर करने वाली ताकतों से रहें सतर्क : सीएम

- आजादी का मतलब केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं, अराजकता, गरीबी, अशिक्षा और असमानता से मुक्ति भी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को अपने सरकारी आवास 5, कालिदास मार्ग पर ध्वजारोहण किया। उन्होंने राष्ट्रनायकों और देश के लिए बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी का अर्थ केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं है, बल्कि अराजकता, पिछड़ेपन, गरीबी, अशिक्षा और असमानता से भी पूर्ण मुक्ति है।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल समारोह तक सीमित रहने का अवसर नहीं, बल्कि नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और संपूर्ण आजादी के लक्ष्यों को हासिल करने का संकल्प लेने का दिन है।

उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता को लंबे समय तक सुरक्षित और मजबूत बनाए रखने के लिए किसी एक व्यक्ति, जाति या संप्रदाय को नहीं, बल्कि देश के सभी नागरिकों को अपने-अपने क्षेत्र में समान रूप से योगदान देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे संघर्ष, त्याग और बलिदान के परिणामस्वरूप 1947 में भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई। आज देशवासी जिस स्वतंत्र वातावरण में सांस ले रहे हैं, वह भारत माता के महान सपूतों और बलिदानियों की तपस्या का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि भारत अंतरविरोधों और षड्यंत्रों के कारण गुलाम हुआ, लेकिन देशवासियों ने मन और मस्तिष्क से गुलामी को कभी स्वीकार नहीं किया। अलग-अलग क्षेत्रों में समय-समय पर विदेशी दासता के खिलाफ संघर्ष होते रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस के जांबाज इंस्पेक्टर सुनील कुमार के बलिदान को भी याद किया।

उन्होंने कहा कि इंस्पेक्टर सुनील कुमार को कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध तथा अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने के संकल्प को आगे बढ़ाने में इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्रपति के वीरता पुरस्कार से सम्मानित उत्तर प्रदेश के अन्य अधिकारियों एवं जवानों को भी बधाई दी।

प्रेरणा देता है वीरांगनाओं का तप-त्याग : सीएम

- वीरांगनाओं के नाम पर किए गए कार्यों के पीछे का ध्येय है महिलाओं की सुरक्षा

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सीएम ने उन्हें भारत की आजादी के प्रथम स्वातंत्र्य समर 1857 की महान क्रांतिकारियों में से एक बताया। कहा कि वीरांगनाओं का योगदान, तप, त्याग और बलिदान हम सभी को प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उनकी 196वीं जयंती है। वर्ष 1857 में वे मात्र 27 वर्ष की थीं। इस छोटी आयु में उन्होंने आजादी के संघर्ष में बलिदान कर मिसाल प्रस्तुत की। आजादी के लिए उनका बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणा है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी भारत की आजादी की उन महान नायिकाओं में से एक हैं, जिन्होंने अपना जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने को कोई कोताही नहीं बरती। वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ देश की आजादी के लिए युद्ध का लड़ा गया, हर व्यक्ति आज भी बड़ी श्रद्धा से उनकी स्मृतियों को नमन करता है। उनके योगदान के लिए हर भारतवासी नतमस्तक है।

सीएम योगी ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का आदर्श उत्तर प्रदेश के लिए प्रेरणा बन सके, इसके लिए हमारी सरकार ने यूपीपीएसी की तीन नई महिला बटालियन के गठन के कार्य को बढ़ाया और इनका नामकरण/गठन इन्हीं वीरांगनाओं के नाम पर किया। बदायूं में रानी अवंती बाई लोधी के नाम पर पीएसी की नई वाहिनी का गठन किया। यह कार्य लगभग पूरा हो चुका है। वहां वीरांगना रानी अवंती बाई की अश्वारोही प्रतिमा की स्थापना की कार्रवाई अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है।

लखनऊ में वीरांगना ऊदा देवी पासी के नाम पर महिला पीएसी की गठित बटालियन का कार्य भी युद्धस्तर पर आगे बढ़ा है। गोरखपुर में वीरांगना झलकारी बाई कोरी के नाम पर पीएसी की नई बटालियन का कार्य तेजी से बढ़ रहा है। इन दोनों बटालियन में भी वीरांगनाओं की अश्वारोही प्रतिमाओं का कार्य आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी उत्तर प्रदेश में मातृशक्ति की सुरक्षा के प्रश्न उभरते थे, इन वीरांगनाओं के नाम पर किए गए कार्य के पीछे का ध्येय यही है कि उन प्रश्नों पर छाए बादल समाप्त हों। बेटी सुरक्षित हो और सम्मान के साथ सिर उठाकर समाज के प्रत्येक क्षेत्र में कार्य कर सके। उसके स्वावलंबन के लिए शासन की योजनाएं प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकें। इसी विश्वास के साथ डबल इंजन सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में कार्यक्रमों को बढ़ाया है।

पारा में नगर निगम टीम पर पथराव, तीन सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त

- कई कर्मचारियों को चोटें, 18 भैंसें पकड़कर ठाकुरगंज कांजी हाउस में निरुद्ध

लखनऊ। नगर निगम के जोन-06 अंतर्गत पारा थाना क्षेत्र में रविवार को पशु कल्याण विभाग की टीम की ओर से पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान चलाया जा रहा था। अभियान के दौरान नगर निगम की टीम पर कुछ घोसियों एवं अन्य अज्ञात व्यक्तियों की ओर से पथराव किए जाने की घटना सामने आई। पथराव में नगर निगम के तीन सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि कई कर्मचारियों को चोटें आईं।

अभियान के दौरान नगर निगम की टीम की तरफ से मौके से 18 भैंसों को पकड़कर ठाकुरगंज स्थित कांजी हाउस में निरुद्ध किया गया। इसी दौरान कुछ लोगों ने अभियान का विरोध करते हुए नगर निगम के सरकारी वाहनों एवं कर्मचारियों पर पथराव शुरू कर दिया। पथराव के कारण नगर निगम के सरकारी वाहन संख्या यूपी 32 डब्ल्यूएन 6007, यूपी 32 टीएन 7337 एवं यूपी 32 एनएन 2215 के आगे के शीशे टूट गए। लगातार किए गए पथराव में नगर निगम के कई कर्मचारियों के पीठ एवं पैरों पर चोटें आईं। घटना के संबंध में प्रभारी पशु कल्याण, जोन-06 अवधेश कुमार की ओर से थाना पारा में तहरीर दी गई।

तहरीर में सरकारी वाहनों एवं नगर निगम कर्मचारियों पर पथराव कर क्षति पहुंचाने तथा कर्मचारियों को चोट लगने की घटना का उल्लेख किया गया है। तहरीर के माध्यम से पथराव करने वाले घोसियों एवं अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई किए जाने तथा नगर निगम कर्मचारियों एवं सरकारी वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है। नगर निगम प्रशासन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालने, कर्मचारियों पर हमला करने तथा सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने के मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

कांग्रेस व विपक्ष आरएसएस से सीखें : राजेश्वर

- मजबूत संगठन और समाज से निरंतर जुड़ाव से बनता है स्थायी जनाधार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने संघ की जमीनी सेवा, संगठन निर्माण और सामाजिक कार्यों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस और विपक्षी दलों को केवल राजनीतिक विरोध तक सीमित न रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विपक्ष को समाज के बीच जाकर निरंतर सेवा कार्य करने और सामाजिक संस्थाओं के निर्माण से सीख लेनी चाहिए।

डॉ. सिंह ने कहा कि राजनीति केवल चुनाव के समय सक्रिय होने का माध्यम नहीं है। स्थायी जनाधार और जनविश्वास 365 दिन की सेवा, मजबूत संगठन और समाज के साथ निरंतर जुड़ाव से बनता है। उन्होंने कहा कि आरएसएस की एक सदी की यात्रा इसी निरंतरता का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आरएसएस करीब 89 हजार दैनिक शाखाओं के माध्यम से 55 हजार से अधिक स्थानों तक पहुंच चुका है। संघ का सामाजिक कार्य केवल शाखाओं तक सीमित नहीं है। विद्या भारती, राष्ट्रीय सेवा भारती, वनवासी कल्याण आश्रम और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजातीय क्षेत्रों और युवाओं के बीच काम किया जा रहा है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि नकारात्मक राजनीति कोई रणनीति नहीं है। किसी विचारधारा का विरोध लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन केवल विरोध के आधार पर राजनीति लंबे समय तक मजबूत नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि समाज के बीच जाकर काम करना, संस्थाएं बनाना और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही स्थायी जनविश्वास की नींव है। केरल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां आरएसएस का राजनीतिक प्रभाव सीमित होने के बावजूद बड़ी संख्या में शाखाएं हैं। उन्होंने कहा कि यह मजबूत सामाजिक और संगठनात्मक संरचना का उदाहरण है।

डॉ. सिंह ने कांग्रेस की स्वयंसेवी परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि 1923 में काकीनाडा में हिंदुस्तानी सेवा दल की पहल हुई थी और 1931 में महात्मा गांधी ने इसे मान्यता दी थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपनी सेवा-दल परंपरा को पुनर्जीवित करना चाहिए और इसे केवल चुनावी गतिविधियों तक सीमित नहीं रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष को आलोचना से आगे बढ़कर शिक्षा, स्वास्थ्य, युवाओं और जरूरतमंदों के लिए सामाजिक संस्थाएं खड़ी करनी चाहिए। उन्होंने समाजवादी पार्टी से भी सवाल किया कि सरकार से बाहर रहते हुए उसके पास ऐसी कितनी सामाजिक संस्थाएं हैं, जो उन लोगों की भी सेवा करती हों जो शायद कभी उसे वोट न दें। डॉ. सिंह ने कहा कि विपक्ष को आरएसएस की निरंतरता से सीखना चाहिए सेवा निरंतर हो, संगठन मजबूत हो और राजनीति समाज निर्माण का माध्यम बने।

भव्यता और गरिमा के साथ मना 80वां स्वतंत्रता दिवस, देशभक्ति के रंग में रंगी राजधानी

- विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने एक मंच पर दिखाई सांस्कृतिक विविधता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में विधानभवन के सामने 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह भव्यता, गरिमा और देशभक्ति के उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच आसमान से हुई पुष्प वर्षा ने समारोह की भव्यता को और बढ़ा दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह करीब 9:15 बजे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से हुई। भारतखण्डे संगीत विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने वंदे मातरम् की शानदार प्रस्तुति दी। इसके बाद 32वीं वाहिनी पीएसी, 35वीं वाहिनी पीएसी और मिलिट्री बैंड ने अनुशासित एवं आकर्षक प्रस्तुतियां देकर समारोह की गरिमा बढ़ाई। मुख्यमंत्री द्वारा तिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े जाने के साथ पूरा परिसर भारत माता के जयघोष से गूंज उठा। संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना प्रमुखता से दिखाई दी। उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड, पूर्वांचल, अवध और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की लोक संस्कृतियों के साथ जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़, गुजरात और बिहार के कलाकारों ने अपनी लोक परंपराओं की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। गणपति बप्पा मोरया और छठी मैया के लोकगीतों से लेकर विभिन्न राज्यों के लोकनृत्यों तक कलाकारों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को एक मंच पर प्रस्तुत किया। करीब 16 कलाकारों की टीम ने इस प्रस्तुति को तैयार किया। भारतखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की कथक एवं लोकनृत्य टीम ने भी शानदार प्रस्तुति दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की रक्षा और सम्मान के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों और शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने शहीद परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि इन परिवारों के वीर सपूतों ने अपने प्राणों की परवाह किए बिना देश का मस्तक ऊंचा किया। समारोह में मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित शहीद लेफ्टिनेंट हरी सिंह बिष्ट की माता शांति बिष्ट, शौर्य चक्र से सम्मानित लेफ्टिनेंट कर्नल अमित मोहिंद्रा के पिता एचएस मोहिंद्रा, शौर्य चक्र से सम्मानित कर्नल भरत सिंह तथा वीर चक्र से सम्मानित शहीद नायक राजा सिंह की पौत्रवधू राजेश्वरी देवी सहित कई वीरों के परिजनों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा ऑपरेशन विजय में शहीद मेजर रितेश शर्मा के पिता सत्य प्रकाश शर्मा, ऑपरेशन रक्षक में शहीद नायक अरुण कुमार त्रिपाठी के पिता हवलदार ओमप्रकाश त्रिपाठी, नौसैन्य अभियान में शहीद लेफ्टिनेंट कमांडर रजनीकांत यादव की माता प्रजेश यादव और विभिन्न सैन्य अभियानों में शहीद जवानों के परिजनों को भी सम्मान प्रदान किया गया। सीआरपीएफ के शहीद रक्षा राम, शहीद दिवाकर तिवारी और लांस नायक शहीद बचान सिंह के परिजनों को भी मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले उत्तर प्रदेश समेत आठ राज्यों के कलाकारों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर संवाद किया और उन्हें सम्मानित किया।

मुख्य सचिव ने आवास पर फहराया तिरंगा : राजधानी लखनऊ में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। मुख्य सचिव से लेकर नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण और सुएज इंडिया के अधिकारियों-कर्मचारियों ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को नमन किया। मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने अपने शासकीय आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी।

नगर निगम मुख्यालय में महापौर सुषमा खर्कवाल ने राष्ट्रध्वज फहराया। इसके बाद त्रिलोकनाथ सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर काकोरी कांड तक लखनऊ के योगदान को याद किया। महापौर ने वीरांगना ऊदा देवी, बेगम हजरत महल, राम प्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्ला खां समेत सभी ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया।

लखनऊ विकास प्राधिकरण में सचिव विवेक श्रीवास्तव ने प्राधिकरण भवन में ध्वजारोहण किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आजादी दिलाने वाले महान विभूतियों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित किया गया। भरवारा स्थित 345 एमएलडी एसटीपी परिसर में सुएज इंडिया की ओर से स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। इसमें 600 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। परियोजना निदेशक राजेश मठपाल ने ध्वजारोहण के बाद कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता हमें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने की प्रेरणा देती है।

लखनऊ सीजी सिटी में अर्बन वेट लैंड के पास निर्मित नौसेना शौर्य वाटिका 15 अगस्त 2026 से आम जनता के लिए खोल दिया गया। इस मौके पर 3 यूपी नेवल यूनिट एनसीसी के

कमांडिंग ऑफिसर, कमांडर रोहित सूद ने कैडेट्स की उपस्थित में ध्वजारोहण करके राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। कार्यक्रम में लखनऊ विकास प्राधिकरण के विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि 15 अगस्त से संग्रहालय आम लोगों के लिए खोला दिया गया है। उपाध्यक्ष ने कहा कि नौसेना शौर्य वाटिका शहरवासियों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ देश की नौसेना के गौरवशाली इतिहास, शौर्य और पराक्रम को जानने-समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। विशेष रूप से बच्चों एवं युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और भारतीय नौसेना के प्रति गौरव की भावना विकसित करने में यह परिसर उपयोगी साबित होगा।

महात्मा बुद्ध मेमोरियल इंटर कॉलेज की तीनों शाखाओं में छात्र-छात्राओं ने प्रभातफेरी निकालकर आपसी भाईचारा, प्लास्टिक उन्मूलन और युवाओं को मोबाइल से दूरी बनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया। विद्यालय प्रशासन की ओर से डॉक्टर, पुलिसकर्मी और समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। सह-संस्थापिका एवं प्रबंधक रीता सिन्हा, अध्यक्ष डॉ. शशांक शेखर सिन्हा और डॉ. सौमित्र स्वरूप सिन्हा ने ध्वजारोहण कराया और उन्हें देश के गौरव को ध्यान में रखते हुए भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित किया।

इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में देशभक्ति का उत्साह : इंटीग्रल

यूनिवर्सिटी में भी 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। चांसलर एवं संस्थापक प्रो. सैयद वासिम अख्तर ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने देश की एकता, अखंडता, संविधान के मूल्यों और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का आह्वान किया।

ला मार्टिनियर कॉलेज के ऐतिहासिक कॉन्स्टैनशिया के ईस्ट टेरेस पर स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित हुआ। नौसेना मुख्यालय, नई दिल्ली के लॉजिस्टिक्स कंट्रोलर वाइस एडमिरल रजत कपूर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित कॉलेज के पूर्व छात्रों की स्मृति मेंस्मारक पट्टिकाओं का अनावरण भी किया गया।

सिंधी पंचायत मवैया की ओर से सिंधी स्कूल मवैया में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुखी धर्मपाल राजपाल, मुरलीधर आहूजा, अमरनाथ चौधरी, गौतम राजपाल, दीपक लालवानी और जीतू हिरवानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मुख्यालय

में प्रबंध निदेशक संदीप भागिया ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने देश की एकता, अखंडता एवं विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। एमडी ने निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों से पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ काम करने का आह्वान किया।

कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी विशाख जी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की प्रगति के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने अधिकारियों से पीड़ितों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कर उन्हें न्याय दिलाने की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

बादशाहनगर स्थित मनोरंजन संस्थान में मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और सीमा पर तैनात जवानों के पराक्रम को नमन किया। उन्होंने रेलकर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए उपलब्ध निःशुल्क नृत्य, योग, शूटिंग और ट्यूशन जैसी सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि ब्रॉडगेज लाइन पर मंडल का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। इस वर्ष दो नई सवारी गाड़ियां और एक जोड़ी मेल एक्सप्रेस शुरू की गई हैं। कई स्टेशनों पर कोच गाइडेंस, डिस्प्ले बोर्ड और स्वचालित उद्घोषणा प्रणाली भी स्थापित की गई है।

चारबाग स्थित रेलवे स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह आयोजित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा मुख्य अतिथि तथा महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा निरुपमा वर्मा विशिष्ट अतिथि रहीं। कार्यक्रम में रेलवे की राष्ट्रीय एकता और आर्थिक विकास में भूमिका को रेखांकित किया गया। समारोह की शुरूआत वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुई। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और राष्ट्रगान हुआ।

संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान

(पीजीआई) में निदेशक पद्मश्री प्रो. राधा कृष्ण धीमन ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश की आजादी के लिए किए गए बलिदानों को याद करने और देश की प्रगति पर चिंतन करने का अवसर है। कॉलेज ऑफ नर्सिंग और कॉलेज ऑफ मेडिकल टेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थान के कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।

डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने ध्वजारोहण किया और संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर 18 नियमित कर्मचारियों को उत्कृष्ट

सेवा के लिए डायरेक्टर अवॉर्ड ऑफ मेरिट प्रदान किया गया। भर्ती मरीजों को फल भी वितरित किए गए। केजीएमयू में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। बड़ी संख्या में चिकित्सक, कर्मचारी और अन्य स्टाफ ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए और राष्ट्र की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

बलरामपुर अस्पताल में निदेशक डॉ. बीकेएस चौहान ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान से मिली आजादी हमें देश की एकता, अखंडता और सम्मान को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देती है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के निदेशक डॉ. जीपी गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े होने के कारण अस्पताल कर्मियों की जिम्मेदारी और भी बड़ी है। अस्पताल आने वाला प्रत्येक मरीज उम्मीद लेकर आता है, इसलिए उसकी बेहतर देखभाल करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

निरालानगर स्थित रामकृष्ण मठ में सुबह आठ बजे मठ

के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द जी महाराज ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर रामकृष्ण संघ के संन्यासी और बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। इसके बाद रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के प्रकल्प विवेकानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सुबह 8:30 बजे ध्वजारोहण हुआ। स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने तिरंगा फहराया। कार्यक्रम में कॉलेज की प्रधानाचार्या, संकाय सदस्य तथा एमएससी, बीएससी और जीएनएम की छात्राएं उपस्थित रहीं। समारोह में राष्ट्रसेवा के साथ मरीजों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश दिया गया।

अवध कॉलेजिएट की सभी शाखाओं में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी शाखाओं में



ध्वजारोहण विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक सर्वजीत सिंह, प्रबंध निदेशिका जतिन्दर वालिया और निदेशिका डॉ ब्रह्मजोत कौर ने किया। स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ पर प्रबन्धक सर्वजीत सिंह, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को स्वतंत्रता प्राप्ति के उन अमर शहीद बलिदानियों को याद कराया जिनके अद्वितीय शहादत से हमें आजाद भारत में स्वच्छन्दता से जीने का अवसर प्राप्त हुआ।

लखनऊ विश्वविद्यालय में 80वां स्वतंत्रता दिवस अत्यंत गरिमामयी, भव्य और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय परिसर में प्रभात वेला से ही देशभक्ति के गीतों और 'भारत माता की जय' के गगनभेदी नारों के बीच स्वाधीनता का महापर्व उल्लासपूर्वक आयोजित हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कैम्प कार्यालय में विधिवत ध्वजारोहण किया।

बीबीएयू में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण हुआ और सामाजिक परिवर्तनकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स एवं सुरक्षा टुकड़ियों द्वारा तिरंगे झंडे को सलामी दी गई तथा कुलपति एवं अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। ध्वजारोहण के बाद सभी के द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान गाया गया। सर्वप्रथम कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया।

संक्षेप

लाठी-डंडों से पीट पीट कर तोड़े दो भाइयों के हाथ पैर

श्रावस्ती। थाना नवीन मार्डन क्षेत्र के रमवापुर परसिया गांव निवासी दो भाइयों के साथ परसिया चौराहे पर लाठी-डंडों से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में दोनों भाइयों को गंभीर चोटें आई हैं। एक के दोनों पैर टूटने तथा दूसरे के हाथ में फ्रैक्चर और सिर में चोट लगने की बात सामने आई है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, 15 अगस्त 2026 की शाम करीब सात बजे बुद्धिसागर पुत्र मुलुकराज और रामसागर पुत्र सीताराम सब्जी लेने परसिया चौराहे गए थे। आरोप है कि इसी दौरान राजेश गिरि, अरविन्द गिरि, मोहित गिरि, सालिक राम और देवी प्रसाद निवासी रमवापुर ने एकराय होकर दोनों भाइयों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी।

मारपीट में बुद्धिसागर के दोनों पैरों में गंभीर चोट लगने से फ्रैक्चर होने तथा रामसागर का हाथ टूटने और सिर में चोट आने की बात तहरीर में कही गई है। घटना की सूचना मिलने पर पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस अभिलेख के अनुसार मामले में मुकदमा दर्ज कर उपनिरीक्षक मनोज निषाद को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच एवं आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

हदबरारी का सीमांकन किया

सफीपुर, उन्नाव। यूपी राजस्व परिषद के निदेशों के अनुसार सफीपुर तहसील में पहली बार जी एन एस एस रोवर के माध्यम से हद बरारी का सीमांकन किया गया। आपको बताते चले कि तहसील सफीपुर क्षेत्र के ग्राम मुरादपुर में वाद अन्तर्गत धारा 24 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006(हद बरारी) वादी राजेन्द्र पुत्र अमृतलाल का उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के निदेशों के अनुसार नवागत तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला के नेतृत्व में राजस्व कर्मियों ने पहली बार जी एन एस एस रोवर का प्रयोग करते हुए हद बरारी सीमांकन किया गया। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक मिजार्पुर कृष्ण पाल सिंह, हल्का लेखपाल आलोक बाजपेई, अन्य सहयोगी लेखपाल सहित वादी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

जनपद न्यायाधीश की अगुवाई में 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

उन्नाव। देश की आजादी कीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर न्यायालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह बहुत जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह की शुरूआत जिला जज अनिल वर्मा-1, न्यायधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज के ध्वजारोहण व राष्ट्रीय गान से किया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में समस्त न्यायिक अधिकारीगणों, समस्त कर्मचारीगणों को भारत के 80वां स्वतन्त्रता दिवस पर बधाई दी और कहा कि हमें आजादी महान देश भक एवं गणमान्य राष्ट्रीय नेताओं के त्याग व बलिदान से प्राप्त की हई है। स्वतंत्रता का यह पर्व हम सभी को नई शक्ति, नव उल्लास और नई प्रेरणा दे और हमारे आत्मविश्वास को मजबूत करे। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस 2026 की आधिकारिक थीम ह्लवंदे मातरम्के 150 वर्षश और विकसित भारत 2047 के लिए युवा शक्तिह्व है। यह थीम 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के सरकार के दृष्टिकोण का प्रतीक है। यह थीम बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में ध्यान केंद्रित करती है। इस अवसर पर समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, बार एसोसिएशन के वर्तमान अध्यक्ष गिरीश कुमार मिश्र, महामंत्री अनुज कुमार बाजपेयी, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सतीश शुक्ला एवं समस्त अधिवक्तागण, लीगल ऐड डिफेन्स काउन्सिल, कर्मचारीगण, पराविधिक स्वयंसेवक, पुलिसकर्मी उपस्थित रहें।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा आधार नंबर 372282119456 है जिसमें सतीश चंद्र साहू अंकित है, पैन नंबर BRNPS3680p है जिसमे सतीश चंद्र गुप्ता अंकित है। मेरा सही नाम सतीश चंद्र गुप्ता होना चाहिए। **सतीश चंद्र गुप्ता निवासी पैगंबरपुर तहसील रोड सलोंन जनपद रायबरेली।**

हर्षोल्लास से मना आजादी का जश्न

चरगांवा, गोरखपुर। आजादी के 79 साल पूरे होने पर सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं में धूम-धाम से कार्यक्रम का आयोजन कर हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया। और आजादी के जश्न के रंगों से सराबोर रहा। चारगांवा ब्लॉक मुख्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्रीमती वंदना सिंह द्वारा ध्वजारोहण विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना व खंड विकास अधिकारी अवनि कुमार की उपस्थिति में किया गया।

फातिमा अस्पताल परिसर में फादर जीजो एंटोनी (पूर्व निदेशक फातिमा अस्पताल) द्वारा ध्वजारोहण फातिमा अस्पताल के निदेशक फादर डॉ० संतोष सेबास्टियन की उपस्थिति में किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चरगांवा परिसर में ध्वजारोहण प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ० वी० के० चौधरी द्वारा किया गया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चरगांवा परिसर में ध्वजारोहण प्रधानाचार्य संतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। शिवपुर शाहबाजगंज पादरी बाजार स्थित सुभाषा गर्ल्स इण्टर कॉलेज में ध्वजारोहण मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रेलवे लक्ष्मी निवास मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार गजेंद्र त्रिपाठी सहित विद्यालय के प्रबंध निदेशक अशोक कुमार मिश्रा, व प्रधानाचार्य श्रीमती कंचन मिश्रा व शिक्षक गण उपस्थित रहें। पादरी बाजार स्थित विद्युत उपकेंद्र परिसर में अवर अभियंता इं० नवनीत पटेल द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

ग्रामीण अंचल में चरगांवा विकास खण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत जंगल धूसड़ स्थित ग्राम पंचायत सचिवालय में ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद निषाद द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव वकील कुमार सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य गण जयराम व शम्भू निषाद सहित, रविन्द्र भगत, मोदी, केशव व झिनक सहित ग्रामवासी मौजूद रहें। जंगल अहमद अली शाह तुर्रा बाजार स्थित ग्राम पंचायत सचिवालय में ध्वजारोहण ग्राम प्रधान माधो प्रसाद द्वारा, जंगल औराही स्थित ग्राम पंचायत सचिवालय में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम बचन सिंह व ग्राम पंचायत बेलवारायपुर स्थित पंचायत भवन में ध्वजारोहण ग्राम पंचायत प्रतिनिधि राम भवन शर्मा द्वारा किया गया। नगर निगम के वार्ड नंबर 31 हरसेवकपुर पार्षद प्रतिनिधि संत गुलाब यादव द्वारा वार्ड में स्थित विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थान सहित विभिन्न स्वंय सेवी समितियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व अम्बेडकर प्रतिमा सहित संत लाइब्रेरी में ध्वजारोहण किया गया। इसी क्रम में वार्ड नंबर 21 मोहनपुर में पार्षद राम गति निषाद द्वारा ध्वजारोहण वार्ड में स्थित विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों सहित विभिन्न स्वंय सहायता समूह की समितियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किया गया।

धूमधाम से मनायी गयी वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती

पुरवा (वीओएल)। वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी की जयंती के अवसर पर रविवार को पुरवा में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उत्तमचंद लोधी उर्फ राकेश लोधी द्वारा किया गया। समारोह में उन्नाव से दो बार सांसद रह चुकीं पूर्व सांसद रीना चैधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी के जीवन, संघर्ष, साहस, त्याग और देशभक्ति को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में महारानी अवंतीबाई लोधी ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका जीवन आज भी समाज और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। वक्ताओं ने लोगों से उनके आदर्शों को अपनाने तथा समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एटा सदर विधायक विपिन कुमार डेविड सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। समारोह के आयोजक उत्तमचंद लोधी उर्फ राकेश लोधी ने मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रीना चैधरी एवं एटा सदर विधायक विपिन कुमार डेविड का विशेष रूप से सम्मान किया। उन्होंने दोनों अतिथियों को तलवार एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने वाले अतिथियों ने आयोजक का आभार व्यक्त किया। समारोह में पत्रकारों का भी सम्मान किया गया। आयोजक उत्तमचंद लोधी ने कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों को सम्मानित करते हुए कहा कि पत्रकार समाज की समस्याओं और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से सामने लाने का कार्य करते हैं। पत्रकारों के सम्मान को उन्होंने लोकतंत्र और समाज के प्रति उनके योगदान का सम्मान बताया। कार्यक्रम में योगेंद्र नाथ द्विवेदी पुरवा, सतीश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। समारोह में वीरांगना अवंतीबाई लोधी के आदर्शों और उनके राष्ट्रप्रेम को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। अंत में कार्यक्रम के आयोजक उत्तमचंद लोधी उर्फ राकेश लोधी ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, पत्रकारों एवं समारोह में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वीरांगना अवंतीबाई लोधी का त्याग और बलिदान हमेशा समाज को प्रेरणा देता रहेगा।

वंदेमातरम् उद्घोष के साथ सभी जगह स्वतंत्रता दिवस मनाया

सफीपुर, उन्नाव (वीओएल)। आजादी का 80वां स्वतंत्रता दिवस पर सरकारी, अर्ध सरकारी एवं निजी संस्थाओं पर झंडा रोहण कर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के विद्यालयों में प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों ने तथा कार्यालयों में कार्यालयाध्यक्षों ने झंडारोहण किया और राष्ट्रगान के साथ भारत माता की जय तथा वन्देमातरम के उदघोष से वातावरण गूंज उठा। सीओ कार्यालय में आईपीएस दीपक यादव ने, फतेहपुर चैरासी थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने, कोतवाली सफीपुर परिसर में संदीप मिश्रा, चेयरमैन प्रतिनिधि सफीपुर सौरभ बाजपेई प्राजा बेटा नगर पंचायत कार्यालय में, ऊगू नगर पंचायत अनीता व प्रतिनिधि अनुज दीक्षित ने सीएचसी में अधीक्षक डॉ0 आर0 के0 वर्मा ने, बीडीओ ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी छोटेलाल ने, सुनील चैरसिया ने अपने निजी संस्थान में एवं ग्राम पंचायत अटवा मोहाल ओसिया के पंचायत भवन में प्रधान प्रतिनिधि विनीत तिवारी, रैयामऊ में ग्राम प्रधान रवींद्र कुमार एवं ग्राम विकास अधिकारी शिव बरन सिंह, मवई लाल में अशोक विश्वकर्मा ने, मवई भान में गणेश शंकर सिंह ने, ग्राम पंचायत मुंडा में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति रावत, अनुज प्रकाश, दिव्या प्रकाश, ग्राम प्रधान राजेश्वरी अजीत कुमार ने विद्यालय परिसर में जहां श्रीमती ज्योति रावत ने बच्चों को पेन, पेंसिल आदि देकर उत्साह वर्धन किया। ग्राम पंचायत ओसिया के वेलनेश सेंटर में धर्मेंद्र सिंह एवं सीएचओ प्रतीक्षा कुशवाहा समेत आशा बहुएं मौजूद रही। इसी प्रकार क्षेत्र के समस्त गांवों एवं घर घर तिरंगा फहराया गया। इस मौके पर बाइक रैली आदि निकालकर स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया।

स्कूल व सरकारी संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस की धूम

फतेहपुर चैरासी। क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालयों, सरकारी कार्यालयों ग्राम सभाओं, एवं नगर पंचायत में ध्वजारोहण संस्था प्रमुखों द्वारा किया गया। स्कूलों में राष्ट्र प्रेम से संबंधित कविता, नाटक, भाषण आदि का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। नगर पंचायत फतेहपुर चैरासी में अध्यक्ष मिथिलेश जायसवाल, ऊगू में अध्यक्षा अनीता देवी, प्राइमरी स्कूल तालिब पुर रहली में प्रधान शिक्षक धर्मेन्द्र मिश्रा, ब्लॉक में प्रशासक मनोजकुमार निषाद, बी डी ओ ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, जवाहर नवोदय विद्यालय में प्राचार्य, अयोध्या प्रसाद मिश्र विद्यालय में प्रबन्धक अखिलेश मिश्र, कैलाश पटेल पब्लिक इंटर कालेज स्कूल में प्रबंधक राजेन्द्र सिंह; शिवराज सिंह पटेल पब्लिक इंटर कालेज स्कूल में अनुरा सिंह; ज्वाला देवी इंटर कालेज में अंजू सिंह; आर बी एस स्कूल में महेन्द्र सिंह, आशुतोष मिश्रा आदि ने उपस्थित रहकर स्वतंत्रता दिवस मनाया।

प्रभारी मंत्री ने किया ध्वजारोहण

गोरखपुर। जनपद में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन ने राष्ट्रगान के साथ देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्रभारी मंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों एवं देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें अपने महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है। आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखना और देश के विकास में अपनी भूमिका निभाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि विगत 12 वर्षों में देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने विकास के हर पायदान पर तरक्की हासिल की है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के क्षेत्र नई नित नई ऊंचाइयों को भारत ने हासिल किया है। आज गरीबों को सम्मान तथा सभी वंचितों, महिलाओं तथा शोषितों को न्याय की प्राप्ति हो रही है। समारोह में स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और उपस्थित लोगों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने नागरिकों से मूलाधिकार के साथ संविधान में वर्णित मूल कर्तव्यों पर भी ध्यान देने का आह्वान किया। समारोह के दौरान विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

आरपीडी एकेडमी के बच्चों ने निकाली 102 मीटर लंबी तिरंगा यात्रा, बना आकर्षण का केंद्र

मझगांवा, गोरखपुर। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को लेकर देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। गगहा क्षेत्र के टिकरी स्थित आरपीडी एकेडमी स्कूल के छात्रों ने गुरुवार को 102 मीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली, जो क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बनी रही। तिरंगा यात्रा को स्कूल प्रबंधक विनय कुमार शुक्ल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में करीब 500 बच्चे शामिल हुए। तिरंगा यात्रा आरपीडी एकेडमी टिकरी से शुरू होकर करवल-मझगवां चौराहे से होते हुए टिकरी गांव का भ्रमण कर पुनः विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। यात्रा के दौरान बच्चों के ₹भारत माता की जय₹ और ₹वंदे मातरम₹ के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। देशभक्ति गीतों पर बच्चे तिरंगा हाथों में लेकर उत्साह के साथ चल रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए उपनिरीक्षक आनंद कुमार और कांस्टेबल रामप्रवेश यादव मौके पर मौजूद रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि शंभु शरण शुक्ल, संजय मणि त्रिपाठी, आशुतोष शुक्ल, सुनील कुमार, विवेक विश्वकर्मा, नागेंद्र पांडेय, प्रवीण कुमार, अखिलेश शुक्ल, धनंजय यादव, मनमोहन सिंह, रवि विश्वकर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

80वें स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति के रंग में रंगा इंडिया ग्लाईकॉल्स परिसर

गीडा, गोरखपुर। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड, गोरखपुर इकाई में उत्साह, उमंग एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्लांट हेड शैलेन्द्र पाण्डेय रहे। सह-मुख्य अतिथियों के रूप में एचआर एवं एडमिन हेड दशरथ मिश्रा, प्रोजेक्ट हेड आशीष गुप्ता, यूटिलिटी हेड अनिरुद्ध सिंह तथा इंजीनियरिंग हेड शैलेश चन्द उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत से हुआ, जिसके उपरांत राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने साका भव्य आयोजन, मूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अधिकारियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या एवं बलिदान को नमन करते हुए कर्मचारियों को राष्ट्र निर्माण एवं संगठन के विकास में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अखिलेश कुमार शुक्ला, सहायक प्रबंधक (प्रशासन) द्वारा किया गया। समारोह के अंतर्गत कर्मचारियों के लिए देशभक्ति विषयक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं सह-मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक एवं भावपूर्ण बनाते हुए कई प्रतिभागियों ने देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। इन प्रेरणादायी प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी कर्मचारियों में राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति की भावना का संचार किया तथा पूरे परिसर को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। समारोह के समापन पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने देश की प्रगति, समृद्धि एवं अखंडता के लिए अपने योगदान को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। स्वतंत्रता दिवस का यह आयोजन उत्साह, ऊर्जा और राष्ट्रीय गौरव की भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर रजनीकान्त पाण्डेय, मणिकान्त त्रिपाठी, जीतेन्द्र कोंटे, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, दुर्गेश मणि त्रिपाठी, आनन्द सिंह, एस. एन. पाण्डेय, अमित कुमार, सुनील यादव, आचार्य अभिषेक पाण्डेय, पी. वी. कुन्हप्पन (बाबू), बाबूराम यादव, सब्बीर अहमद, कृष्णानंद मिश्रा, सुश्री सुगन्धा अधिकारी, सुश्री आस्था त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

रंजिश में युवक की गोली मारकर हत्या

जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरीपुरा में शनिवार रात पुरानी रंजिश को लेकर 30 वर्षीय युवक राहुल यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात राष्ट्रीय राजमार्ग से गांव जाने वाले मार्ग पर स्थित पुलिया के पास रात करीब साढ़े आठ बजे हुई। तमंचे से चलाई गई गोली राहुल की छाती में लगी। गंभीर हालत में परिजन उसे जिला अस्पताल इटावा ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने चार नामजद समेत छह लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने एक नामजद आरोपी रामाधार सिंह उर्फ अचंभे को गिरफ्तार कर लिया है। ग्राम पीपरीपुरा निवासी राहुल पुत्र कल्याण सिंह खेती-किसानी करता था। मृतक के बाबा जयवीर सिंह के अनुसार करीब दो माह पहले हाईवे से गांव जाने वाले मार्ग पर जल जीवन मिशन के तहत निमार्णाधीन पानी की टंकी परिसर में लगे सौर ऊर्जा संयंत्र की प्लेटें चोरी हो गई थीं। इस मामले में यादराम ने राहुल और उसके दो साथियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी थी।

श्रावस्ती एयरपोर्ट पर मना 80वां स्वतंत्रता दिवस

राष्ट्रध्वज फहराकर वीर शहीदों को किया नमन

श्रावस्ती। श्रावस्ती एयरपोर्ट परिसर में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह राष्ट्रभक्ति, उल्लास और गरिमामय वातावरण के बीच हर्षोल्लास से मनाया गया। राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर पूरे एयरपोर्ट परिसर में देशप्रेम की अनुपम छटा दिखाई दी। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम का आयोजन एयरपोर्ट प्रबंधक एवं मुख्य सुरक्षा अधिकारी कीर्ति वर्धन सिंह की अध्यक्षता में किया गया, जबकि कार्यक्रम का संचालन उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा के एयरपोर्ट सुरक्षा अधिकारी / पुलिस उप-अधीक्षक अरुण कुमार राय के निर्देशन में हुआ। समारोह के दौरान विधिवत राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर मातृभूमि के प्रति अपनी निष्ठा एवं समर्पण का संकल्प लिया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान एयरपोर्ट परिसर देशभक्ति के नारों और राष्ट्रप्रेम की भावनाओं से ओत-प्रोत नजर आया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों, वीर शहीदों तथा राष्ट्र की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर श्रावस्ती एयरपोर्ट, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के प्रबंधक एवं मुख्य सुरक्षा अधिकारी, कीर्ति वर्धन सिंह ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की आजादी असंख्य वीरों के अदम्य साहस, त्याग, तपस्या और बलिदान का अमूल्य प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों का आत्मावलोकन करने का भी दिन है। प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को आत्मसात करते हुए देश की प्रगति, सुरक्षा, समृद्धि और विकास में अपनी सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रावस्ती एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के कार्य प्रगति पे हैं साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के साथ यात्रियों को सुरक्षित एवं सुगम हवाई सेवाएं उपलब्ध कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करना ही सच्चे अर्थों में राष्ट्रसेवा है।

समारोह मे उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल के प्रभारी, उपनिरीक्षक वृषभान सिंह, श्रावस्ती एयरपोर्ट, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के वरिष्ठ सहायक विद्यानन्द गौतम, बी.डी.डी.एस टीम सहित एयरपोर्ट के अन्य अधिकारी, सुरक्षा बल एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने राष्ट्रीय पर्व को उमंग, उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाते हुए राष्ट्र की उन्नति और गौरव को निरंतर ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

जिला पंचायत कार्यालय में गरिमामय ढंग से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

श्रावस्ती। 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिला पंचायत कार्यालय परिसर में पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने राष्ट्रध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जिला पंचायत सदस्यों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की प्रभुता, एकता एवं अखण्डता अक्षुण्ण बनाए रखने की शपथ दिलाई। ध्वजारोहण के उपरांत सभागार में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए दद्दन मिश्रा ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों, क्रांतिकारियों एवं शहीदों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्र की आन-बान-शान का प्रतीक नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के स्वाभिमान, संकल्प और राष्ट्रप्रेम की जीवंत अभिव्यक्ति है। तिरंगा हमारे दिल में धड़कता है और हर सांस भारत माता की जय का उद्घोष करती है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए असंख्य वीर सपूतों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर परतंत्रता की बेड़ियां काटीं। आज आवश्यकता है कि हम उनके त्याग और बलिदान को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। दद्दन मिश्रा ने कहा कि आज देश के लिए मरने से अधिक देश के लिए जीने की आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता से निर्वहन करे तथा अपने कार्य को राष्ट्रसेवा का माध्यम बनाए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्यगण, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

वृद्धाश्रम में जिलाधिकारी ने बुजुर्गों को बांटे फल

सिद्धार्थनगर। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. तनुश्रा टीआर ने अपना घर वृद्धाश्रम में पहुंचकर बुजुर्गों को फल वितरित किए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी का हाल चाल पूछा और सभी से बातचीत की इसके पूर्व जिलाधिकारी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जिलाधिकारी के साथ जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सांसद व डीएम ने मेडिकल कॉलेज में मरीजों को फल वितरित किए

सिद्धार्थनगर। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डुमरियागंज के सांसद जगदम्बिका पाल एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज पहुंचकर इमरजेंसी, जनरल तथा महिला-पुरुष वार्डों में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए और उनका कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि एस.पी. अग्रवाल, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश मोहन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार दोहरे सहित चिकित्सक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

नवजात शिशुओं के लिए उम्मीद की किरण बना वात्सल्य हॉस्पिटल

सिद्धार्थनगर। जिले में नवजात एवं बाल रोगों के उपचार के लिए वात्सल्य हॉस्पिटल लोगों के बीच भरोसे का केंद्र बनता जा रहा है। अस्पताल में नवजात शिशुओं और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे बच्चों का आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ उपचार किया जा रहा है। अस्पताल के नवजात एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अंशुमान त्रिपाठी (एमबीबीएस, एमडी पीडियाट्रिक्स), जो संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल, नई दिल्ली तथा बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में भी सेवाएं दे चुके हैं, बच्चों के इलाज में अपनी विशेषज्ञता के लिए चर्चा में हैं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, यहां अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से अनेक गंभीर रूप से बीमार नवजात एवं बच्चों का सफल उपचार किया गया है। उपचार के बाद स्वस्थ हुए बच्चों के अभिभावकों ने अस्पताल की सुविधाओं और डॉ. अंशुमान त्रिपाठी की चिकित्सा सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें बच्चों के लिए उम्मीद की किरण बताया है।

कार्यालय आदर्श नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद जनपद सीतापुर

पत्रांक-266/न.प.तम्बौर/2026-27 — दिनांकः 14/08/2026

स्वच्छ तम्बौर — सुंदर तम्बौर — हरित तम्बौर — विकसित तम्बौर

नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद जनपद सीतापुर की ओर से समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। इस राष्ट्रीय पर्व को स्वच्छ, सुंदर सुरक्षित, अनुशासित एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाने हेतु नागरिकों से निम्नलिखित सहयोग की अपील की जाती है-

1. हर घर तिरंगा राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानपूर्वक फहराएँ और उसकी गरिमा बनाए रखें।
2. कूड़ा सड़क नाली या सार्वजनिक स्थान पर न डाले ।
3. कचरा पृथक्करण गीला, सूखा, सैनिटरी एवं विशेष देखभाल कचरा अलग-अलग रखें।
4. SWM Rules, 2026 कचरे का स्रोत पर पृथक्करण, पुनर्चक्रण एवं वैज्ञानिक निस्तारण सुनिश्चित करने में सहयोग करें।
5. सिंगल यूज प्लास्टिक से बचें और कपड़े/जूट के थैले अपनाएँ।
6. संपत्ति कर समाधान योजना के अन्तर्गत 15 अगस्त से 15 दिसंबर 2026 तक संपत्ति कर जमा कर 1 अप्रैल 2026 तक देय ब्याज से मुक्ति का लाभ प्राप्त करें और अपने बकाये का समाधान कराएँ।
7. संपत्तिकर का समय से भुगतान, नगर के विकास एवं बेहतर नागरिक सुविधाओं के लिए नियमित रूप से संपत्तिकर जमा करें।
8. संपत्तिकर समस्या का समाधान कर निर्धारण, बिल, नामांतरण अथवा अन्य समस्या के समाधान हेतु नगर पंचायत में निर्धारित प्रक्रिया से आवेदन करें।
9. सड़क, फुटपाथ, नाली एवं सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण न करें।
10. नालियों की स्वच्छता, नालियों एवं सीवर में कूड़ा-प्लास्टिक न डालें।
11. सड़क, स्ट्रीट लाईट, नाली एवं अन्य सार्वजनिक सुविधाओं को क्षति न पहुँचाएँ।
12. पानी की बाबार्दी रोकें और जल संरक्षण को बढ़ावा दें।
13. पौधे लगाएँ और उनकी नियमित देखभाल करें।
14. ध्वनि प्रदूषण से बचें, ध्वनि एवं आतिशबाजी से संबंधित निर्धारित नियमों का पालन करें।
15. नाली, सड़क, जलापूर्ति, जलभराव व साफ-सफाई संबंधी शिकायत टोल फ्री नं. 1533, सीवर सेप्टिक टैंक की सफाई हेतु टोल फ्री नं. 14420 पर या पंचायत में स्थित शिकायत प्रकोष्ठ में करें।

(सुभाष चन्द्र सिंह) अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत तम्बौर, अहमदाबाद

समस्त सभासदगण नगर पंचायत तम्बौर, अहमदाबाद

(तय्यबुन निशा) अध्यक्ष, नगर पंचायत तम्बौर, अहमदाबाद

संक्षेप

रोटरी क्लब ने सीएचसी को भेंट की व्हीलचेयर और बेड

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब गोला सेंट्रल की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर क्लब पदाधिकारियों ने मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आपातकालीन वार्ड के लिए व्हीलचेयर और बेड भेंट किया। क्लब अध्यक्ष पंकज पुरवार, सचिव कामरान खान और कोषाध्यक्ष अमित वर्मा ने अपने पिता की स्मृति में दोनों सामग्री अस्पताल को प्रदान की। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद मरीजों की सेवा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सहयोग के लिए क्लब की ओर से सामाजिक कार्य आगे भी जारी रहेंगे। कार्यक्रम में रोटेरियन महेंद्र गिरी, अभिषेक राजपूत, संजय सैनी, वरुण राजपूत, प्रमोद वर्मा, मोहम्मद खालिद रियाज, अमित शुक्ला, राजीव राजपूत, निक्की भैया, नवीन जोशी सहित सीएचसी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

ट्राली से गिरकर कांवड़िया की मौत

पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। फरुर्खाबाद से गोला गोकर्णनाथ जलाभिषेक के लिए आए एक कांवड़िए की ट्राली से गिरकर पहिए के नीचे आने से मौत हो गई। हादसा गोला-मोहम्मदी मार्ग स्थित वीरपुर चौराहे के पास हुआ। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। कुहुआ निवासी करीब 36 वर्षीय रामलड़ैते पुत्र तुलसीराम अपने साथियों के साथ फरुर्खाबाद से गंगाजल लेकर गोला गोकर्णनाथ स्थित छोटी काशी में जलाभिषेक करने आए थे। जलाभिषेक के बाद वह साथियों के साथ ट्राली से वापस लौट रहे थे। बताया गया कि वीरपुर चौराहे के पास अचानक उनकी आंख लग गई और वह ट्राली से नीचे गिरकर पहिए के नीचे आ गए। हादसे में रामलड़ैते गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर शहीद भगत सिंह सेवा संस्थान, दिस्तापुर-रेहरिया के सदस्य मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी पहुंचाया। यहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

हादसों में महिला की मौत युवक समेत दो घायल

सीतापुर। राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। अटरिया कस्बे में ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार आटो ने बाइक सवार देवर-भाभी को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल भाभी कंचन लता (42) पत्नी जगदीश यादव निवासी बल्देवपुर मजरा लहूरिवान की हिंद अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। देवर सरोज यादव (35) का उपचार चल रहा है। पुलिस ने आटो चालक और वाहन को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं सहजनपुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सिधौली सीएचसी में भर्ती कराया और बाइक कब्जे में लेकर वाहन की तलाश शुरू कर दी है। इसके अलावा कबरन गांव के सामने रात में तेज रफ्तार पिकअप सुरक्षा रेलिंग तोड़कर खाई में जा घुसी। हादसे में चालक घायल हुआ। एनएचएआई के गौतेन्द्र ने बताया कि क्षतिग्रस्त सरकारी संपत्ति की भरपाई के लिए वाहन मालिक पर जुर्माना लगाया जाएगा।

80वें स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति के रंग में रंगा सीतापुर

सीतापुर। देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर शनिवार को पूरा जिला देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और अमर शहीदों को नमन किया गया। जगह-जगह देशभक्ति गीतों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विभिन्न आयोजनों के बीच लोगों ने आजादी का पर्व उत्साह के साथ मनाया। जिले का मुख्य समारोह पुलिस लाइन परिसर में आयोजित हुआ, जहां नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के साथ ध्वजारोहण किया। वहीं कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने तिरंगा फहराकर अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्य और जिम्मेदारियों का संकल्प दिलाया।

कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मियों को मिला सम्मान

सीतापुर। पुलिस लाइन में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने तथा अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस दौरान बेहतर पुलिसिंग, कर्तव्यनिष्ठा और सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान मिलने पर पुलिसकर्मियों में उत्साह नजर आया। अधिकारियों ने पुलिस बल की जिम्मेदारियों और समाज में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

मदरसे में भी हुआ स्वतंत्रता दिवस पर जश्न-ए-आजादी कार्यक्रम

सीतापुर। कजियारा स्थित मदरसा जिया-उल-इस्लाम में स्वतंत्रता दिवस पर जश्न-ए-आजादी कार्यक्रम हुआ। प्रधानाचार्य कारी सादुल्लाह ने सुबह ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान कराया और बच्चों में मिष्ठान वितरित किया।

शाम को आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मौलाना कासमी, मुख्य वक्ता कफील अशरफ लखनवी, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुशील अग्रवाल सहित गणमान्य लोगों ने सहभागिता की। बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का समापन देर रात करीब 12:30 बजे हुआ।

डीएम ने कलेक्ट्रेट में दिलाया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

सीतापुर। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों के त्याग को नमन करते हुए कहा कि वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी उनके सपनों का भारत बनाना है। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों से पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आयुष चौधरी, नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

पिपरिया धनी में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

पिपरिया धनी, खीरी वीओएल। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्षेत्र में उत्साह और देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों में ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति से जुड़े आयोजन हुए। विद्यालयों में बच्चों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां देकर वातावरण को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया। रेहरिया पुलिस चौकी पर चौकी इंचार्ज पंकज त्रिपाठी ने पुलिसकर्मियों के साथ राष्ट्रगान किया। प्राथमिक विद्यालय नंदापुर में प्रधानाध्यापिका सरोजनी यादव, उच्च प्राथमिक विद्यालय नंदापुर में प्रधानाध्यापक राजीव कुमार विमल तथा साहबगंज में ग्राम प्रधान सुदेश कुमार ने ध्वजारोहण किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय रेहरिया में प्रधानाध्यापिका नीलम राज ने राष्ट्रध्वज फहराया। प्राथमिक विद्यालय बंजरिया में ग्राम प्रधान गुरुपाल सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय हिम्मतपुर में प्रधानाध्यापक अंकित गुप्ता तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय रायपुर में प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने ध्वजारोहण किया। सेंट सोल्जर इंटर कॉलेज बंजरिया में प्रधानाचार्य दलजीत सिंह तथा जीटीआई पब्लिक इंटर कॉलेज पड़रिया में प्रधानाचार्य अतुल गुप्ता ने ध्वजारोहण कर छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। प्राथमिक विद्यालय शिवपुरी में ग्राम प्रधान सुदेश कुमार ने ध्वजारोहण किया। ग्राम हिम्मतपुर के सचिवालय कार्यालय में ग्राम प्रधान पति कामेश्वर यादव तथा ग्राम मौठीखेड़ा के सचिवालय में ग्राम प्रधान पति सीताराम ने राष्ट्रध्वज फहराया। जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका इंटर कॉलेज ग्रंट साहबगंज में प्रधानाध्यापिका सरिता वर्मा ने ध्वजारोहण किया। प्राथमिक विद्यालय नंदापुर में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। मां तुझे सलाम और जिस देश में गंगा बहती है जैसे गीतों पर बच्चों की प्रस्तुति ने उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों को भावविभोर कर दिया।

गैंग रेप के तीन आरोपी गिरफ्तार

लखीमपुर-खीरी। शनिवार को थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के एक मोहल्ला में एक युवती के साथ तीन युवको ने गैंग रेप कर घटना को अंजाम दिया। गैंग रेप के मामले में कोतवाली सदर पुलिस ने गैंग रेप के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गैंग रेप की घटना को गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ख्याति गर्ग द्वारा संलिप्त अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु कड़े निर्देश दिये गये। उक्त आदेश के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पवन कुमार गौतम के पर्यवेक्षण में कोतवाली सदर के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष पुलिस टीमों का गठन किया। कोतवाली सदर गठित पुलिस टीम द्वारा प्रयास एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए, घटना के मात्र 24 घंटे के अंदर सभी 03 नामजद अभियुक्तों को देवकली रोड पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। कोतवाली सदर राजेश कुमार सिंह ने बताया गैंग रेप के आरोपी सिद्धार्थ पुत्र प्रशांत श्रीवास्तव (उम्र- 22 वर्ष), निवासी बेगम बाग गढ़ी रोड, थाना कोतवाली सदर, जिला खीरी, मधुमेश मिश्रा पुत्र राजनारायण मिश्रा (उम्र- 23 वर्ष), निवासी बेगम बाग गढ़ी रोड, थाना कोतवाली सदर, जिला खीरी व विशु कनौजिया पुत्र सुशील कनौजिया (उम्र- 19 वर्ष), निवासी बेगम बाग गढ़ी रोड, थाना कोतवाली सदर, जिला खीरी को गिरफ्तार किया गया। युवती का मेडिकल परीक्षण महिला अस्पताल में कराया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 राजेश कुमार सिंह, निरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला, उ0नि0 शिल्पी शुक्ला, का0 राहुल कुमार, का0 जागिन्दर सहित आदि पुलिस में शामिल रहे।

मारपीट में घायल गर्भवती महिला की मौत के मामले में 8 गिरफ्तार

पसगवां खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के थाना उचौलिया क्षेत्र के ग्राम डुडौलिया में मारपीट के बाद गर्भवती महिला के मौत के मामले में पुलिस ने एक ही परिवार के महिलाओं एवं पुरुष सहित आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम डुडौलियां निवासी रामबीर पुत्र बटेश्वर ने बीती 19 जुलाई को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि जो नाम मेरे लड़के का है, वहीं नाम मेरे पड़ोसी ने अपने नवजात पुत्र का रखा तो मेरी बहू ने मन किया जिससे आक्रोशित होकर मेरे पड़ोसी एक साथ घर में घुस आए और मेरे बेटे विमलेश, बहू सपना और प्रीती को मारने पीटने लगे जिन्हें बचाने मेरे घर के अन्य सदस्य आए तो उक्त लोगों ने उन्हें भी मारा पीटा जिससे मेरी दोनों बहुओं को काफी गंभीर चोटे आई साथ ही विक्रम का हाथ टूट गया।जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर धारा 115(2) और 351 (3) में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। बही बहू सपना(24) की हालत बिगड़ते देख परिजन उसे शाहजहांपुर के निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत के साथ साथ उसके गर्भ में पल रहे छह माह के शिशु की भी मौत हो गई।जिसके बाद उचौलिया पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। शनिवार को शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। ग्रामीणों एवं अधिकारियों के काफी समझाने के बाद परिजनों ने मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने दर्ज मुकदमे में बी एन एस की धारा 117(2),93, 105,333, 352,3(5) की बढ़ोत्तरी कर दी। और आरोपियों की तलाश में जुट गई। 16 अगस्त 2026 शनिवार को उचौलिया पुलिस ने अभियुक्त बालकराम, रामओतार, कमलेश, रामसरन, आदेश कुमार, पवन, रामचेहती, किरन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

धूमधाम से मनी हरियाली तीज

तिकुनियां-खीरी। हरियाली तीज का त्योहार धूमधाम से मनाया गया इस दौरान महिलाओं ने पूजा अर्चना कर डंडियां नृत्य भी किया। सावन माह के शुक्लपक्ष की तृतीया तिथि को हरियाली तीज मनाई जाती है। शनिवार को मां सुथना देवी मंदिर पर महिला मंडल ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें कस्बे सहित आसपास के गांवों की महिलाएं भी मौजूद रही। इस त्योहार में महिलाएं पति की लंबी उम्र की कामना, दाम्पत्य सुख और परिवार की खुशहाली की कामना करती हैं। इस पर्व पर महिलाओं ने गुजरात का पारंपरिक लोकनृत्य डांडिया भी खेला। इस अवसर पर आशा महावर, संध्या मिश्रा, प्रिया अग्रवाल, काजल, किरन, शिवानी, मोनिका जैन, शिवांगी, सोनिया गर्ग, रति जैन, साक्षी गुप्ता, लबली अग्रवाल, माया, मंजू, ज्योति, पिंकी, स्वाति, नीलम, उपासना, बबिता, रेनू, नीतू महावर, कंचन सहित तमाम महिलाएं मौजूद रही।

तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वतंत्रता दिवस पर विधायक अमन गिरि के नेतृत्व में नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।

अलीगंज रोड स्थित जयशंकर मैरिज लॉन से शुरू हुई यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लखीमपुर रोड स्थित नानक चैकी के पास पहुंचकर सम्पन्न हुई। हाथों में तिरंगा लिए हजारों नागरिकों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं और युवाओं ने यात्रा में हिस्सा लिया। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से नगर गूंज उठा। यात्रा के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, जिला महामंत्री आशु मिश्रा और विधायक अमन गिरि ने विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है। देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को मजबूत करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने तिरंगा यात्रा में उमड़ी भीड़ को राष्ट्रप्रेम की भावना का प्रतीक बताया। जिला महामंत्री आशु मिश्रा ने कहा कि युवाओं को स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष से प्रेरणा लेकर देश और समाज के विकास में योगदान देना चाहिए। ऐसे आयोजन राष्ट्रप्रेम और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। विधायक अमन गिरि ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस गौरव और स्वाभिमान का पर्व है। आजादी की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत रखना सभी का दायित्व है। उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने की बात कही तथा यात्रा में शामिल लोगों का आभार जताया। यात्रा में सुरजन लाल वर्मा, अवधेश मिश्रा, डॉ. बच्चू सिंह, विमल वर्मा, वीरेंद्र भूषण भार्गव, राम कुमार मौर्य, सुखवंत सिंह, इंद्रजीत लाडी, धर्मेंद्र गिरि मोंटी, अजय गिरि, विनोद वर्मा, कुलवंत सिंह, तौहीद खान, एजाज खान, हर्ष, अमन अवस्थी, कफील अहमद, मुकेश गुप्ता, अशोक गुप्ता, विजेंद्र पटेल, अमित राही, अनिरुद्ध वर्मा, आलोक जायसवाल, रवि वर्मा, राम सिंह वर्मा, मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, विनोद स्वर्णकार, संजीव वर्मा एवं सच्चिदानंद शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

शान से मनाया गया आजादी का जश्न

लखीमपुर-खीरी। देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग, बलिदान की याद दिलाने वाला 80वां स्वाधीनता दिवस समारोह जनपद मे परम्परागत ढंग से धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण, अमर शहीदों को नमन करने के साथ ही विभिन्न संस्थाओं द्वारा देशभक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रमों के अलावा, स्कूलो, कालेजों के छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस को पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया। सभी तहसीलों, ब्लॉक कार्यालयों में सम्बन्धित अधिकारियों ने ध्वजारोहण किया। शनिवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह का मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट में हुआ। उप्र के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग डॉ० अरुण कुमार ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। वंदे मातरम् और राष्ट्रगान के बाद उपस्थित लोगों को पंच प्रण की शपथ दिलाई गई। गांधी बालोद्यान विद्यालय और सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की छात्राओं ने राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान प्रस्तुत किया, जिन्हें मंत्री ने पुरस्कृत किया। इसके बाद वन मंत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर में पौधा का रोपण किया। कलेक्ट्रेट से पूर्व डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अपने कैम्प कार्यालय में भी ध्वजारोहण किया। वन मंत्री ने कलेक्ट्रेंट में जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितो सम्मानित किया गया। वही 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके निरमोहन सिंह सहित दो 80+ वरिष्ठ नागरिकों को माल्यार्पण एवं शाल उढ़ाकर सम्मानित किया। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने स्वतंत्रता दिवस पर जनपदवासियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय पर्व हमें यह सोचने का अवसर देता है कि देश के विकास में हमारा योगदान क्या हो सकता है। हर परिवर्तन की शुरूआत विचार से होती है और विचार जब कर्म में बदलता है, तभी राष्ट्र निर्माण की राह मजबूत होती है। कार्यक्रम में डीएफओ तापस मिहिर, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, ब्रजपाल सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय, एसडीएम अर्चना ओझा, एसडीएम ताहिर, डीएसओ सीमा त्रिपाठी, सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

बीडीओ ने किया ध्वजारोहण

लखीमपुर। विकासखंड लखीमपुर सदर में खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार तिवारी द्वारा 80वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजरोहण किया गया। इस मौके पर ब्लॉक के ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी सहित ब्लॉक के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। इसी क्रम में विकासखंड ईसानगर में बीडीओ धन प्राप्त यादव, विकासखंड फूलबेहड़ में बीडीओ सुमित कुमार सिंह, विकासखंड नकहा में बीडीओ संगीता यादव, विकासखंड रमियाबेहेड में बीडीओ श्रद्धा गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

नौकरी का झांसा देकर बैंक खाते-एटीएम से पैसा हड़पने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

सीतापुर। नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगों से बैंक खाते, एटीएम और पासबुक हासिल कर वित्तीय धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का कोतवाली नगर पुलिस ने रविवार को खुलासा किया। पुलिस ने गिरोह के तीन आरोपियों को गंगाधर मिश्र कॉलोनी मोड़ से गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से महिंद्रा थार, उत्तर प्रदेश विधानसभा विधायक का कूटरचित पास और तीन मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक आरोपी थार पर फर्जी विधानसभा पास लगाकर लोगों पर प्रभाव जमाते थे और नौकरी दिलाने का भरोसा देकर उन्हें अपने जाल में फंसाते थे। इसके बाद बैंक खाते, एटीएम और पासबुक हासिल कर वित्तीय धोखाधड़ी करते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आयुष यादव निवासी खैराबाद, शौर्य कन्नौजिया निवासी सदर बाजार और आयुष यादव निवासी एबीडी कॉलोनी रोटी गोदाम के रूप में हुई है। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश और एएसपी आलोक सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। सीओ सिटी कपूर कुमार ने बताया कि पूर्व में दर्ज मुकदमों में कूटरचित दस्तावेजों से संबंधित धाराएं बढ़ाई गई हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों और ठगी के नेटवर्क की जांच कर रही है। उप निरीक्षक ज्योति विश्नोई, कांस्टेबल अमित कुमार, सचिन सोनकर, रि0का0 मोहित बाबू, नवनीत यादव, हो.गा. (चालक) अल्ताफ शामिल रहे।

हर्षोल्लास से मना 80 वां स्वतंत्रता दिवस

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) स्वतंत्रता दिवस का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सरकारी, अर्धसरकारी और शिक्षण संस्थानो में ध्वजारोहण के बाद छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में स्वतंत्रता दिवस समारोह परम्परागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रबंधक आदित्य कुमार पुरवार, कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा, प्रधानाचार्य राजकुमार कन्नौजिया, छात्र संसद प्रधानमंत्री आर्यन पटेल व उप प्रधानमंत्री श्रेयांश मिश्रा तथा कन्या भारती की प्रधानमंत्री आराध्या शुक्ला व उप प्रधानमंत्री वंशिका सोनी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अतिथि उद्बोधन हुए। गुरु हरिकिशन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह ने शिक्षक साथियों के साथ ध्वजारोहण किया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा गतवर्ष की परीक्षा में कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। नगर पालिका परिषद में विजय शुक्ला रिंकू, सीओ मुकेश मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। वहीं सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज में भी नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद आयोजित कार्यक्रम में बालिका विभाग की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी ने स्वतंत्रता दिवस को आजादी, बलिदान और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया। प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने स्वतंत्रता सेनानियों, अमर शहीदों, वीरांगनाओं, आंदोलनकारियों एवं राष्ट्र निर्माण में बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सरस्वती शिशु मंदिर में प्रबंधक ठाकुर प्रसाद गंगवार, मुनेंद्र दत्त शुक्ल, कोषाध्यक्ष कृष्ण गोपाल स्वर्णकार ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर कार्यालय प्रमुख उमाकान्त कटियार एवं प्रधानाचार्य रामकुमार वर्मा आदि मौजूद रहे। स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान में प्रधानाचार्या शशिबाला रावड़ा ने राष्ट्रध्वज फहराया। कृषक समाज इण्टर कॉलेज में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधक एवं पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने ध्वजारोहण किया। इसी क्रम में गुरु नानक डिग्री कॉलेज में प्रबंधक स. अजेन्द्र सिंह एवं प्राचार्य डॉ. अंजु भोगल, हरिश्चन्द्र महाविद्यालय में प्रबंधक संजीव वर्मा, गांधी स्मारक में प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित, रानी लक्ष्मीबाई इण्टर कॉलेज में सर्वेश वर्मा, केन सोसाइटी में सचिव बलवंत चौधरी तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीपुर, खुटार में प्रधानाचार्य एवं शिक्षक संघ के महामंत्री विपिन वर्मा ने ध्वजारोहण किया।

तिरंगा यात्रा से गूंजा सीतापुर दिखाया देशभक्ति का जोश

सीतापुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हिंदू सुरक्षा सेवा संघ की ओर से शनिवार को शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रदेश अध्यक्ष अनूप खेतान के नेतृत्व में निकली यात्रा में बड़ी संख्या में युवा, कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए। बाइक, चारपहिया वाहनों और पैदल शामिल लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारे लगाए। यात्रा में अयोध्या के महंत राजू दास मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं प्रदेश सरकार के मंत्री एवं सीतापुर नगर विधायक राकेश राठौर गुरु तथा मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव भी मौजूद रहे। महंत राजू दास ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकजुटता और सनातन संस्कृति की अखंडता का प्रतीक है। इलाहाबाद फील्ड से शुरू हुई यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इससे पूरा शहर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। प्रदेश अध्यक्ष अनूप खेतान ने यात्रा की सफलता पर संतों, जनप्रतिनिधियों, पुलिस-प्रशासन, नगरवासियों और कार्यकताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के अनुशासन, परिश्रम और समर्पण से यात्रा भव्य रूप ले सकी।

एसपीएस इंटर कॉलेज में आन-बान शान से लहराया तिरंगा

उन्नाव। एसपीएस इंटर कॉलेज मीरकापुर उन्नाव में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर 80 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मना या गया। ध्वजारोहण के उपरांत तिरंगे को सलामी दी गई और देशभक्ति एवं सांस्कृतिक चेतना से ओतप्रोत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नन्हे-मुन्ने कलाकारों एवं विद्यार्थियों ने अपने मनमोहक प्रस्तुतियों और देशभक्ति गीतों के माध्यम से वातावरण को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों में जहां उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास दिखाई दिया, वहीं उनके स्वरों में देश के प्रति प्रेम और सम्मान की भावनाएं भी स्पष्ट रूप से झलकी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अर्चना वाजपेयी ने कहा कि एकता, अखंडता एवं एकजुटता के लिए सदैव प्रयासरत रहने तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए देश की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहने की सभी को शपथ दिलाई। वहीं विद्यालय की प्रिसिंपल अलका निगम ने आजादी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों को देश हित में अपनी सहभागिता निभाकर अच्छा नागरिक बनकर देश का नाम रोशन करने एवं बुराई से दूर रहने की शपथ दिलायी। वहीं उप प्रधानाचार्य रूपम पाल ने आजादी एवं उसके महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रम के सराहनीय योगदान में सहयोगी रहे शिक्षकों को धन्यवाद अर्पित किया तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर स्कूल की मुख्य प्रबंधक डॉ. अर्चना वाजपेयी, प्रधानाचार्य अलका निगम, उप प्रधानाचार्य रूपम पाल, शालिनी दुबे, आशीष कुमार, अर्चना तिवारी, क्षमा तिवारी, शैलेन्द्र वर्मा, विनीता श्रीवास्तव, दीपाली पांडे, वैष्णवी शुक्ला, इशिता सक्सेना, , प्राची गुप्ता, वेदिका गुप्ता, रूबीना, प्रिया वाजपेई, सौरभ जायसवाल, सौम्या मिश्रा व अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षेप

उल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

सलोन, रायबरेली। क्षेत्र के साथ ग्रामीण अंचलों में भी 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। तहसील परिसर में एसडीएम अंकित कुमार और बीडीओ शशि कुमार तिवारी ने ध्वजारोहण किया। कोतवाली में प्रभारी संदीप कुमार राय, नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी प्रियंका तिवारी और उपडाकघर में अभिषेक ने ध्वजारोहण कर लोगों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। सर्वोदय इंटर कॉलेज में अमित भारती, निमिषा कॉन्वेंट स्कूल मटका में प्रबंधक विवेक शुक्ला और अल्फा कॉन्वेंट स्कूल में प्रधानाचार्य शोएब अहमद खान ने ध्वजारोहण किया। डायरेक्टर जावेद अहमद खान ने बच्चों, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। विद्यालयों में विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

कांवड़ यात्रियों की सेवा में जुटे कोतवाल

सलोन, रायबरेली। सावन में कांवड़ यात्रा पर निकले शिवभक्तों की सेवा के लिए सलोन कस्बे के सैंधियापुर नहर के पास ग्रामीणों ने भंडारे का आयोजन किया। इसमें कोतवाली प्रभारी संदीप कुमार राय सलोन ने कांवड़ यात्रियों को भोजन कराया और उनकी सेवा में सहयोग करते हुए भोजन व्यवस्था के लिए 11 हजार रुपये की सहायता दी। इस दौरान कांवड़ यात्रियों का ग्रामीणों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। श्रद्धालुओं के लिए भोजन, पानी समेत अन्य व्यवस्थाएं की गईं। कोतवाली प्रभारी द्वारा स्वयं कांवड़ यात्रियों को भोजन कराए जाने की क्षेत्र में सराहना हुई। कार्यक्रम में क्षेत्र के दिलीप मिश्रा, विश्वनाथ प्रसाद सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहयोग किया। ग्रामीणों ने कहा कि कांवड़ यात्रियों की सेवा और स्वागत करना पुण्य का कार्य है। इस दौरान पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा।

अटल स्मृतियों में जीवंत दी गयी श्रद्धांजलि

अयोध्या। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों ने जिला पंचायत कार्यालय परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके सार्वजनिक जीवन और राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया गया। इस दौरान विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे नेता थे, जिन्होंने अपने विचारों और कार्यशैली से अलग पहचान बनाई। उनके नेतृत्व में देश ने कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रगति की। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व व्यापक था। उन्होंने लोकतांत्रिक परंपराओं और संसदीय मयार्दाओं को हमेशा महत्व दिया। उनकी स्वीकार्यता सभी वर्गों में रही। जिला पंचायत प्रशासक रोली सिंह ने कहा कि अटल जी ने सार्वजनिक जीवन में शुचिता और मयार्दा के मानदंड स्थापित किए। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि अटल जी ने भाजपा को वैचारिक और संगठनात्मक मजबूती दी। कार्यकर्ताओं के लिए उनका जीवन अनुकरणीय है। जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने कहा कि अटल जी की कविताओं में राष्ट्रप्रेम और संवेदनशीलता दिखाई देती है।

विधायक ने कार्यकर्ताओं और स्कूली बच्चों के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

रायबरेली। 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सदर विधायक अदिति सिंह ने सबसे पहले अपने सदर कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के साथ ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद विधायक अदिति सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रति राष्ट्र प्रेम एवं अटूट निष्ठा से हमारा जीवन सार्थक होता है। मनुष्य जीवन में सबसे महत्वपूर्ण देश की एकता और अखंडता है। आजादी हमें बलिदानियों की देन है, इसे हमें बनाए रखना है। युवा पीढ़ी को देश सेवा और समाज सेवा के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हमें जाति, धर्म से ऊपर उठकर एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के नारे लगाए और मिठाइयां बांटीं।

वैदिक इंटर कॉलेज में बच्चों संग मनाया जश्ने आजादी

कार्यक्रम के बाद विधायक अदिति सिंह वैदिक इंटर कॉलेज पहुंचीं। कॉलेज परिसर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और भाषण प्रस्तुत किए। विधायक ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की और कहा कि आज के बच्चे ही कल का भारत हैं। अनुशासन, शिक्षा और संस्कार के साथ आगे बढ़कर वे देश का नाम रोशन करेंगे। इस मौके पर उन्होंने मेधावी छात्रों और कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षकगण, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। पूरे परिसर में ₹भारत माता की जय₹ और ₹वंदे मातरम₹ के नारों से माहौल देशभक्तिमय हो गया।

राणा बेनी माधव बक्श की जयंती पर हुआ रक्तदान

रायबरेली। अमर सेनानी राना बेनी माधव बक्श सिंह की 222वीं जयंती के अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय आई एम ए भवन में किया गया। रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह व आईएमए अध्यक्ष संजीव जायसवाल ने किया। रक्तदान शिविर में 65 लोगों ने रक्तदान किया और 40 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया।

इस अवसर पर समिति के सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह सिंह ने कहा कि गुलामी की जंजीर से आजादी पाने के 1857 में लड़ाई मेरठ से शुरू हुई लेकिन असली जंग अवध के लोगों ने गंगा जमुना वा सरयू के किनारे लड़ी थी। 1857 में पड़ी जंग की नींव की वजह से हमारा देश आजाद हुआ। ऐतिहासिक स्तर पर जंग की नींव रखने वाले इसी जमीन के लोग हैं इन्हीं लोगों की वजह से हमें आजादी मिली इसी विजन को हमें सुरक्षित रखना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को आदर्श रूप दे सकें। आजादी की लड़ाई में राणा के योगदान एवं बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। रक्तदान महादान होता है। इसी के बहाने हम ऐतिहासिक मूल्य एवम परंपरा को याद करते रहे। वही समिति केउपाध्यक्ष रवींद्र सिंह, मदन सिंह चौहान ने बताया हर वर्ष समिति द्वारा कई कार्य कराए जाते हैं। यह राणा साहब की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम होता है। रक्तदान जैसे कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी, इंडियन मेडिकल एसो. तथा शिक्षकों ने बाढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर रक्तदान करने वाले डॉक्टर अशोक कुमार सिंह, आईटीबीपी के जीवन चंद्र जोशी, योगेश जोशी, भानु प्रकाश सिंह, सूरज सिंह, डॉक्टर रवि प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संजीव सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रशांत, मनु, शिवेंद्र, आदि ने रक्तदान किया। वहीं सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान कार्यक्रम ई संतोष सिंह व शिवम सिंह के संयोजन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बबलू सिंह केसरिया, आरबी सिंह, महेंद्र, अभिषेक विक्रम सिंह, रोहित सिंह आदि मौजूद रहे।

संविधान की मजबूती में ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है सुरक्षित : मोना

प्रतापगढ़। संग्रामगढ़ स्थित इन्द्राणी इण्टर मीडिएट कालेज में स्वाधीनता दिवस समारोह में पहुंची कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने समारोहपूर्वक ध्वजारोहण किया। विद्यालय की छात्रा साक्षी पाण्डेय, प्राची, पायल, निधि, कोमल आदि ने देशगीत तथा मां सरस्वती की वंदना, कजरी गीत एवं नृत्य आदि के मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी को सुरक्षित बनाए रखने के लिए हमें संविधान को ताकतवर बनाए रखना होगा। उन्होने कहा कि देश का संविधान सभी को समता का अवसर उपलब्ध कराता है। विधायक मोना ने विद्यालय में कम्प्यूटर लैब का उदघाटन किया। वही उन्होने प्रयोगशाला के लिए एक लाख रुपए का चेक भी सौंपा। विशिष्ट अतिथि विधायक मोना के पुत्र राघव मिश्र रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व संचालन डॉ0 नन्हें लाल यादव ने किया। विधायक मोना ने इसके अलावा सरयू इन्द्रा पीजी कालेज, पं. सरयू प्रसाद तिवारी कालेज ऑफ लॉ, निर्मला शर्मा जूनियर हाईस्कूल के साथ स्थानीय अन्य विभिन्न संस्थानों में भी स्वाधीनता दिवस पर समारोहपूर्वक ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य हरिकेश प्रताप मिश्र, विमला मिश्रा, डॉ0 प्रवीन सागर शुक्ल ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर आशीष उपाध्याय, शिवम श्रीवास्तव, भुवनेश्वर शुक्ला, गणेश शंकर त्रिपाठी, विजय गुप्ता, ओमप्रकाश धुरिया, जगदीश नारायण मिश्र आदि रहे।

आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगी मोना

प्रतापगढ़। कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत लालगंज ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक आज सोमवार को दिन में डेढ़ बजे होगी। नगर स्थित रामअंजोर मिश्र इण्टर कालेज सभागार में आयोजित बैठक में क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना शामिल होंगी। बैठक को राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी भी संबोधित करेंगे। इसके बाद विधायक मोना दिन में ढाई बजे लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर जन समस्याओं की सुनवाई करेंगी। वह क्षेत्र के सराय संग्राम सिंह, रामपुर, मेढ़ावां में भी आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है।

स्कूल से घर लौट रही नाबालिग के साथ सामूहिक दुराचार, दो गिरफ्तार

गोसाईंगंज, सुलतानपुर। स्कूल से घर लौट रही 15 वर्षीय छात्रा को बहला-फुसलाकर थार वाहन में बैठाकर ले जाने और सामूहिक दुराचार करने के आरोप में गोसाईंगंज पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त थार वाहन भी बरामद किया है। न्यायालय में पेश करने के बाद दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया। थाना क्षेत्र निवासी महिला ने 15 अगस्त को तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री कक्षा 11 की छात्रा है। 12 अगस्त को वह गोसाईंगंज स्थित स्कूल गई थी। दोपहर करीब एक बजे स्कूल से घर लौटते समय आसिफ और एहसान उसे बहला-फुसलाकर थार में बैठाकर ले गए। आरोप है कि वाहन में एक युवक ने छात्रा के साथ दुराचार किया। दूसरे युवक ने भी संबंध बनाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। छात्रा के विरोध करने पर आरोपित उसे वाहन से बाहर फेंककर फरार हो गए। तबीयत बिगड़ने पर छात्रा ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद उसकी मां ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया। रविवार सुबह करीब 10 बजे प्रभारी निरीक्षक अखण्डदेव मिश्र, उपनिरीक्षक अनिल सक्सेना समेत पुलिस टीम ने फतेहपुर संगत-सिरवारा मार्ग से दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने थार वाहन भी बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले में सामूहिक दुराचार का मुकदमा दर्ज है। विवेचना प्रचलित है।

एचएमएम कान्वेंट स्कूल में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

सुलतानपुर। दूबेपुर ब्लॉक के पैगापुर बाजार स्थित एचएमएम कान्वेंट स्कूल में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अनूप संडा ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि अनूप संडा ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीरों के बलिदान को याद करने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और भाईचारे को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में कपिल अहमद, अनवर अहमद, ज्ञान प्रकाश यादव, ग्राम प्रधान बाबू प्रधान, इंतजार अहमद, कलीम बाबू, पवन शर्मा, लव कुश शुक्ला, आशुतोष उपाध्याय, राशिद कादरी, मुजीब, अकील अहमद फिरोजपुर और डॉ. इमरान अहमद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रधानाचार्या नाजिया खातून, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही। विद्यालय प्रबंधक शहरे-आलम ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

फलक स्किल्स डेवलपमेंट सेंटर में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

- युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का लिया संकल्प

सुलतानपुर। करौंदिया स्थित आरबी पब्लिक स्कूल के सामने प्रवासी एवं श्रमिक सहयोग संस्थान द्वारा संचालित फलक स्किल्स डेवलपमेंट लैंग्वेज स्पीकिंग एंड ट्रेनिंग सेंटर में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के निवर्तमान जीव-जंतु कल्याण आयोग सदस्य राजेश सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्रगान के साथ उपस्थित लोगों ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों ने सेंटर के उद्देश्यों और गतिविधियों की जानकारी दी। बताया गया कि केंद्र का उद्देश्य प्रवासी श्रमिकों और युवाओं को कौशल विकास एवं भाषा प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। संस्था की ओर से सुरक्षित प्रवास के लिए मार्गदर्शन, श्रमिकों के अधिकारों की जानकारी, कानूनी परामर्श एवं सामाजिक सहयोग भी उपलब्ध कराया जाता है। मुख्य अतिथि राजेश सिंह ने युवाओं और श्रमिकों को कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने की पहल की सराहना करते हुए इसे आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मेश पी. मंगेश्वर, सचिव एडवोकेट दानिश एन. खान और प्रदेश अध्यक्ष समशाद अहमद ने उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अवधेश सिंह, इसरार हुसैन, हियात मोहम्मद, सुमन पाण्डेय, तस्लीम, एडवोकेट अरुण कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रहित और सामाजिक सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

कटीले तार में दौड़ा करंट, किशोर की मौत मांगो के आश्वासन पर हुआ अंतिम संस्कार

गोसाईगंज, सुलतानपुर। ट्यूबवेल पर नहाने गए एक किशोर की करंट की चपेट में आने से जान चली गई। पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाया गया तो परिवार के सदस्यों ने मांगों को लेकर अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया। काफी मान-मनौव्वल के बाद अधिकारियों के आश्वासन पर परिवारजन अंतिम संस्कार को राजी हुए। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के कनौली निवासी शिव बालक (17) पुत्र स्व. जियालाल शनिवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे घर से अपने दो दोस्त के साथ गांव के ही भोला सिंह की ट्यूबवेल पर नहाने गए थे। भोला सिंह ने फसलों को बचाने के लिए अपने खेत के चारों तरफ लोहे के कटीले तारों का बाढ़ लगाया है। कटीले तार के ऊपर कपड़ा रख कर शिव बालक नहाने चला गया। नहाने के बाद जब वह वापस कपड़ा लेने आया इसी बीच करंट की चपेट में आ गया। साथ नहाने गए दोस्तों की गुहार पर लोग मौके पर पहुंचे। शंकरगढ़ उपकेंद्र पर फोन कर आपूर्ति बंद कराई गई। लेकिन इस बीच शिव बालक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि भोला सिंह के खेत से सट कर 16 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जिससे बिजली कटीले तारों में दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। शिव बालक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर लाया गया तो परिवार के लोग अंतिम संस्कार से इंकार कर दिए। सूचना पर रविवार को एसडीएम सदर गरिमा सौनकिया, सीओ जयसिंहपुर सुनील कुमार सिंह मृतक के घर पहुंचे। परिवार के लोगों ने कटीले तार में विद्युत करंट दौड़ने का आरोप लगाते हुए भोला सिंह और बिजली विभाग के ऊपर हत्या की एफआइआर पंजीकृत करने व मृतक के आश्रित को 25 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की। एसडीएम गरिमा सौनकिया ने जांच करा कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई व पीड़ित परिवार को नियमानुसार मदद का भरोसा दिलाया। दोपहर एक बजे परिवारजन अंतिम संस्कार को राजी हुए। वही ग्रामीणों ने विद्युत व्यवस्था की बदहाली को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियंता शशांक शुक्ला को लेकर मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर तहसीलदार दुर्गेश यादव, बिजली विभाग एक्सियन शशांक शुक्ला, एसडीओ अजय श्रीवास्तव, जेई सुरेश कुमार, देहात कोतवाली पुलिस, जयसिंहपुर कोतवाल विवेक कुमार राय, बल्दीराय पुलिस, महिला थाना, धम्मौर, मोतिगरपुर, गोसाईगंज सहित आधा दर्जन से अधिक थानों की पुलिस फोर्स तैनात रही।

गहरे पानी में समायी युवती, कोहराम

प्रतापगढ़। तालाब में शौंच को गई युवती फिसल जाने से गहरे पानी में समा गयी। जानकारी मिलने पर परिजनों में हड़कम्प मच गया। लालगंज कोतवाली के सराय जगत निवासी नन्हें लाल मौर्य की पुत्री काजल (24) मूक थी। वह शनिवार को दिन में बारह बजे घर के समीप स्थित एक तालाब के पास शौंच को गयी थी। पानी लेते समय अचानक वह फिसल कर गहरे पानी में समा गयी। काफी देर बाद तलाश करते परिजन वहां पहुंचे तब उसे तालाब में उतराया देख चीख पड़े। युवती का परिजनों ने विवाह भी तय कर दिया था। लालगंज सीएचसी लाये जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देर शाम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवा दिया।

मणिपर्वत के झूला मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

अयोध्या। मणिपर्वत पर सावन के पवित्र महीने में लगा झूला मेला श्रद्धालुओं के सैलाब से गूंज उठा। 15 अगस्त की छुट्टी के दिन दूर-दूर से आए भक्तों ने इस पारंपरिक उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मणि पर्वत की हरियाली के बीच रामलला को झुलाने का यह अनूठा आयोजन आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम बन गया। योगी सरकार के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चैबंद रखी गई। जगह-जगह यातायात डायवर्जन लागू किया गया ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की कड़ी निगरानी में मेला सुचारू रूप से संपन्न हुआ। भक्तों ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था इतनी व्यवस्थित थी कि बड़े उत्सव के बावजूद कहीं भी अव्यवस्था नहीं दिखी। मणिपर्वत पर विशेष रूप से सजाया गया झूला मेला सावन की परंपरा का जीवंत प्रतीक बन गया। हरे-भरे परिवेश में रामलला के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो रहे थे। झूले पर सवार भगवान के स्वरूप को श्रद्धालु झूला झुला रहे थे। इस दौरान विभिन्न मंदिरों से मणिपर्वत पहुंचे भगवान के विग्रहों को भी झूला विहार कराया गया। कई भक्तों ने कहा कि सावन में भगवान को झुलाने का यह दृश्य मन को शांति और आनंद से भर देता है। मेले में आए श्रद्धालु न केवल झूला झूल रहे

थे बल्कि रामलला को भी झुलाकर आशीर्वाद ले रहे थे। इस अवसर पर स्थानीय लोगों और बाहर से आए पर्यटकों ने भी उत्सव का आनंद लिया। कई परिवारों ने मिलकर झूला झूला और प्रसाद ग्रहण किया। वहीं श्रावण झूला मेले के अवसर पर अयोध्या के प्रमुख मंदिरों से भगवान के विग्रहों की 11 भव्य झांकियां निकाली गईं। श्रद्धालु इन झांकियों को लेकर मणि पर्वत पहुंचे, जहां पारंपरिक विधि-विधान के साथ भगवान को पेड़ों की डालियों पर सजे झूलों में झुलाया गया। इस दौरान पूरा मणि पर्वत क्षेत्र भक्ति और उल्लास से सराबोर रहा। मंदिरों से मणि पर्वत तक निकली झांकियों के दौरान ढोल-नगाड़ों और वाद्ययंत्रों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिलाओं और श्रद्धालुओं ने पारंपरिक कजरी गीत गाकर भगवान को झूला झुलाया। झूला उत्सव की रस्म पूरी होने के बाद भगवान के विग्रहों को शोभायात्रा के साथ उनके-अपने मंदिरों में ले जाकर विधिवत पुनः विराजमान कराया गया। अयोध्या एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि यातायात को ध्यान में रखते हुए डायवर्जन किया गया है। अयोध्या के विभिन्न मंदिरों में भी झूला उत्सव की रौनक छाई हुई है। रामलला मंदिर सहित कई मंदिरों में भगवान को चांदी के पालने में झुलाया जा रहा है। श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर भगवान को स्वयं झुला रहे हैं और भक्ति भाव से भजन-कीर्तन कर रहे हैं। मंदिरों को झूला मेले के अवसर पर आकर्षक ढंग से सजाया गया है। फूलों, झालरों और रंग-बिरंगी सजावट से रामनगरी का वातावरण और भी भक्तिमय हो उठा है।

सावन झूला मेला अयोध्या की सदियों पुरानी परंपरा है। यह उत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि सांस्कृतिक विरासत को भी जीवित रखता है। भक्तों का मानना है कि सावन में रामलला को झुलाने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-शांति आती है। मणिपर्वत की हरियाली में झूलते रामलला का दृश्य देखने लायक था। श्रद्धालुओं की भीड़ में भक्ति का संचार साफ नजर आ रहा था।

तहसील से कोतवाली तक गूंजा देशभक्ति का संदेश

जयसिंहपुर, सुलतानपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को जयसिंहपुर तहसील मुख्यालय और कोतवाली परिसर में देशभक्ति व उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। तहसील परिसर में सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ह्यराजबाबूह्ण ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इसके बाद तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए देश की एकता, अखंडता और विकास में सभी की भूमिका पर जोर दिया गया। प्राथमिक विद्यालय सिपाह के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों पर सभागार तालियों से गूंज उठा। विधायक ने प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया। वहीं, जयसिंहपुर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार राय के नेतृत्व में ध्वजारोहण किया गया।

डीह रजबहा की सर्विस रोड पर मौत के गड्ढे, जिम्मेदार बेखबर

महराजगंज, रायबरेली। डीह रजबहा की करीब छह किलोमीटर लंबी सर्विस रोड इन दिनों बदहाली का शिकार है। सड़क पर जगह-जगह दस फीट तक लंबे और करीब दो फीट गहरे गड्ढे हो गए हैं। बरसात का पानी इन गड्ढों में भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता और राहगीरों के लिए हादसे का खतरा लगातार बना हुआ है। इन्हौना-अयोध्या और रायबरेली हाईवे से जुड़ी होने के कारण इस मार्ग पर रोजाना बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। इसके अलावा प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को अमेठी जिले के सिंहपुर स्थित माता अहोरवा भवानी के दर्शन के लिए श्रद्धालु इसी रास्ते से गुजरते हैं। सावन माह में श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक, पिछले वर्ष इन्हौना-रायबरेली मार्ग पर कैर नैय्या पुल के निर्माण के दौरान बरसात में करीब दो माह तक बड़े और छोटे वाहनों का आवागमन डीह रजबहा की सर्विस रोड से कराया गया था। वाहन डेपार मऊ चौराहा से होकर चंदापुर, महराजगंज और रायबरेली की ओर जाते थे। भारी वाहनों के आवागमन के चलते डेपार मऊ पुल से चंदापुर नहर पुल तक करीब छह किलोमीटर सड़क की हालत और खराब हो गई। ज्योना गांव निवासी मनोज त्रिवेदी, नीरज, रमाकांत तिवारी और महेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क के गड्ढों में पानी भरा होने से आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। लोगों ने सिंचाई विभाग से सड़क की तत्काल मरम्मत कराए जाने की मांग की है। एक्सईएन का कहना है कि सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता रमा शंकर राय ने बताया कि सड़क की समस्या संज्ञान में आई है। जल्द ही इसका निराकरण कराया जाएगा, ताकि राहगीरों को आवागमन में परेशानी न हो।

हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

अयोध्या। जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमापूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंडलायुक्त राजेश कुमार ने आयुक्त कार्यालय एवं कैंप कार्यालय में, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर एवं कैंप कार्यालय में तथा मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने विकास भवन में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। ध्वजारोहण के उपरांत मंडलायुक्त राजेश कुमार ने आयुक्त सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ संगोष्ठी में प्रतिभाग किया। संगोष्ठी में स्वतंत्रता आंदोलन, स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान तथा स्वतंत्रता के पश्चात भारत की विकास यात्रा पर विचार-विमर्श किया गया। मंडलायुक्त ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता

सेनानियों एवं महापुरुषों के त्याग और बलिदान को सदैव स्मरण रखना हमारा दायित्व है। देश के नागरिकों के अथक परिश्रम, समर्पण और योगदान से भारत निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देश के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास में प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समय के साथ चुनौतियां भी बदल रही हैं और हमें नई चुनौतियों का पूरी क्षमता के साथ सामना करना होगा। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने आयुक्त कार्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। वहीं, डीएम शशांक त्रिपाठी ने ध्वजारोहण के उपरांत अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित संगोष्ठी में प्रतिभाग किया गया, जिसमें अपर जिलाधिकारियों एवं कलेक्ट्रेट के अधिकारियों-कर्मचारियों ने स्वतंत्रता आंदोलन एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। डीएम ने स्वतंत्रता सेनानी के परिजन शांति देवी सहित अन्य लोगों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्र वातावरण में स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। उनके बलिदान को सदैव स्मरण रखना और उनके आदर्शों से प्रेरणा लेना हम सभी का दायित्व है। डीएम ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ करें, ताकि आमजन को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं तथा न्याय उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गये।

संक्षेप

न्यायालय परिसर में हुआ ध्वजारोहण

देवरिया। न्यायालय देवरिया के परिसर में धनेंद्र प्रताप सिंह, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा जनपद न्यायालय के सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, बार एसोसिएशन के पदाधिकारीगण एवं जनपद न्यायालय के कर्मचारीगण की उपस्थिति में सभी द्वारा राष्ट्रीयगान का पाठ किया गया। जनपद न्यायाधीश के द्वारा न्यायालय परिसर में ध्वजारोहण के साथ समस्त न्यायिक अधिकारी, अधिवक्तागण एवं न्यायालय स्टाफ को राष्ट्र के प्रति समर्पण के साथ कार्य करने को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए, समर्पण एवं सत्यनिष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया गया।

उन्होंने कहा कि हमारा संविधान यह सुनिश्चित करने के लिए न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका की परिकल्पना करता है कि शासन की संस्थाएं परिभाषित संवैधानिक सीमाओं के भीतर कार्य करें।

फिरंगियों के खिलाफ लड़ती रहीं तीन पीढ़ियां

जिला संवाददाता

जौराबाजार, कुशीनगर स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयों की बात हो तो बनकटा बाजार निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. प्रहलाद प्रजापति और उनके परिवार के बलिदान की चर्चा किए बगैर छोड़ा नहीं जा सकता इनके खानदान की तीन पीढ़ियां अंग्रेजों से लोहा ले चुकी है इस उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ प्रहलाद राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किए गए है। शुक्रवार को उन्होंने अपना संस्मरण साझा किया।102 वर्षीय डा. प्रहलाद प्रजापति ने बताया दादा हेमराज सामान्य किसान थे।अंग्रेजों के जमाने में इलाके के जमींदार भी किसानों का शोषण करते रहते थे। हेमराज के विरोध करने पर उन्हें सात दिन के लिए जंजीर से बांध दिया गया इसके बाद हेमराज के पुत्र रामफल प्रजापति ने आजादी की लड़ाई लड़ी।

रामफल महत्मा गांधी के चंपारण आंदोलन के बाद अंग्रेजी हुकूमत और जमीदारी व्यवस्था के खिलाफ लड़ाई

में शामिल हो गए।डा. प्रहलाद प्रजापति बताते है कि वर्ष 1932 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हुए रामफल ने सविनय अवज्ञा आंदोलन,किसान जागरूकता अभियान व स्वदेशी आंदोलन में बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने अपने घर को कांग्रेस का कार्यालय बना दिया और वर्ष 1940 से 1941 तक जेल में रहे।जेल से छूटते ही अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल हो गए।

कानूनगो कार्यालय में बोला था धावा

पटहेरवा थाने से 100 मीटर दूर

•राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त डॉ प्रहलाद प्रजापति ने सुनाया संस्मरण

कानूनगो कार्यालय पर धावा बोल कर पटवारियों का अभिलेख जलाने वालो में रामफल प्रजापति भी थे।कानूनगो का रिवाल्वर छीनने के आरोप में फरार घोषित कर गिरफ्तारी का आदेश हो गया।गिरफ्तारी नहीं होने पर अंग्रेजी पुलिस ने इनका घर जला दिया और भतीजे राजमंगल को गिरफ्तार कर लिया,जिसके विरोध में नौतन हथियागढ़ के 14 वर्षीय रामचंद्र के साथ विद्यार्थियों ने 14 अगस्त 1942 को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट देवरिया के कार्यालय पर तिरंगा लहरा दिया। मजिस्ट्रेट के आदेश पर रामचंद्र बंधु,सहदेव एवं सोना सोनार को गोली मार दी गई।दादा और चाचा के बाद डा प्रहलाद प्रजापति ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल बजा दिया।आजादी के वीरगाथा की जानकारी युवा पीढ़ी को मिलती रहे,इसके लिए बनकटा बाजार के पास रामफल प्रेरणा पार्क और स्वतंत्रता सेनानी स्मृति कुंज बनवा दिया।उन्होंने स्वर्गीय रामफल की स्मृति में उनके उनके दाह संस्कार स्थल का भव्य स्मारक बनवाया है,जिसे रामफल प्रेरणा पार्क का नाम दिया गया है। जहां धीरे धीरे कुएं का अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है वहीं एक तरफ पार्क में कुएं की खुदाई कराकर गर्मियों के सीजन में पक्षियों के पानी पीने की व्यवस्था कराई है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ प्रहलाद प्रजापति बताते है देश आजाद हुआ तो बहुत खुशी हुई फिर भी मन में एक कसक बनी रहती थी जम्मू कश्मीर को लेकर,पर जब मोदी सरकार ने ज्यों ही धारा 370 समाप्त हुआ खुशी का ठिकाना नहीं था। मै कांग्रेस से काफी दुखित हूं।

मै कई बार हो चुका हूं सम्मानित

डॉ. प्रहलाद प्रजापति बताते है कि डॉ अब्दुल कलाम पहला राष्ट्रपति पुरस्कार देकर मुझे सम्मानित किए। उसके बाद प्रणव मुखर्जी और दो बार रामनाथ कोविंद द्वारा सम्मानित हो चुका हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी द्वारा सम्मानित किया गया हूं।

पुनर्वास कार्यालय में मना स्वतंत्रता दिवस

देवरिया जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, देवरिया में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल डॉ. सुधाकर त्यागी ने ध्वजारोहण किया इस अवसर पर देवरिया जिले की वीर नारियों एवं वीरता पुरस्कार से सम्मानित सैनिकों को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके उपरांत जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय परिसर स्थित हाशहीद सैनिक स्मारक पर उपस्थित पूर्व सैनिकों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश सिंह, वरिष्ठ सहायक ने किया।

शहीदों की कुर्बानियों से मिली आजादी को बचाना हम सबकी जिम्मेदारीः शिवपाल सिंह

इटावा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुनील यादव के नेतृत्व में प्रतिवर्ष निकाली जाने वाली 26वीं विशाल शहीद श्रद्धांजलि यात्रा जोश और देशभक्ति के वातावरण में निकाली गई। यात्रा के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव तथा विशिष्ट अतिथि बदायूं के सांसद आदित्य यादव रहे। दोनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर यात्रा को पक्का तिराहा से रवाना किया। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव ने नौजवानों का हौसला बढ़ाते हुए यात्रा में पैदल शामिल हुए और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि 26 वर्षों से शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजलि यात्रा निकालने के लिए सुनील यादव, उनकी टीम और सभी सहयोगी बधाई के पात्र हैं। सबसे पहले मैं देश के अमर शहीदों को नमन करता हूं। विशिष्ट अतिथि बदायूं के सांसद आदित्य यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि इटावा में आप लोग उस समय से शहीद श्रद्धांजलि यात्रा निकाल रहे हैं, जब यहां शहीद यात्रा की कोई चर्चा नहीं होती थी। तब से सुनील यादव और उनकी टीम ने इस यात्रा को ऐतिहासिक बनाया है। शहीद श्रद्धांजलि यात्रा के संयोजक एवं समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील यादव ने जोशीले नारों के साथ अमर शहीदों को नमन किया और यात्रा में शामिल सभी लोगों का आभार प्रकट किया। संचालन आशीष पटेल ने किया। सभा को पूर्व एमएलसी रामनरेश मिनी, अशोक यादव, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य, गोपाल यादव, वीरू भदौरिया, सर्वेश शाक्य, ज्योति गुप्ता, कवि मयंक, खन्ना यादव, प्रदीप वर्मा, विक्की गुप्ता, सीमा यादव, डी.पी. सिंह आदि ने संबोधित किया।

स्वतंत्रता दिवसः कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम ने फहराया राष्ट्रीय तिरंगा

कुशीनगर। जनपद में स्वतंत्रता दिवस का पर्व पूरे हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।तत्पश्चात राष्ट्रगान हुआ तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संविधान की मयार्दा के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया।

ध्वजारोहण के उपरांत डीएम ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, जवानों, बच्चों, उनके अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गौरव और प्रेरणा का दिन है। स्वतंत्रता के 79 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत देश 80वाँ स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। यह अवसर हमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को स्मरण करने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निर्धारित करने की प्रेरणा देता है।पहले कर्तव्य, फिर अधिकार की भावना से करें कार्यः-जिलाधिकारी ने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना ह्लहम भारत के लोगह्व से प्रारंभ होती है। इसका अर्थ है कि यह देश हम सभी का है और इसकी जिम्मेदारी भी हम सभी की है। उन्होंने कहा कि जब हम अपने अधिकारों की बात करते हैं, तो हमें अपने कर्तव्यों को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे ह्लपहले कर्तव्य, फिर अधिकारह्व की भावना को अपने जीवन एवं कार्यशैली का हिस्सा बनाएं। प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने दायित्वों का ईमानदारी, निष्ठा एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करे तो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता का अर्थ केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं है, बल्कि आर्थिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। आज के समय में हमें गंदगी सहित विभिन्न सामाजिक बुराइयों से भी आजादी प्राप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों एवं शहीदों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह सहित असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को सदैव स्मरण करते हुए हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बलिदान का अर्थ केवल प्राणों का बलिदान देना ही नहीं है, बल्कि अपने समय, ऊर्जा एवं सामर्थ्य का सदुपयोग करते हुए देश एवं समाज के विकास में योगदान देना भी राष्ट्र सेवा है।

उन्होंने जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रह्लाद प्रजापति की उपस्थिति को गौरव एवं सौभाग्य का विषय बताते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का संघर्ष एवं त्याग हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके परिवारों का सम्मान करना तथा उनके संघर्षों से प्रेरणा लेकर देश को आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उनके आश्रित सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रह्लाद प्रजापति सहित जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को अंगवस्त्र एवं मिष्ठान प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए किए गए उनके त्याग एवं संघर्ष को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके बलिदान की स्मृति आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रप्रेम एवं देशसेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि कलेक्ट्रेट सभागार के समीप स्थित पार्क को विकसित किया जा रहा है, जहाँ देश के महान महापुरुषों की स्मृतियों को संजोने का प्रयास किया गया है। इसका उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों को देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम तथा महापुरुषों के योगदान से परिचित कराना और उनसे प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। हम जिस भी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, यदि उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करते हैं तो हमारा छोटा-सा प्रयास भी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने-अपने कार्यक्षेत्र में शत-प्रतिशत योगदान देने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज उपस्थित बच्चे देश की आने वाली पीढ़ी हैं।

हम सभी को यह विचार करना होगा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हम कैसा भारत छोड़कर जाना चाहते हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि हमारा बीता हुआ कल हमारे आज से बेहतर हो और आने वाला कल हमारे आज से भी बेहतर हो। उन्होंने अंत में सभी से यह संकल्प लेने का आह्वान किया कि संविधान की मयार्दा का सम्मान करेंगे।

युवा संघर्ष मोर्चा ने निकाली सद्भावना यात्रा

इटावा। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर युवा संघर्ष मोर्चा की तरफ से सद्भावना यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सद्भावना यात्रा के दौरान लोगों ने देश की एकता, अखंडता, आपसी भाईचचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। यात्रा में देशभक्ति के नारों सेवातावरण गूंज उठा।प्रतिभागियों ने सभी वर्गों के लोगों से मिल-जुलकर रहने और राष्ट्रहित में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। युवा संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनुराज राठौर ने स्वतंत्रता सेनानियों एवं देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यात्रा कटरा पुर्दल खां से शुरू होकर शास्त्री चैराहा पर लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर मनुराज राठौर ने श्रद्धांजलि अर्पित की। यात्रा का जगह जगह लोगों ने भव्य स्वागत किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की आजादी के लिए किए गए संघर्ष और बलिदानों की याद दिलाता है। समाज में प्रेम, शांति और सदभाव बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। सद्भावना यात्रा का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। आयोजन चंद्रवीर सिंह ने किया यात्रा में एड अश्वनी सिंह,एड राजेश त्रिपाठीअध्यक्ष बार काउंसिल,लज्जाराम बघेल, पूर्व प्रत्याशी सिद्धार्थशंकर, नरेश भदोरिया रोलिंग स्केटिंग चैंपियंस के संचालक, राहुल,दीपू तोमर, राहुल यादव,धर्मेंद्र राठौर, पप्पू राठौर, रफत अली खान, सौरभ सिंह उर्फ जीतू, राहुल कुमार, बॉबी यादव भरथना, बब्लू दिवाकर, शिवम, पिंटू यादव, आदेश,आशु, भूरे,सूरज पाल सिंह चैहान, गुड्डू यादव, सुनील तिवारी एड, राहुल इन्द्रेश, गौरव, कृष्णाऔर भरथना टीम मिश्रा राज किशोर पोरवाल,अमित तिवारी संजय तोमर,बृजेंद्र भदोरिया,ललित यादव, निमित्त यादव, अभिषेक सेंगर,सर्वेश, संतोष राजपूत,नीलू राजपूत, अन्नू वारसी, संजीव लचबाई, डब्बू चैधरी, मनु तिवारी, मनीष शाक्य, मौजूद रहे।

अटल जी के विचार राष्ट्रहित की प्रेरणा देते हैं : सूर्यप्रताप शाही

देवरियाः रविवार, बैतालपुर नगर पंचायत क्षेत्र के कृषि भवन में दो महान विभूतियों स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी और गौरी बाजार के पूर्व विधायक स्वर्गीय श्री बाबू की पुण्यतिथि मनाई गई। सभा को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने देश को विकास की नई दिशा देने के साथ ही गरीब, किसान और गांव के हितों को सदैव प्राथमिकता दी। अटल जी का व्यक्तित्व और उनके विचार आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने श्री बाबू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीबाबू की पहचान क्षेत्र में एक बेहद तेज-तर्रार और प्रखर राष्ट्रवादी नेता के रूप में थी। वर्ष 1996 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें गौरी बाजार सीट से अपना उम्मीदवार बनाया। उन्होंने भाजपा की विचारधारा को जमीनी स्तर पर आगे बढ़ाया और पूर्वी उत्तर प्रदेश (पूर्वांचल) में पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। विधायक रहते हुए उन्होंने गौरी बाजार और बैतालपुर के ग्रामीण इलाकों में सड़कों, बिजली और कृषि सुविधाओं के विकास के लिए काफी काम किया।

सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपने विचारों, सिद्धांतों और राष्ट्रसेवा से देश के राजनीतिक जीवन को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन सुशासन, विकास, राष्ट्रहित और लोकतांत्रिक मयार्दाओं के प्रति समर्पित रहा। उनकी दूरदर्शी सोच और ओजस्वी नेतृत्व ने भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया। अटल जी के विचार और आदर्श आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। श्रीबाबू को याद करते हुए उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे अपने ताऊ श्रीबाबू के सानिध्य में रहकर राजनीति को करीब से देखने और सीखने का मौका मिला। क्षेत्र के लोग आज भी उन्हें एक सुलभ, ईमानदार और जनता के सुख-दुख में हमेशा खड़े रहने वाले नेता के रूप में याद करते हैं।

सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि अटल जी का जीवन सुशासन, विकास, राष्ट्रहित और लोकतांत्रिक मयार्दाओं के प्रति समर्पित रहा। उनकी दूरदर्शी सोच और ओजस्वी नेतृत्व ने भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया। श्रीबाबू को याद करते हुए उन्होंने कहा कि एक आदर्श नेता के रूप में उन्होंने सन 1996 में गौरी बाजार से भाजपा का झंडा बुलंद किया। वे एक ईमानदार और निर्भीक नेता थे।

जिले में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस

देवरिया। जिले में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, उत्साह एवं विविध कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। सरकारी एवं गैर-सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम्‌के साथ राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर, दीवानी न्यायालय में जनपद न्यायाधीश धनेंद्र प्रताप सिंह तथा विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित सभी कार्यालयाध्यक्षों ने अपने-अपने कार्यालयों में ध्वजारोहण किया। कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण के उपरांत जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई।

इसके बाद परिसर में पौधारोपण किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी में महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करने तथा देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने में अपना योगदान देने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि जिस अधिकारी या कर्मचारी को जो दायित्व सौंपा गया है, उसका पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करना भी राष्ट्रसेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। कलेक्ट्रेट में आयोजित गोष्ठी को मुख्य राजस्व अधिकारी बीके सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रामशंकर तथा अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डीजीसी रेवेन्यू नवनीत मालवीय ने किया। इस अवसर पर हरिश्चंद्र यादव सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को मुख्य राजस्व अधिकारी, अपर जिलाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

बुनकरों की निकली रैली का शुभारंभ शहर कोतवाल ने किया

इटावा। बुनकर एकता समिति के तत्वावधान में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर समिति के अध्यक्ष इदरीस अंसारी के नेतृत्व में बाह अड्डा से निकली विशाल तिरंगा यात्रा का शुभारंभ शहर कोतवाल यशवंत सिंह ने किया। तिरंगा यात्रा बाह अड्डा से शुरू होकर पचराहा, राजागंज चैराहा, नगर पालिका चैराहा, पक्की सराये, नौरंगाबाद चैराहा, नौरंगाबाद पुलिस चैकी, पक्का तालाब चैराहा होती हुई नुमाइश पंडाल स्थित शहीद स्मारक पर सम्पन्न हुई। समिति के अध्यक्ष इदरीस अंसारी, प्रदेश प्रवक्ता, सलाहकार कासिम अंसारी व टीम ने शहीद स्मारक व गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए देश के अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तिरंगा यात्रा के दौरान समिति के अध्यक्ष इदरीस अंसारी का लोगों ने जगह जगह माल्यार्पण व पुष्प वर्षाकर जोशीला स्वागत किया। बुनकर एकता समिति ने अतिथियों का शाल उढ़ाकर स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में सलाहउद्दीन अंसारी, मो. असलम, शारिक अंसारी, हाफिज रईस, सगीर अहमद, राशिद अंसारी, हाजी बाबू भाई, हाजी अखलाक, शमसुद्दीन अंसारी, फजलुर्रहमान अंसारी, राजीव पाल, इरफान अंसारी, लईक, निहाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बुनकर एकता समिति के अध्यक्ष इदरीस अंसारी और पूरी टीम ने यात्रा में शामिल सभी बुनकरों, राष्ट्र प्रेमियों सहित जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

जिले में हर घर तिरंगा फहराकर धूमधाम से मना 80वां स्वतंत्रता दिवस

जिलाधिकारी ने किया ध्वजारोहण, खिलाड़ियों, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को बांटे पदक व प्रशस्ति-पत्र

श्रावस्ती। देश एवं प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर 80वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के गान के बाद ध्वजारोहण किया और गार्ड की सलामी ली। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने क्रॉसकंट्री रेस के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बॉबी राणा, द्वितीय किशनलाल, तृतीय प्रवेश कुमार, चतुर्थ हर्षित कुमार, पंचम रंजीत यादव और षष्ठम भूषण को पदक व ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली नैना त्रिवेदी, द्वितीय हसीबुन निशा, तृतीय सानिया बानो, चतुर्थ पूजा, पंचम कोमल और षष्ठम संजना को भी पदक व ट्रैक सूट प्रदान किए गए। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं, विद्यालय में शत-प्रतिशत छात्रों को स्कूल ड्रेस में आने के लिए प्रेरित करने वाले शिक्षकों तथा रंगोली प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। स्वतंत्रता संग्राम

सेनानियों के परिवारजनों को प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के अथक प्रयास और बलिदान से देश को आजादी मिली। उन्हीं के कारण आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना संघर्ष करने वाले सभी वीर-वीरांगनाओं के प्रति हम हमेशा नतमस्तक रहेंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत के सुनहरे भविष्य के सपने देखे थे। स्वतंत्रता दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम ईमानदारी, सच्चाई, पूर्ण निष्ठा और सद्भावना के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें, ताकि उनके बलिदान को व्यर्थ न जाने दिया जाए।

उन्होंने कहा कि जनपद श्रावस्ती ने भी कई क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की हैं। जनपद में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ अंतिम पायदान पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना लक्ष्य है। इससे श्रावस्ती के साथ-साथ पूरे देश को विकसित बनाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान चलाकर घर-घर तिरंगा फहराया गया है। यह एक सराहनीय कदम है और इससे देश की एकता व अखंडता को और मजबूती मिलेगी। जिलाधिकारी ने इस अभियान में लगे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और जनपदवासियों को धन्यवाद देते हुए स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ललित कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस को पर्व की तरह मनाना चाहिए। देश के तमाम वीर सपूतों ने अपने प्राणों का बलिदान देकर देश को आजादी दिलाई है। पूरा देश हमेशा उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए हमारे वीर सैनिक कठिन परिस्थितियों में देश की सुरक्षा कर रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस उनके योगदान को याद करने और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर भी है। अपर जिलाधिकारी न्यायिक अशोक कुमार ने कहा कि लंबे संघर्ष, त्याग और बलिदान के परिणामस्वरूप वर्ष 1947 में भारत को आजादी मिली। आज हर भारतवासी जिस स्वतंत्र वातावरण में जीवन जी रहा है, वह भारत माता के महान सपूतों और बलिदानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने कहा कि देश अलग-अलग समय में गुलामी के खिलाफ संघर्ष और आंदोलनों का गवाह रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी के वैयक्तिक सहायक के0के0 वैश्य ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी प्रवीण कुमार यादव, उप जिलाधिकारी श्रेया, उप जिलाधिकारी निशान्त उपाध्याय, जिला शासकीय अधिवक्ता श्रवण कुमार द्विवेदी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शरद श्रीवास्तव, जिलाधिकारी के आशुलिपिक अनूप तिवारी, कलेक्ट्रेट नाजिर कौशल यादव, सदभावना सेवा संस्थान के योगेन्द्रमणि त्रिपाठी सहित कलेक्ट्रेट परिवार के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय में किया ध्वजारोहण

इटावा। भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा द्वारा देश के 80वें स्वाधीनता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्र ध्वज फहराया गया। मुख्य अतिथि डा. आर के एस भदौरिया ने चिकित्सालय संचालन समिति के अध्यक्ष महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी के साथ तिरंगा फहराया। धर्मार्थ सेवा शाखा के अध्यक्ष हरिदत्त दीक्षित ने सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। संचालन राजेंद्र कुमार दीक्षित ने किया।

इससे पूर्व उपस्थित सभी सदस्यों ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। समीक्षा चैधरी, आशाराम मिश्रा एवं बालक अभ्यंक दीक्षित ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं सुनाईं। कार्यक्रम में शाखा के सचिव महेश कुमार बाथम, घनश्याम तिवारी, जगदीश सिंह यादव, केके त्रिपाठी, आचार्य महेश चंद्र तिवारी, विनोद त्रिपाठी, प्रदीप आढ़तिया, अवधेश सविता, विनय कुमार पांडे, कौशल चंद्र चतुवेर्दी, रीना राठौर, डा. आशीष दीक्षित, सुधीर मिश्र, रवि शंकर चैधरी, उमाकांत पाठक आदि मौजूद रहे।

क्रांतिकारियों, अमर शहीदों के त्याग बलिदान का परिणाम है : प्राचार्य

इटावा। केके कॉलेज में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, देशभक्ति एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। ध्वजरोहण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह, प्रबंध समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार वर्मा एवं मंत्री ओंकारनाथ वर्मा द्वारा किया गया। ध्वजारोहण के बाद एन.सी.सी. कैडेट्स ने राष्ट्रीय ध्वज को सशस्त्र सलामी दी। प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की स्वतंत्रता महान स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों एवं अमर शहीदों के लंबे संघर्ष, त्याग और बलिदान का परिणाम है। समारोह में महाविद्यालय प्रबंध समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य, शिक्षकगण, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के उपरांत विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत भाषणों, गीतों एवं कविताओं की भावपूर्ण प्रस्तुतियां देकर वातावरण को राष्ट्रप्रेम से भर दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के पूर्व मुख्य अनुशासन अधिकारी प्रो. शिवराज सिंह यादव एवं वर्तमान मुख्य अनुशासन अधिकारी प्रो. सुनील सिंह सेंगर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजयी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षा निदेशक के संदेश का वाचन डॉ. सुजीत कुमार ने किया। कार्यक्रम का प्रभावी एवं गरिमापूर्ण संचालन कार्यक्रम संयोजक अर्थशास्त्र विभाग की प्रभारी प्रो. पदमा त्रिपाठी ने किया।

विकसित भारत और आजादी का सफर

मनोज बाजपेयी

राष्ट्र के सामने जो चुनौतियां हैं, उनके समाधान में ही बड़े अवसर निहित हैं। हम रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए विकास को तेज करेंगे तो विकसित भारत का संकल्प मजबूत होगा। गरीबी और आर्थिक असमानता को कम करने के लिए समावेशी विकास की तरफ बढ़ेंगे, तो हमारी अर्थव्यवस्था का विस्तार होगा। हमारे सामने जो चुनौतियां हैं, उनके समाधान का हमारा संकल्प जितना मजबूत होगा, विकसित भारत की यात्रा भी उतनी ही सुगम होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण के बाद राष्ट्र को संबोधित करते हुए एक फिर विकसित भारत का संकल्प दोहराया। अपने 76 मिनट के लंबे संबोधन में प्रधानमंत्री का सर्वाधित जोर आजादी की 100वीं वर्षगांठ अर्थात 15 अगस्त 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने पर केन्द्रित रहा। यह बड़ा, दूरगामी और आजादी के वास्तविक सपने को साकार करने वाला संकल्प है। इसलिए इसके लिए पूरे देश को एकजुटता के साथ देश को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना होगा। अगले दो दशक में देश की अर्थव्यवस्था को 30 ट्रिलियन डॉलर या इससे भी आगे ले जाना होगा ताकि भारत कम से कम मध्यम आया वाला देश बन जाये। फिलहाल भारत की अर्थव्यवस्था चार ट्रिलियन डॉलर से कुछ अधिक है और दुनिया में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अब अगर चार ट्रिलियन से इसे 30-32 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाना है तो दीर्घकालीन उच्च एवं सतत् विकास दर्ज करने के साथ ही अर्थव्यवस्था में छिपी हुई कमजोरियों को तलाशना होगा और उनको दूर करना होगा। इससे हमारी अर्थव्यवस्था बार-बार दुनिया में उत्पन्न होने वाले भू-राजनीतिक तनावों से कम से कम प्रभावित होगी।

ऊर्जा, रेयर अर्थ मैग्नेट, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्युटिकल आदि क्षेत्रों में देश आयात पर निर्भर है और इस कारण भारत का निर्यात तेजी से बढ़ने के बावजूद वास्तु व्यापार में बहुत अधिक घाटा हो रहा है। ऊर्जा के मामले में आयात पर हमारी निर्भरता के कारण बार-बार हमारी अर्थव्यवस्था संकट में पड़ जाती है। अचानक क्रूड की कीमतें बढ़ने लगती हैं, विदेशी मुद्रा बाहर जाने लगती है, रुपया टूटने लगता है और महंगाई बढ़ने लगाती है। इसका समग्र असर देश की आर्थिक प्रगति पर भी पड़ता है और लोगों के सामने जो चुनौतियों उत्पन्न होती हैं वह अलग। इसलिए विकसित भारत की यात्रा में जो चुनौतियां हैं उनका समाधान तलाशना जरूरी है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता, वस्तु व्यापार में होने वाले घाटे को सीमित करना, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पर फोकस बढ़ाकर और सेमीकंडक्टर, चिप्स की दौड़ हमने जो पूर्व में गलतियां की उनको पीछे छोड़कर इस प्रौद्योगिकी में तेजी से आगे बढ़ना होगा, तभी देश लंबे समय तक विकास की ऊंची गति को बनाये रख सकता है। जब हम विकसित भारत का संकल्प ले रहे हैं तब यह भी जरूरी है कि हम आजादी के समय की परिस्थितियों और लगातार परिवर्तन के दौर गुजरते हुए इस मुकाम तक पहुंचने की अपनी यात्रा पर भी विहंगम दृष्टि डालें। 1947 का भारत आज के भारत से बिल्कुल अलग था। अर्थव्यवस्था कमजोर थी, उद्योग सीमित थे, गरीबी व्यापक थी और स्वास्थ्य सुविधाएं बेहद कम थीं। शिक्षा की स्थिति भी चिंताजनक थी। 1951 की पहली जनगणना में देश की साक्षरता दर केवल 18.33 प्रतिशत थी।

विमर्श

बड़ी आबादी गांवों में रहती थी और जीवन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में गुजरता था। देश के सामने भूख, बीमारी, बेरोजगारी और अशिक्षा से लड़ते हुए एक आधुनिक राष्ट्र का निर्माण करने की चुनौती थी। इन कठिन परिस्थितियों के बीच भारत ने लोकतंत्र को अपना रास्ता चुना। संविधान बना और प्रत्येक वयस्क नागरिक को मतदान का अधिकार दिया गया। जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, अमीरी या गरीबी के आधार पर मताधिकार में कोई भेद नहीं किया गया। 1951-52 के पहले आम चुनाव ने दुनिया को चकित कर दिया। जिस देश की बड़ी आबादी निरक्षर थी, उसी देश ने करोड़ों लोगों को मतदान की प्रक्रिया में शामिल करके यह साबित किया कि लोकतंत्र केवल शिक्षित और संपन्न समाजों की व्यवस्था नहीं है। भारतीय लोकतंत्र की यात्रा हालांकि हमेशा सरल नहीं रही। 1975 का आपातकाल नागरिक स्वतंत्रता, प्रेस की आजादी और राजनीतिक असहमति की कठिन परीक्षा था। लेकिन 1977 के चुनाव ने साबित किया कि भारत का मतदाता सत्ता बदलने की शक्ति रखता है। यही लोकतंत्र की असली ताकत है यानी अंतिम निर्णय जनता के हाथ में रहना। स्वतंत्रता के बाद भारत को अपनी सीमाओं की रक्षा की चुनौती भी लगातार झेलनी पड़ी। 1947-48 का भारत-पाकिस्तान युद्ध, 1962 में चीन के साथ युद्ध, 1965 और 1971 के युद्ध तथा 1999 का कारगिल संघर्ष और बीते साल चार दिनों तक चला ऑपरेशन सिंदूर, हमारे राष्ट्रीय इतिहास के महत्वपूर्ण अध्याय हैं। 1971 के युद्ध ने दक्षिण एशिया का राजनीतिक भूगोल बदल दिया और बांग्लादेश का जन्म हुआ। कारगिल ने भारतीय सैनिकों के साहस और बलिदान को फिर देश के सामने रखा। ऑपरेशन सिंदूर ने प्रौद्योगिकी आधारित युद्ध में भारत के सामर्थ्य को प्रमाणित किया। इन संघर्षों के बीच भारत ने अपनी रक्षा क्षमता को मजबूत किया। आज वैश्विक कूटनीति और सामरिक क्षमता में भारत एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। लेकिन भारत की कहानी केवल युद्धों की कहानी नहीं है। यह निर्माण और आत्मनिर्भरता की कहानी भी है। हरित क्रांति ने देश को खाद्यान्न संकट से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिस भारत को कभी विदेशों से अनाज मंगवाना पड़ता था, वही आगे चलकर खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बना। उद्योग, बैंकिंग, परिवहन और संचार के क्षेत्रों में भी व्यापक परिवर्तन हुए। विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने ऐसी उपलब्धियां हासिल कीं, जिनकी कल्पना 1947 के भारत में कठिन थी। अंतरिक्ष अनुसंधान, परमाणु ऊर्जा, औषधि निर्माण और चिकित्सा विज्ञान में देश ने अपनी क्षमता साबित की। चंद्रयान-3 की सफलता ने भारतीय वैज्ञानिक प्रतिभा को विश्व के सामने नई ऊंचाई दी। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के निकट सफलतापूर्वक उतरने वाला भारत पहला देश बना। यह उपलब्धि उस भारत की यात्रा का प्रतीक है, जिसने कभी मूलभूत जरूरतों के लिए संघर्ष किया था और आज अंतरिक्ष के रहस्यों को समझने की दिशा में अग्रणी देशों के साथ खड़ा है। आर्थिक क्षेत्र में 1991 का संकट निर्णायक मोड़ साबित हुआ। आर्थिक सुधारों के बाद उद्योग, व्यापार और निजी क्षेत्र के विस्तार को गति मिली। सूचना प्रौद्योगिकी, औषधि निर्माण, सेवा क्षेत्र और विनिर्माण ने अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी।

आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और वैश्विक मंच पर उसकी भूमिका लगातार बढ़ रही है। फिर भी विकास की चमक के पीछे कुछ कठोर सवाल मौजूद हैं। गरीबी में कमी आई है, जीवन प्रत्याशा बढ़ी है और करोड़ों लोगों का जीवन स्तर सुधरा है, लेकिन बेरोजगारी, रोजगार की गुणवत्ता, किसानों की आय, महंगाई और आर्थिक असमानता अब भी चुनौती हैं। बड़ी अर्थव्यवस्था होना महत्वपूर्ण है, लेकिन विकास की असली कसौटी यह है कि उसकी रोशनी समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति तक कितनी पहुंची है। यह दरअसल हमारे सामने बड़ी चुनौती है और इन चुनौतियों के समाधान में ही बड़े अवसर निहित हैं। हम रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए विकास को तेज करेंगे तो विकसित भारत का संकल्प मजबूत होगा। आर्थिक असमानता को कम करने के लिए समावेशी विकास की तरफ बढ़ेंगे, तो हमारी अर्थव्यवस्था का विस्तार होगा। हमारे सामने जो चुनौतियां हैं, उनके समाधान का हमारा संकल्प जितना मजबूत होगा, विकसित भारत की यात्रा भी उतनी ही सुगम होगी।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

अधर में एफसीआरए बिल

विपक्ष के भारी विरोध के बीच केन्द्र सरकार को विदेशी अंशदान विनियामक अधिनियम अर्थात एफसीआरए को संसद के मानसून सत्र में पास कराने से पीछे हटना पड़ा। सरकार इसे संयुक्त संसदीय समिति को सौंपने के लिए तैयार हो गयी और इस तरह यह कानून फिलहाल लटक गया है। बेशक जेपीसी में भाजपा-एनडीए सांसदों का बहुमत होगा और अध्यक्ष भी उन्हीं का होगा, लेकिन विमर्श, सार्वजनिक प्रतिक्रियाओं, प्रभावित क्षेत्रों-संगठनों के तर्क और पक्ष-विपक्ष की टकरावपूर्ण राजनीति के मद्देनजर बिल पर सम्यक विचार करने में 4-6 महीने का वक्त लगना स्वाभाविक है। जेपीसी की रिपोर्ट के बाद भी संसद में सहमति बन पाएगी और बिल सहजता से पारित होगा, इसके आसार बहुत कम हैं। हालांकि इस कानून में संशोधन करना और उसे सख्ती से लागू करना इसलिए बेहद जरूरी है, क्योंकि एफसीआरए के जरिए देश की सुरक्षा, संप्रभुता, लोकतंत्र को बदनाम करने की कोशिशें जारी रही हैं। पीएम मोदी के ही खिलाफ दुराग्रही अभियान, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समर्थक पत्रकारिता-लेखन और नवजात कॉकरोच जनता पार्टी आदि को भी विदेशी पैसा मिलता रहा है। यह कोई छिपा हुआ रहस्य नहीं है, बेशक कोई कुछ भी स्पष्टीकरण देता रहे या दावे करे, लेकिन विदेशी फंडिंग मिलती रही है। इसका उपयोग भारतीय हितों के खिलाफ भी होता रहा है। अमरीका, ब्रिटेन के कौन-कौन से फाउंडेशन और संगठन भारत में देश-विरोधी हरकतों को पैसा दे रहे हैं, उनके ब्यौरे स्पष्ट हैं। भारतीय स्टेट बैंक और केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास तमाम रिकॉर्ड दर्ज हैं। अमरीकी फंडिंग भारत में उसके तमाम संगठनों के जरिए मिलती रही है और इसमें तो कुछ बहुत ही कुख्यात हैं। एफ सी आर ए में स्पष्ट प्रावधान है कि राजनेता, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार, जज-न्यायाधीश, सरकारी कर्मचारी और पत्रकार आदि विदेशी अंशदान नहीं ले सकते। इस प्रावधान का उल्लंघन किया जा रहा है और मीडिया में वेबसाइट,

पोर्टल, प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ दुराग्रही अभियान वाले लोगों, पत्रकारों को और नवजात कॉकरोचों को भी विदेशी फंडिंग मिल रही है। गृह मंत्रालय ने जो आंकड़े जारी किए हैं, उनमें 15,491 डॉलर कॉकरोच के नाम भी दर्ज हैं। इस सूची में राहुल गांधी समर्थक संगठन का नाम भी है। भारत में औसतन 18,500-22,963 करोड़ रुपये सालाना की विदेशी फंडिंग आती रही है। इसके लिए कुल 52,159 एनजीओ पंजीकृत किए गए थे। उनमें से अब 14,455 ही सक्रिय हैं। 22,498 एनजीओ के लाइसेंस पूर्व में ही रद्द कर दिए गये हैं और 15,206 संस्थाओं के लाइसेंस डीम्ड एक्सपायर्ड श्रेणी में पहुंच गये हैं। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि पांच साल की अवधि पूरी होने के बाद लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया गया। अमरीका के संगठनों, सांसदों और ईसाई प्रतिनिधियों ने एफसीआरए संशोधन बिल का सबसे अधिक विरोध किया है। अमरीकी कांग्रेस में यहां तक धमकी दी गई कि यदि यह संशोधन बिल भारतीय संसद में पारित किया जाता है, तो रणनीतिक साझेदारी के संबंध प्रभावित होंगे। क्या अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ऐसा जोखिम उठा सकते हैं? भारत में भी कांग्रेस समेत लगभग सभी विपक्षी दलों ने बिल के विरोध का एलान किया है। उन्होंने बिल को अल्पसंख्यक-विरोधी करार दिया। ईसाई समुदाय के प्रतिनिधि गृहमंत्री अमित शाह से मिले। उन्हें आश्वस्त किया गया कि बिल किसी के भी खिलाफ नहीं है। अलबत्ता विदेशी फंडिंग को अधिक पारदर्शी, जवाब देह, निश्चित काम के लिए अंशदान और देशहित सुनिश्चित करने की व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, लिहाजा यह बिल जरूरी है। यह भी साफ किया गया कि विदेशी फंडिंग किसी भी तरह के धर्मान्तरण के लिए नहीं होगी। इस तरह देखा जाये तो एफसीआरए कानून राष्ट्रहित को पोषित करने वाला है। इसलिए यह जरूरी है कि इस बिल को पास कर कानून का रूप दिया जाये ताकि देशविरोधी साजिशों पर लगाम लगे।

विचार

जो तमाम इच्छाओं से ऊपर उठ गया है, उसके द्वारा भलाई सदा इस तरह अनजाने, सहज और स्वाभाविक तौर से होती रहती है जैसे फूल से खुशबू और सितारों से रोशनी निकलती रहती है।

–स्वामी रामतीर्थ.

छोटों के साथ सद्व्यवहार करके ही बड़ा मनुष्य अपने बड़प्पन को अच्छी तरह से प्रकट कर सकता है।

– कार्लाइल.

यदि हम गिरते हैं तो और अधिक अच्छी तरह से चलने का रहस्य भी सीख जाते हैं।

–महर्षि अरविन्द.

आत्मा अमर है, न उसका जन्म है न मृत्यु है। यह नित्य है और अनादि काल से चली आ रही है। किसी शरीर की मृत्यु होने पर भी उसकी मृत्यु नहीं होती है।

–श्रीमद्भागवतगीता.

सोशल मीडिया

मां शीतला अथिति गृह कौशम्बी में जनपद के विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। केशव प्रसाद मौ

पूरा देश देख रहा है कि झारखंड में छात्र शांति पूर्ण और अनुशासित संघर्ष कर रहे हैं, न गाली गलौज, न अभद्र भाषा, न अज्ञान पेमेंट से महंगा भोजन, न पिकनिक जैसा माहौल। सुधांशु त्रिवेदी.

2005 में केजरीवाल जी ने आरटीआई आंदोलन चलाया था। फिर स्वराज अभियान, अन्ना आंदोलन आम आदमी पार्टी, 21 साल का सफर एक साथ कभी संघर्षों से भरा, कभी खुशियों से। संजय सिंह.

साधना के प्रकार

हमारी अवांछनीय आदतें कष्ट का कारण बनती हैं। आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्ययता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मो में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं। योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठापित करने का प्रयास किया है। आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

अंतर्दृष्टि

रिश्वत का समाजवाद

व्यंग्यलोक

सरकारों ने भरसक प्रयत्न किया था कि देश में समाजवाद आ जाये, परन्तु पता नहीं कैसे नहीं आया। इसमें कुछ समाजवाद की भी गलती है कि यह हमारे देश में जाने क्यों आना ही नहीं चाहता, जबकि हमारे यहाँ तो समाजवादी भी हैं और समाजवादी पार्टी भी। मुझे लगता है कि यदि इसी तरह लगे रहे तो वह दिन दूर नहीं है, जब समाजवाद हर क्षेत्र में आ ही जायेगा। समाजवाद का अर्थ अब अमीर-गरीब की खाई को पाटना भर नहीं है, अपितु हर क्षेत्र में हर नागरिक को समान रूप से कार्य करने का अधिकार मिल जाये तो यह भी समाजवाद ही है। इधर सांसद भी समाजवाद की ओर अग्रसर हो गये हैं, पहले केवल काम करने की रिश्वत सरकारी कर्मचारी ही लेता था, लेकिन अब सांसद, मंत्री और तमाम राजनेता इस ओर पूरी ईमानदारी से चेष्टा कर रहे हैं। यदि रिश्वत सार्वजनिक हो जाती है तो यह समाजवाद ही है। सभी को रिश्वत लेने का अवसर हाथ लग जाये और उन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो तो यह हमारे लिए समाजवाद के सन्निकट ले जाती है। भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की प्रासंगिकता बिलकुल नहीं रही है। जांच आयोगों का हश्र हम लोग देख ही रहे हैं। रिश्वतखोर, घोटालेबाज तथा दलालों को समान दृष्टि से देखा जाना ही समाजवाद का पर्याय है। युग बदला है तो समाजवाद के मायने भी बदल गये हैं। समाजवाद अब हर कोई लाने पर उतारू है। सरकार का किसी पर कोई नियंत्रण नहीं है और सबको सभी की मेहनत का फल बराबरी से मिल रहा है। अब लोग कर्तव्यों को भूलकर अपने अधिकारों के प्रति इतने जागृत हो गये हैं कि समाजवाद का सा वातावरण सब ओर दिख रहा है। अब समाजवाद को कहीं से उधार लाने की आवश्यकता नहीं है, अपितु हमारी सरकारें भी सबको समान अवसर देने का संकल्प कर चुकी हैं। मनमानी को ही लें, हर नागरिक इसे तहेदिल से अपना चुका है और मनमानी में लगभग समाजवाद पूरी तरह आ चुका है। पुलिस और चोर मिलकर एक बीड़ी फूंक रहे हें। राजनेता बाहुबलियों को लेकर सत्तातंत्र पर हावी हैं। डॉन से दोस्ती रखना गर्व की बात मानी जाने लगी है और वे मिल-बैठकर अपनी स्वार्थ सिद्धी में लगे हैं। यह हमारे समाजवाद का ही प्रतिफल है। जो लोग बीपीएल हैं, उनके बारे में तो बात करना ही बेमानी है। ये लोग इतने ढ़ीठ हो गये हैं कि आजादी के छह दशक बाद भी अपने आप को नहीं उठा सके हैं। इनके कारण बड़ा शर्मिन्दा होना पड़ता है। वरना सरकार ने तो गरीबी हटाओ का कार्यक्रम इतने जोरों से चला रखा है कि इसे अब तक ऊपर आ जाना ही चाहिए था। गरीबी मिटाते-मिटाते नेता अमीर हो गये, लेकिन इन गरीबों की गरीबी अभी तक भी इनका पीछा नहीं छोड़ रही।

पूरन सरमा

इस बार महिला हॉकी टीम से देश को बहुत उम्मीदें हैं

महिला हॉकी विश्व कप

सारिम अन्ना

झारखंड की ब्यूटी डंगडुंग भारतीय महिला हॉकी टीम की उन चंद युवा खिलाड़ियों में से हैं, जो नीदरलैंड्स व बेल्जियम में अपना पहला विश्व कप खेल रही हैं। इस प्रतियोगिता में वह अन्य खिलाड़ियों की तरह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास कर रही हैं। गौरतलब है कि 2026 महिला एफआईएच (इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन) हॉकी विश्व कप बेल्जियम के वेव्रे और नीदरलैंड्स के एमस्टेलवीन में संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है, 14 अगस्त से और इसका समापन 30 अगस्त 2026 को होगा। इस प्रतियोगिता में 16 टीमें हैं और 9 बार का विजेता नीदरलैंड्स अपने खिताब का बचाव करने की कोशिश में है। क्वालिफिकेशन प्रतियोगिताएं 2026 के शुरूआत में सम्पन्न हुई थीं, जिनमें से एक प्रमुख क्वालीफायर की मेजबानी हैदराबाद, भारत ने की थी, जिसमें इंग्लैंड के विरुद्ध एक कड़े मुकाबले के बाद भारत रनर-अप रहा और इस नाते भारत ने भी क्वालीफाई किया।

हॉकी का पहला महिला विश्व कप 1974 में खेला गया था और 1986 से यह हर चार साल के अंतराल पर खेला जा रहा है। महिला विश्व कप को अब तक सिर्फ 4 टीमों ने ही जीता है, जिनमें नीदरलैंड्स ने रिकॉर्ड 9 बार और अर्जेंटीना, जर्मनी व ऑस्ट्रेलिया ने दो-दो बार। भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1974 में रहा था, जब वह चैथे स्थान पर रहा। लेकिन इस बार उसे पहले से अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। खिलाड़ियों ने अच्छी तैयारी की है। भारतीय टीम में सिर्फ युवा शक्ति ही नहीं बल्कि अनुभव का भी अच्छा मिश्रण है। मसलन, जब निक्की प्रधान ने 2018 में पहली बार विश्व कप में प्रवेश किया था, तो उनके समक्ष सबसे बड़ी चुनौती शायद यह थी कि हॉकी के सबसे बड़े मंच पर खेलना कैसा होगा। वर्षों बाद झारखंड की यह डिफेंडर अपना तीसरा विश्व कप खेल रही हैं और उनकी भूमिका बदल गई है। एक समय जो उन्हें अनुभव चाहिए था, वह अब अन्य सीनियर खिलाड़ियों के साथ मिलकर युवा पीढ़ी तक पहुंचा रही हैं। भारतीय टीम में सबसे ज्यादा खिलाड़ी हैं, जो 200 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुकी हैं। इतना अनुभव इस विश्व कप में किसी अन्य टीम के पास नहीं है। सविता पुनिया 300 से अधिक मैच खेल चुकी हैं, जबकि नेहा गोयल, नवनीत कौर, निक्की व सुशीला चानू के पास भी 200 से अधिक मैचों का अनुभव व्यक्तिगत तौरपर है। भारतीय टीम के औसत अंतर्राष्ट्रीय मैच प्रति खिलाड़ी 103.55 हैं, जोकि प्रतियोगिता में सिर्फ बेल्जियम (116.7), अर्जेंटीना (104.35) और चिली (104.1) से ही पीछे है। निक्की बताती हैं, 'जब मैंने अपना पहला विश्व कप खेला था तो मुझे मालूम नहीं था कि यह कितना बड़ा टूनार्मेंट है, इसे कैसे खेला जाये और क्या उम्मीद की जाये। मेरा पहला विश्व कप होने के नाते दबाव अधिक था।' दो विश्व कप के बाद निक्की को लगता है कि उनका अनुभव युवा खिलाड़ियों की मदद करने में काम आयेगा। सुशीला अपना दूसरा विश्व कप खेल रही हैं। वह भी अपनी जिम्मेदारी को इसी तरह से समझती हैं, 'हम युवा खिलाड़ियों से कहती हैं कि खुलकर खेलें, उनके ऊपर कोई दबाव नहीं है। जो भी गलती होगी, हम सीनियर उसे संभाल लेंगे।' निक्की को लगता है कि जूनियर व सीनियर ग्रुप्स में पहले जैसा गैप अब नहीं है। मैदान में व उसके बाहर बोन्डिंग मजबूत हुई है जिससे टीम भी मजबूत हुई है, जो प्रदर्शन में दिखायी दे रहा है। संभावना यह है कि भारत विश्व कप में अपना आज तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा, विशेषकर इसलिए कि सीनियर व जूनियर में तालमेल बहुत अच्छा है। बहरहाल, सीखना एक ऐसी प्रक्रिया है जो दोनों तरफ काम आती है। कुछ जूनियर खिलाड़ियों के स्किल बहुत अच्छे हैं, कुछ की स्पीड अच्छी है और कुछ की अपनी विशेषताएं हैं। निक्की उनसे सीखने का प्रयास करती हैं। ब्यूटी डंगडुंग का भी मानना है कि पिछले कुछ माह के दौरान भारतीय टीम में जो सबसे बड़ा बदलाव आया है वह केवल टैक्टिकल ही नहीं बल्कि इमोशनल भी है। खिलाड़ियों में बोंडिंग बहुत अच्छी हो गई है। सब पहले से अधिक आपस में बातें करने लगी हैं, सीनियर व जूनियर दोनों। एक दूसरे को सपोर्ट करती हैं, जिससे दोनों मैदान के अंदर व बाहर सुधार आया है। मुख्य कोच एस मरीजने के कारण टीम के स्ट्रक्चर में स्पष्टता है, रक्षा पंक्ति मजबूत हुई है और काउंटर-अटैक गेम में भी सुधार आया है।

आप की बात

औद्योगिक विकास

विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। अगर कोई इण्डस्ट्री आती है तो उसको जमीन में ही इतना निवेश करना पड़ेगा कि उसका खजाना खली हो जोयगा। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। मसलन सरकार अगर सड़क बनाती है, बिजली पहुंचाती है और कानून का राज कायम करती है तो इससे निश्चय ही प्रदेश में लोगों का भरोसा बढ़ेगा और निवेशक आयेंगे। निवेश के लिए कानून व्यवस्था, बिजली, पानी एवं बेहतर सड़क जरूरी है। इस दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है ऐसे में यह उम्मीद की जा सकती है कि भविष्य में तेज विकास होगा। तेजल विकास से ही देश एवं प्रदेश की समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है। विकास से ही रोजगार बनेगा। आरक्षण से बेरोजगारी कभी भी दूर नहीं हो सकता है। इसलिए सरकार को अपना पूरा ध्यान विकास पर केन्द्रित करना चाहिए।

कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.

प्राथमिक शिक्षा

उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था पहले से ही बहुत जटिल थी, कोरोना के दौरान यह और भी बिगड़ गयी। हालांकि अब इसमें कुछ सुधार हो रहा है। किसी भी समाज की प्रगति का आईना वहां की प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था होती है। उत्तर प्रदेश में जिस तरह से दशकों तक प्राथमिक शिक्षा की अवहेलना की गयी वह चिंताजनक है। हालांकि अब धीरे-धीरे शिक्षा में सुधार के प्रयास हो रहे हैं, लेकिन कोरोना महामारी ने शिक्षा में सुधार के प्रयासों को काफी झटका दिया है। लेकिन इन प्रयासों को फिर से तेज करना होगा।

बीते वर्षों में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कई प्राथमिक पाठशालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कक्षा तीन के विद्यार्थी से कुछ पढ़ने के लिए कहा, तो विद्यार्थी रटा-रटाया अध्याय पढ़ने लगा। सीएम ने जब दूसरा अध्याय पढ़ने के लिए कहा तो विद्यार्थी हिचकिचाने लगा। इस पर सीएम ने शिक्षक से कड़ी नाराजगी भी जतायी थी और शिक्षा को सुधारने की सख्त नसीहत भी दे रखी थी। मुख्यमंत्री को निरीक्षण के दौरान जो अनुभव हुआ वह प्राथमिक शिक्षा की हकीकत है। प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है और जो शिक्षक हैं भी वे शिक्षण कार्य में रुचि नहीं लेते हैं। हालांकि शिक्षकों की भर्ती हुई भी है लेकिन अभी भी शिक्षकों की कमी है। प्रदेश में लाखों युवक शिक्षण की योग्यता रखते हैं लेकिन उनको मौका नहीं मिलता है। अगर सबको रोजगार से जोड़ा जाये तो शिक्षा भी दुरुस्त होगी और रोजगार भी मिलेगा। जहां तक संसाधनों की बात है तो यह कोई बड़ा मसला नहीं है। प्राइवेट स्कूल में जो शिक्षक मामूली वेतन पर शिक्षण कार्य करते हैं उनको अगर सरकारी नौकरी में कुछ ज्यादा वतन दिया जाये तो खुशी-खुशी करने लगेंगे। जो वेतन आयोग तय करता है वह गैर जरूरी है। वेतन आयोगों के कारण ही बेरोजगारी बढ़ी है। बेहतर होगा कि जरूरत के अनुसार कर्मी रखे जायें और उनको वेतन भी सरकार की आर्थिक हैसियत के अनुसार मिले।

गिरीश चन्द्र त्रिपाठी, लखनऊ.

संक्षेप

शिक्षा विकास परिषद द्वारा मेधा सम्मान एवं पुस्तक वितरण समारोह

जौरा बाजार, कुशीनगर। क्षेत्र के जौरा बाजार के तत्वावधान में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन एवं जरूरतमंद बच्चों को शैक्षणिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मेधा सम्मान एवं पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के मेधावी युवा जो विभिन्न क्षेत्रो मे सफल हुए है, उनको सम्मानित किया गया। संदीप कुमार तिवारी, निवासी भटवालिया को ऑडिटर पद पर चयन होने पर मेधा सम्मान प्रदान किया गया। इसी क्रम में सौरभ राव, निवासी रहसु तथा प्रशांत त्रिपाठी, निवासी मटिहानियाँ को नीट क्वालीफाई करने पर सम्मान किया गया।

पुस्तक वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत इंटर कॉलेज जौरा बाजार के टॉपर अंबरीश गौड, जिन्होंने 87.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, सहित कुल 30 प्रतिभाशाली एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को कक्षा 11 की पुस्तकें प्रदान की गईं। इन विद्यार्थियों में संजीव, रजक, प्रीति यादव, प्रीति शर्मा, जुनैद, निखिल, संजना, अर्चना, विवेक, शिवानी, खुशी, पुष्पा, अजय, आशीष, अनुराग गौतम, सुमित, श्रेया यादव, चांदनी, पिंकी शर्मा, महिमा, सनी, आकाश यादव, श्याम सिंह, सूरज यादव, कुंदन सिंह, अनुज बरनवाल, उज्जवल, सनी, अनीता यादव एवं विनीता यादव शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन अंशुमान चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

हर्षोल्लास के साथ जनपद में मना स्वतंत्रता दिवस

जिला संवाददाता

बहराइच । स्वतन्त्रता दिवस समारोह जनपद में गरिमापूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिले में स्वतन्त्रता दिवस समारोह का शुभारम्भ क्रासकंट्री दौड़ तथा एनसीसी कैडेट्स द्वारा निकाली गयी प्रभात फेरी के साथ हुआ। सरकारी भवनों व शिक्षण संस्थाओं में ध्वाजारोहण तथा राष्ट्रगान गायन एवं मंदे मातरम गायन के साथ अन्य विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर स्वतन्त्रता संग्राम के ज्ञात-अज्ञात अमर सेनानियों को श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। मुख्य समारोह कलेक्ट्रेट में आयोजित हुआ जहां पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर माण्टेसरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा भावपूर्ण राष्ट्रगान तथा वंदे मातरम गायन प्रस्तुत किया गया। स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर जिले के आदर्श कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में रायपुर राजा माफी के वृद्धा आश्रम में भव्यता के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी अनिल प्रधान ने वृद्ध जनों को माल्यार्पण कर उनको स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। वृद्ध जनों को अंग वस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी परिजनों श्रीमती कबूतरी देवी, श्रीमती चन्द्रकान्ती देवी, श्रीमती सुन्दरा देवी, तारिक बेग, कर्मवीर सिंह एडवोकेट, कामरान सिद्दीकी व रमेश कुमार मिश्र, काव्यपाठ करने वाले कवियों एवं शायरों अल्लन बहराइची, लक्ष्मी कांत त्रिपाठी मृदुल व रईस सिद्दीकी तथा 16 जुलाई 2026 को ग्राम टिकुरी मगरमच्छ हमले की घटना में पीड़ित को बचाने हेतु किये गये साहसिक प्रयास हेतु अनिल सिंह उर्फ इंस्पेक्टर सिंह को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा राष्ट्रगान प्रस्तुत तथा वंदे मातरम गायन प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए डीएम श्री त्रिपाठी ने स्वतन्त्रता संग्राम के ज्ञात-अज्ञात अमर सेनानियों को नमन करते हुए सभी को 80वें स्वतन्त्रता दिवस की बधाई दी। डीएम ने कहा कि अमर शहीदों के त्याग और बलिदान से आज हम एक स्वतंत्र राष्ट्र में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जहाँ भी जिस पद पर हैं अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा व लगन से निर्वहन कर आमजनमानस की समस्याओं का समाधन करने का भरसक प्रयास करें।

हमारा यहीं कृत्य अमर सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। डीएम श्री त्रिपाठी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसानों के उत्थान एवं सर्वांगीण विकास के लिए अनेकों योजनाएं तथा जनकल्याणकारी कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम छोर पर खड़े पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे। श्री त्रिपाठी ने कहा कि आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में तेजी के साथ विकास हुआ है। नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की गई है। उन्होंने जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आहवान किया कि टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जिले को सामान्य जनपदों की श्रेणी में लाने का प्रयास करें। कार्यक्रम को अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, डिप्टी कलेक्टर अमिता यादव डीजीसी रेवन्यू अजय शर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए लोगों को स्वतन्त्रता दिवस की बधाई दी तथा स्वतन्त्रता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कलेक्ट्रेट कर्मी संदीप मिश्रा ने किया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट व कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी तथा संभ्रान्त व गणमान्यजन मौजूद रहे। समारोह के उपरान्त डीएम ने अन्य अधिकारियों के साथ स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी परिसर स्थित त्रिमूर्ति, शहीद पार्क एवं अम्बेडकर पार्क में स्थापित मूर्तियों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल में देशभक्ति की धूम

फतेहपुर । स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज शिवपुरम्हरिहरगंज के छात्र एवं छात्राओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसका नेतृत्व विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार त्रिवेदी एवं प्रधानाचार्य धीरेंद्र सिंह ने किया, यात्रा में सबसे आगे बच्चे बैंड बजाते हुए यात्रा की अगुवानी कर रहे थे उसके पीछे शुभ का प्रतीक कलश लिए बालिकाएं तथा भारत माता का भव्य रथ व सैनिक परिवेश मे बच्चे जनमानस को आकर्षित कर रहे थे , सभी विद्यार्थियों के हाथ में तिरंगे छाते यात्रा मे सभी का मन मोह रहे थे एवं विभिन्न प्रदेशों की वेश पहने हुए लगभग सौ छात्राएँ व उसके पीछे यात्रा में वीरांगना लक्ष्मीबाई व उनकी सैनिक सहेलियां, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, एवं चंद्रशेखर आजाद महात्मा गांधी की जीवंत झांकियां लोगों के अंदर राष्ट्र के प्रति मर मिटने का भाव पैदा कर रही थी,,, महाराज संभाजी(छावा) की जीवंत झाँकी उनके त्याग व बलिदान का स्मरण करने के साथ-साथ परिक्षेत्र के लोगों को आत्म सम्मान के साथ जीने का संदेश दे रही थी। इसके अलावा भारतीय सेना की टुकड़ी तथा उनके आगे चल रही तोप भारत की सैन्य शक्ति का आभास करा रही थी। कार्यक्रम में बच्चे लोगों को रोमांचित करने वाले गीत गाते हुए जनमानस को एकता के सूत्र में बांधते हुए लोगों को रोमांचित कर रहे थे। बच्चे 'अमर शहीदों अमर रहो'। 'अमर शहीदों का बलिदान, याद रखेगा हिंदुस्तान' आदि नारे लगाते हुए लोगों का उत्साह वर्धन कर रहे थे, कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सक्षम सहित शिवपुरम का समस्त स्टाफ पूरे मनोयोग से यात्रा को सफल बनाने के लिए जी जान से लगा रहा। इसी क्रम में लिल्स बगिया स्कूल में 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिवाजी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के निदेशक अतुल सिंह सचान एवं लिल्स बगिया की मैनेजर मैसेज नेहा सिंह सचान ने किया तथा बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लाह के साथ मनाया स्कूल के प्रधानाचार्य जितेन सिंह ने छात्र एवं छात्राओं का उत्साह वर्धन किया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इसी क्रम में अग्रसेन चौराहा स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हरसोलस एवं धूमधाम से मनाया गया ।

छह पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को मिला पदक

बांदा। पुलिस महानिदेशक ने उत्कृष्ट व सराहनीय सेवा करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को विभिन्न प्रशंसा चिन्ह प्रदान करने की संस्तुति की है। इसी के तहत जनपद के 6 अधीकारियों-कर्मचारियों को उनके कर्तव्य निर्वहन के दौरान ईमानदारी, निष्ठा, अनुशासन, साहस तथा जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए पदक प्रदान किये गए है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने डा0 मतलूब हुसैन मुख्य अग्निशमन अधिकारी को प्रशंसा चिह्न स्वर्ण, निरीक्षक राजेशचंद्र मिश्रा को सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न, उपनिरीक्षक वेद प्रकाश को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिह्न, मु0आ0 संदीप कुमार को सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न, आरक्षी जितेंद्र कुमार को प्रशंसा चिह्न रजत व आरक्षी चंदन कुमार को शौर्य के आधार पर प्रशंसा चिह्न रजत से सम्मानित किया है।

जनपद न्यायालय में वर्षा के बीच मनाया स्वतंत्रता दिवस

बांदा। जनपद न्यायालय, में प्रातःकाल से लगातार हो रही वर्षा के बीच निर्धारित समय पर ध्वजारोहण किया गया। जनपद न्यायाधीश अल्पना ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। सभी ने पूरे जोश एवं सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और राष्ट्रगान में सहभागिता की। न्यायिक अधिकारी चंद्रपाल, गगन कुमार भारती, डॉ. विकास श्रीवास्तव, जय सिंह सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार, मनोज जैन, मोतीलाल, शिवम आर्य, अमित गुप्ता, रोहित बाबू, संतोष साविता, मिथिलेश द्विवेदी तृप्ति त्रिपाठी, कल्पना अग्रहरि सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। बार संघ कार्यालय में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल सिंह ने ध्वजारोहण किया।

बुजुर्गों के बीच में जन्मदिन की खुशियां

फतेहपुर। मवैया स्थित वृद्धा आश्रम में लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन के डायरेक्टर विराज शास्त्री अपने जन्मदिन की पूर्व संध्या पर बुजुर्गों के बीच फल वितरित कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने बताया की इन बुजुर्गों के बीच पहुंचकर उन्हें अपना जन्मदिन मनाना बहुत अच्छा लग रहा है। इस दौरान वह इन बुजुर्ग माता-पिता से आशीर्वाद ले रहे हैं तो वहीं निर्धन बच्चों के बीच पहुंचकर वह अपना जन्मदिन मनाएंगे। इसके साथी भिटौरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जन्मदिन के उपलक्ष्य पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा की उनकी कोशिश है की तमाम गरीब जरूरतमंद लोगों के वह काम आ सके, तभी सच्चे मायने में उनका जन्मदिन सफल होगा। इस अवसर पर उनके साथ अमित मिश्रा उर्फ नीटू, पूर्व सभासद मनोज श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि

बहराइच । भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि वे एक महान राजनेता, प्रखर वक्ता, कुशल प्रशासक एवं राष्ट्रभक्त थे। उन्होंने अपने जीवन को राष्ट्रहित, जनसेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए समर्पित किया। उनके विचार और आदर्श आज भी समाज एवं देश के लिए प्रेरणादायी हैं। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने अटल जी के आदर्शों को आत्मसात करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राहुल रॉय जिला कोषध्यक्ष नितिन रुपानी जिला मिडिया प्रभारी शिवांकार शुक्ला सह प्रभारी अजीत सिंह नगर अध्यक्ष अमित शर्मा जिला महामंत्री युवा मोर्चा अखिलेश यादव अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे

स्कूल ,कॉलेजों में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

देवरिया । स्वतंत्रता दिवस पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर स्कूल कॉलेज में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर देश भक्ति त्याग बलिदान का संदेश दिया गया शहर से लेकर दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित परिषदीय प्राइवेट स्कूलों विद्यालयों कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने मनोहरी कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

मॉडर्न सिटी मांटेसरी इंटरमीडिएट कॉलेज, न्यू कॉलोनी, देवरिया में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य आद्या प्रसाद तिवारी ने ध्वजारोहण कर किया , छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया।

उत्थान ऑडिटोरियम में तिरंगा महोत्सव आयोजित

जिला संवाददाता

बहराइच । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा तथा प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने तथा देश की आजादी में अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर बलिदानियों और स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में संचालित ह्यह्यहर घर तिरंगा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में 80वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर कपूर परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में तिरंगा महोत्सव कन्सर्ट का सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि मा. राज्य मंत्री, कारागार श्री सुरेश राही ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल, ब्लाक प्रूमुख जमुनहा शिवम जायसवाल, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, डीपीआरओ सूर्यभान सिंह, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव व अन्य अतिथियों एवं अधिकारियों के साथ आडिटोरियत में लगायी गयी वंदे मातरम प्रदर्शनी का अवलोकन किया तत्पश्चात मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर तिरंगा महोत्सव कन्सर्ट का शुभारम्भ किया। इसके उपरान्त राष्ट्रगान व वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ। तिरंगा महोत्सव कन्सर्ट संस्कृति विभाग द्वारा पंजीकृत सांस्कृतिक दलों जसवीर सिंह एण्ड पार्टी, माण्डवी तिवारी एवं उर्मिला पाण्डेय एण्ड ग्रुप, मैट्रो म्यूजिकल एकेडमी तथा पी.एम. श्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज तथा महात्मा बुद्ध विद्यापीठ इण्टर कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति से ओत-प्रोत समूह गायन एवं नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति की गई। मुख्य अतिथि मा. मंत्री श्री राही द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष व अधिकारियों के साथ तिरंगा महोत्सव कन्सर्ट में कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम अन्तर्गत आयोजित हो रहे सभी कार्यक्रम के पीछे मा. प्रधानमंत्री जी व मा. मुख्यमंत्री जी की यही मंशा है कि देश के प्रत्येक नागरिक विशेषकर युवाओं के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर हो। मंच का संचालन जगदीश केसरी द्वारा किया गया। समारोह के अन्त में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा सभी आगन्तुकों का आभार ज्ञापित किया गया।

आंतरिक स्वतंत्रता और ब्रह्मज्ञान से ही मुक्ति संभवः माता सुदीक्षा

बांदाः संत निरंकारी सत्संग भवन में 15 अगस्त को विशाल सत्संग का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रयागराज से आए संत रामललक शुक्ला केंद्रीय ज्ञान प्रचारक मौजूद रहे। इस सत्संग में जिले के सुदूर क्षेत्र से आए अनुयायियों महिला और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शहर के अलीगंज स्थित सत्संग भवन भक्तों से खचाखच भरा हुआ था। मुक्ति पर्व का मुख्य आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षाएवं निरंकारी राजपिता रमित के सानिध्य में दिल्ली स्थित निरंकारी सरोवर के समक्ष, निरंकारी चैक, बुराड़ी रोड पर श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में आयोजित हुआ। विदेशों की विस्तृत कल्याणकारी प्रचार यात्रा के सफल समापन के लम्बे अंतराल के उपरांत सतगुरु के पावन दर्शन प्राप्त कर दिल्ली-एनसीआर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इस आयोजन में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा ने बताया कि सच्ची मुक्ति बाहरी बंधनों से नहीं, बल्कि नफरत, अहंकार, छोटी सोच और पूर्वाग्रहों से मुक्त होने में है। हर सांस में निराकार का एहसास रखते हुए प्रेम, भक्ति और स्वीकार्यता ही मुक्ति है। उन्होंने माता सविंदर के जीवन से प्रेरणा देते हुए लाइट हाउस का उदाहरण दिया कि परिस्थितियां कैसी भी हों, भीतर की शांति, प्रेम और सकारात्मकता की रोशनी सदैव कायम रखें। संतों की शिक्षाओं को केवल सुनना नहीं, बल्कि विचार, कर्म और जीवन में उतारना ही वास्तविक साधना और मुक्ति का मार्ग है। उल्लेखनीय है कि मुक्ति पर्व का आरम्भ वर्ष 1964 में जगत माता बुद्धवंती की स्मृति में हुआ। वर्ष 1969 में शहनशाह बाबा अवतार सिंह के ब्रह्मलीन होने के उपरांत यह दिवस शहनशाह-जगतमाता दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक आयोजित किया जाने लगा। निसंदेह मुक्ति पर्व का मूल भाव यही है कि जैसे भौतिक स्वतंत्रता राष्ट्र की प्रगति और उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है, वैसे ही ब्रह्मज्ञान की दिव्य ज्योति मानव को अपनी वास्तविक पहचान का बोध कराते हुए प्रेम एवं सद्भाव के पावन मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा प्रदान करती है।

उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किये जेल अधिकारी और कर्मचारी

बहराइच । महानिदेशक कारागार उ.प्र. द्वारा जनपद कारागार के तीन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कारागार विभाग में उत्कृष्ठ कार्यो/अप्रतिम योगदान हेतु 01 स्वर्ण पदक एवं 02 रजत पदक प्रदान किया गया।

स्वतन्त्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रभारी जेल अधीक्षक अजय कुमार झा द्वारा स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर कारागार में अयोजित कार्यकम में उप कारापाल रंजीत सिंह को स्वर्ण पदक एवं उर्दू अनुवादक मो. शुऐब एवं हेड जेल वार्डन प्रभाकर त्रिपाठी को रजत पदक प्रदान किया गया। इस अवसर पर समस्त जेल स्टाफ एवं बंदी उपस्थित रहे।

आयुक्त व जिलाधिकारी ने फहराया झंडा, शहीदों को किया याद

- राष्ट्रहित, जनसेवा का निष्ठा से निभाने का लिया संकल्प

बांदा। स्वतंत्रता दिवस पर आयुक्त अजीत कुमार ने कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं अमर शहीदों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए राष्ट्रहित एवं जनसेवा के प्रति अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया गया। जिलाधिकारी आवास एवं कार्यालय में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान के साथ वीरों को नमन किया गया। जिलाधिकारी अमित आसेरी ने ध्वज फहराया। इसके पश्चात उन्होंने ऐतिहासिक दुर्ग भूरागढ़ में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि, स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान वीर भूमि बुंदेलखंड की शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक ऐतिहासिक दुर्ग भूरागढ़ स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत रहा। यहां आयोजित श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह में जल शक्ति राज्य मंत्री श्री रामकेश निषाद एवं जिलाधिकारी ने सहभागिता कर वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने स्वर्गीय सूबेदार छत्रपाल सिंह परिहार को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्रसेवा एवं बलिदान को स्मरण किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके परिजनों को शॉल, पुष्प एवं मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया गया। भूरागढ़ में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा समारोह भूरागढ़ दुर्ग परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। दयाराम रैकवार की टीम ने लोकगीतों में बुंदेलखंड की लोकसंस्कृति और राष्ट्रप्रेम की भावना को जीवंत कर दिया। श्रद्धा निगम की बालिकाओं ने वंदे मातरम गीत पर नृत्य एवं मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इसके बाद जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर मरीजों एवं बच्चों को फल बांटे; वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। वृद्धजनों को फल एवं मिष्ठान वितरित किया। रक्तदान शिविर में सहभागिता कर रक्तदान किया।

स्वतंत्रता दिवस पर कवि सम्मेलन और मुशायरा आयोजित

बहराइच । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देर शाम नगर पालिका परिषद, बहराइच के सभागार में वरिष्ठ कवि एवं शायर गुलशन पाठक की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। काव्य संध्या में नगर के कवियों एवं शायरों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रचनाएं प्रस्तुत कीं। कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का संचालन शिक्षक कवि संतोष सिंह व रईस सिद्दीकी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर बहराइच जनपद के वरिष्ठ कवियों एवं शायरों किशोरी लाल एडवोकेट, डॉ. मुबारक अली, पी.के. प्रचण्ड, रामसूरत वर्मा जलज, अल्लन बहराईची, राशिद राही, सुनील कुमार, प्रदीप कुमार पांडेय, रईस सिद्दीकी, संतोष कुमार सिंह, फौक बहराइची, नाजिम बहराइची, सुधीर मेहरोत्रा श्याम, लक्ष्मीकांत मृदुल, मयंकर पांडे, तिलक राम अजनबी, रमेश तिवारी, शाहनवाज खान, मंजूर बहराईची व नजर बहराईची, तारिक बहराइची, फौजिया अमरीन, नन्हेंलाल, शाहिद सईद व रमेश तिवारी इत्यादि कवियों एवं शायरों द्वारा काव्यपाठ किया गया।

कार्यक्रम के अन्त में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि राघव टेकड़ीवाल ने साकेत टेकड़ीवाल व सुरेश गुप्ता के साथ कवियों एवं शायरों को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

आईटीआई में लापरवाही का अंधेरा 250 छात्रों की सुरक्षा भगवान भरोसे

सुबह 11 बजे खाली मिली प्रधानाचार्य की कुर्सी, परिसर में झाड़-झंखाड़ और आवारा कुत्तों का डेरा; टॉयलेट तक पहुंच चुके हैं जहरीले जीव-जंतु

बहराइच। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रेहुआ मंसूर में सरकारी व्यवस्था की बदहाली का ऐसा चेहरा सामने आया है, जो जिम्मेदारों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। करीब 250 छात्र जिस संस्थान में अपना हुनर और भविष्य संवारने पहुंचते हैं, वहां उनकी सुरक्षा और पढ़ाई दोनों ही अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ती नजर आ रही हैं। आज सुबह करीब 11 बजे जब टीम संस्थान पहुंची तो प्रधानाचार्य रामतेज की कुर्सी खाली थी। परिसर में सन्नाटा पसरा था। कर्मचारियों की समय से उपस्थिति को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। संस्थान के अंदर और आसपास की स्थिति देखकर ऐसा लगा मानो जिम्मेदारों ने व्यवस्था से आंखें मूंद ली हों।

झाड़-झंखाड़ में छिपा खतरा, टॉयलेट तक पहुंच रहे जहरीले जीव

बरसात के दिनों में पूरे परिसर में झाड़-झंखाड़ बुरी तरह उग आया है। घास और झाड़ियों की सफाई न होने से परिसर में जहरीले जीव-जंतुओं के छिपे होने का खतरा लगातार बना हुआ है। स्थानीय स्तर पर कई बार विषैले जीव-जंतुओं को टॉयलेट और परिसर में घूमते हुए देखे जाने की बात सामने आई है। इसके बावजूद न तो झाड़ियों की नियमित सफाई कराई जा रही है और न ही छात्रों की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस इंतजाम दिखाई दे रहे हैं। सवाल यह है कि क्या किसी छात्र के साथ हादसा होने के बाद ही विभाग की नींद टूटेगी?

आवारा कुत्तों का आतंक, जिम्मेदार बेखबर

संस्थान परिसर में आवारा कुत्तों का जमावड़ा भी सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रहा है। टीम के पहुंचने पर परिसर में घूमते कुत्तों के कारण छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर चिंता की स्थिति दिखाई दी। तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान में जहां सुरक्षित और अनुशासित माहौल होना चाहिए, वहां लापरवाही का आलम साफ नजर आया।

भवन जर्जर, व्यवस्था बेहाल

संस्थान की इमारत भी रखरखाव के अभाव की कहानी बयां कर रही है।

दीवारों पर गंदगी और जर्जरता के निशान, परिसर में उगी घास-फूस झंखाड और अव्यवस्था इस बात की गवाही दे रही है कि लंबे समय से संस्थान की व्यवस्थाओं पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया।

250 छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कब तक?

राजकीय आईटीआई का उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक तकनीकी प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

लेकिन रेहुआ मंसूर संस्थान में मौजूदा हालात इस उद्देश्य पर ही सवाल खड़े कर रहे हैं। जब प्रधानाचार्य और कर्मचारी समय से संस्थान में मौजूद न हों, परिसर झाड़ियों से पटा हो और जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बना हो, तो छात्र किस भरोसे अपना भविष्य संवारें? अब देखना यह है कि विभागीय अधिकारी इस तस्वीर को गंभीरता से लेते हैं या फिर किसी अनहोनी का इंतजार कर सरकारी फाइलों में सब कुछ ह्यठीकह्न दिखाते रहेंगे।

संक्षेप

एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 16621 करोड़ डाले

नयी दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की खरीदारी का सिलसिला अगस्त में लगातार दूसरी महीने जारी है। अगस्त के पहले पखवाड़े में एफपीआई ने भारतीय शेयरों में 16,621 करोड़ रुपये का निवेश किया है। बेहतर मूल्यांकन, कंपनियों के मजबूत वित्तीय नतीजों और अमेरिका में ब्याज दरों में नरमी की उम्मीद ने निवेशकों के रुख को सकारात्मक बनाने में अहम भूमिका निभाई है। एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 20,200 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इस तरह लगातार दो महीनों की खरीदारी ने चार माह तक चले भारी बिकवाली के रुख को पलट दिया है। इस साल विदेशी निवेशकों ने मार्च में 1.17 लाख करोड़ रुपये, अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये, मई में 32,963 करोड़ रुपये और जून में 49,340 करोड़ रुपये की निकासी की थी।

कम दाम पर बिकवाली से खाद्य तेलों में गिरावट

नयी दिल्ली। देश में आयातकों द्वारा लागत से नीचे दाम पर बिकवाली के कारण बीते सप्ताह सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल जैसे आयातित खाद्य तेलों में गिरावट कायम रही। इस गिरावट के कारण बाजार की कारोबारी धारणा प्रभावित होने से सरसों तेल के दाम में भी मामूली नुकसान रहा।

एक साथ आये जावा, येज्दी और बीएसए के राइडर्स

नई दिल्ली। भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, जावा, येज्दी और बीएसए राइडर्स ने नोमैड्स के बैनर तले देशभर में आयोजित राइड्स में हिस्सा लिया। इस पहल ने स्वतंत्रता की उस भावना का जश्न मनाया, जो मोटरसाइकिलिंग के मूल में बसी है। स्वतंत्रता दिवस की इस राइड ने 150 डीलरशिप्स के माध्यम से 2,000 से अधिक राइडर्स को एक साथ जोड़ा। ये राइडर्स अलग-अलग पृष्ठभूमि, उम्र और राइडिंग शैलियों से जुड़े थे। इस आयोजन ने आपसी भाईचारे और उस साझा जुनून को प्रदर्शित किया, जो जावा, येज्दी और बीएसए कम्युनिटी के राइडर्स को आपस में जोड़े रखता है। मोटरसाइकिल चलाने का असली अर्थ अपना रास्ता खुद चुनने की स्वतंत्रता और उस सफर के आनंद को दूसरों के साथ साझा करना है।

अंशुमान ठाकुर ने लॉन्च की 'द मैन हू रन्स' किताब

नई दिल्ली। एक कदम से शुरू होने वाली चीज बदलाव का सफर बन सकती है। यही 'द मैन हू रन्स' का मुख्य संदेश है। यह लंबी दूरी के धावक और लेखक अंशुमान ठाकुर की पहली किताब है, जिसे आज नई दिल्ली में लॉन्च किया गया। यह किताब ठाकुर के उस निजी सफर को बताती है जिसमें उन्होंने दौड़ना शुरू किया और एक समर्पित लंबी दूरी के धावक बने। उन्होंने सात मैराथन पूरी की हैं और अब वे बोस्टन मैराथन के लिए क्वालिफाई करने की कोशिश कर रहे हैं। 'द मैन हू रन्स' सिर्फ. दौड़ने के बारे में नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, मुश्किलों, खुद पर शक, हिम्मत और दृढ़ संकल्प के बारे में भी है जो किसी भी सार्थक सफर का हिस्सा होते हैं। अपने अनुभवों के जरिए, ठाकुर बताते हैं कि दौड़ने से न सिर्फ. शरीर में, बल्कि सोच, प्राथमिकताओं, रिश्तों और खुद को समझने के नजरिए में भी कैसे बदलाव आ सकता है।

केडीएम ने 'भारत का चार्जर' मुहिम के तहत की बड़े संकल्प की घोषणा की

नई दिल्ली। केडीएम ने भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपनी 'भारत का चार्जर' मुहिम के तहत देश भर में एक बड़े संकल्प की घोषणा की है। देश के वीर जवानों के सम्मान और उनके बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में मदद के नेक इरादे के साथ इस पहल की शुरूआत की गई है। हमारे सैनिक उस आजादी की हिफाजत करते हैं जो हर भारतीय को सपने देखने, कुछ नया बनाने और आगे बढ़ने का मौका देती है। देश भर में एक लाख से ज्यादा डीलरों के साथ, केडीएम इंडिया के पास अपने बिजनेस नेटवर्क को देश के लिए योगदान देने वाले नेटवर्क में बदलने की ताकत रखता है। 'भारत का चार्जर' मुहिम के तहत, बिकने वाला हर चार्जर भारत की हिफाजत करने वाले सैनिकों का शुक्रिया अदा करने और उनके बच्चों के बेहतर भविष्य में योगदान देने का एक छोटा-सा जरिया बन जाता है। पूरे देश में 1 लाख से ज्यादा डीलरों के साथ मिलकर, केडीएम इंडिया अपने बिजनेस नेटवर्क को समाज में बदलाव लाने का जरिया बना रहा है।

भारत ने दूसरे दिन 460 रन बनाये

भारत मजबूत स्थिति में, पडिक्कल ने 167 रन की पारी खेली; ध्रुव जुरेल और केएल राहुल की फिफ्टी

एजेंसी

गॉल। श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन भारत मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। गॉल में टीम ने पहली पारी में 9 विकेट पर 460 रन बना लिए हैं। बारिश के कारण साढ़े चार घंटे की देरी से खेल शुरू हुआ। इसके बाद भारत ने 43 ओवर में 172 रन जोड़े। स्टंप्स होने पर कुलदीप यादव 12 और प्रसिद्ध कृष्णा 1 रन बनाकर नाबाद रहे। देवदत्त पडिक्कल ने 167 रन की पारी खेली। यह उनके टेस्ट करियर का पहला शतक है। पडिक्कल ने 230 गेंदों पर 15 चौके और एक छक्का लगाया। केएल राहुल ने 82 रन की पारी खेली। ध्रुव जुरेल ने भी 51 रन बनाए। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। टीम ने पहले दिन 2 विकेट पर 288 रन बनाए थे।

श्रीलंका से प्रभात जयसूर्या ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। केशरा नुवंथा को 3 विकेट मिले। गॉल टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म हो गया। भारत ने 116 ओवर में 9 विकेट पर 460 रन बनाए हैं। कुलदीप यादव 12 और प्रसिद्ध कृष्णा 1 रन बनाकर नाबाद हैं। कुलदीप ने 115.3 ओवर में प्रभात जयसूर्या की गेंद पर आगे निकलकर मिड-ऑफ के ऊपर से चौका लगाया। जयसूर्या ने 39 ओवर में 109 रन देकर 4 विकेट लिए। भारत के 447 रन के स्कोर पर दो गेंदों में दो विकेट गिर गए। 112.6 ओवर में असिथा फर्नांडो ने मोहम्मद सिराज को 11 रन पर आउट किया। सिराज ने 15 गेंदों में 1 छक्का लगाया और 11 रन पर मिड-ऑफ पर कैच दे बैठे। इसके बाद 113.1 ओवर में प्रभात जयसूर्या ने मानव सुथार को 24 रन पर आउट किया। सुथार ने आगे बढ़कर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद लॉन्ग-ऑन पर कैच हो गई। उन्होंने 43 गेंदों में 2 चौके की मदद 24 रन बनाए। 110.3 ओवर में केशरा नुवान्था की फुल लेंथ गेंद पर मोहम्मद सिराज ने छक्का लगाया। सिराज ने थोड़ा शफल करते हुए खुद को सही पोजिशन में लाया और गेंद के नीचे आकर बड़ा शॉट खेला। गेंद लॉन्ग-ऑन के ऊपर से सीधे बाउंड्री के बाहर चली गई। प्रभात जयसूर्या ने 109.1 ओवर में ध्रुव जुरेल को 51 रन पर आउट कर दिया। जुरेल ने गेंद को ऑन साइड में खेलने की कोशिश की, लेकिन बल्ले का ऊपरी किनारा लगा और गेंद पहली स्लिप की ओर चली गई। श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डी सिल्वा ने दाईं ओर डाइव लगाकर एक हाथ से कैच पकड़ा।

जुरेल ने 68 गेंदों में 51 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। 106 ओवर के बाद भारत ने 6 विकेट पर 413 रन बना लिए हैं। ध्रुव जुरेल 42 और मानव सुथार 11 रन बनाकर क्रीज पर हैं। लाहिरू कुमारा ने 12 ओवर में 67 रन दिए हैं, लेकिन उन्हें अब तक कोई विकेट नहीं मिला है। ऑस्ट्रेलियाई अंपायर रॉड टकर की तबीयत खराब होने के कारण उन्होंने तीसरे सेशन में अंपायरिंग नहीं कर रहे हैं। उनकी जगह रिजर्व अंपायर रवींद्र विमलासिरी ने जिम्मेदारी संभाली। केशरा नुवानथा ने 98.1 ओवर में रवींद्र जडेजा को छइह कर दिया। राउंड द विकेट से आई स्लाइडर गेंद पर जडेजा गलत लाइन में शॉट खेलने गए और गेंद पैड पर जा लगी।

श्रीलंका की अपील पर अंपायर ने उंगली उठा दी। जडेजा ने रिव्यू लिया, लेकिन गेंद लेग स्टंप से टकराती दिखी और अंपायर्स कॉल के कारण फैसला बरकरार रहा। जडेजा 25 गेंदों पर 13 रन बनाकर आउट हुए। यह नुवानथा का तीसरा विकेट है। दूसरे सेशन में श्रीलंका ने बेहतर गेंदबाजी करते हुए भारत के 3 विकेट चटकाए। ऋषभ पंत 39, केएल राहुल 82 और देवदत्त पडिक्कल 167 रन बनाकर आउट हुए। पडिक्कल को प्रभात जयसूर्या ने स्टंपिंग कराया। टी-ब्रेक तक भारत का स्कोर 364/5 है। तीसरे सेशन का खेल 4:20 बजे शुरू होगा। प्रभात जयसूर्या ने 91.3 ओवर में देवदत्त पडिक्कल को 167 रन पर स्टंपिंग करा दी। पडिक्कल क्रीज से आगे निकलकर शॉट खेलने आए, लेकिन जयसूर्या ने गेंद को तेज और फ्लैट रखा। पडिक्कल गेंद को मिस कर गए और विकेटकीपर निरोशन डिकवेला ने तुरंत गिल्लियां बिखेर दीं। पडिक्कल ने 230 गेंदों में 167 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और एक छक्का शामिल रहा। केशरा नुवानथा ने 84.1 ओवर में केएल राहुल को 82 रन पर आउट कर दिया। गेंद ने टर्न और बाउंस लिया, जिससे राहुल शॉर्ट लेग पर कैच दे बैठे। ऑफ स्टंप के बाहर की फ्लैटर गेंद पर राहुल ऑफ साइड में शॉट खेलना चाहते थे, लेकिन गेंद ज्यादा घूम गई।

यूपी टी-20 : काशी रुद्रास ने कानपुर सुपरस्टार्स को आठ विकेट से हराया

खेल संवाददाता

लखनऊ। कप्तान समीर रिजवी की शानदार नाबाद 71 रन की पारी के बावजूद कानपुर सुपरस्टार्स का 163 रन का स्कोर काम नहीं आया। वहीं अभिषेक गोस्वामी (नाबाद 76) और कप्तान करन शर्मा (67) के बीच दूसरे विकेट के लिए हुई 135 रन की मैच जिताऊ साझेदारी के दम पर गत चैंपियन काशी रुद्रास ने यूपी टी-20 लीग सीजन-4 के चौथे मुकाबले में कानपुर सुपरस्टार्स को आठ विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की। वहीं कानपुर सुपरस्टार्स को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए पहले मैच में काशी ने 164 रन का लक्ष्य 18.1 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल किया। आज मैच में काशी रुद्रास के कप्तान करन शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

यूपी टी-20 लीग सीजन-4

काशी के गेंदबाजों ने शुरूआत में दबाव बनाया, लेकिन कानपुर के कप्तान समीर रिजवी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पारी को संभाल लिया। समीर रिजवी ने अपनी नाबाद 71 रन की शानदार पारी में सिर्फ 47 गेंदों का सामना करते हुए आठ चौके और दो छक्के लगाए। आदर्श सिंह और प्रियांशु पांडेय ने पहले विकेट के लिए 32 रन जोड़े। आदर्श ने 23 गेंदों पर 22 और प्रियांशु ने 23 गेंदों पर 26 रन बनाए। दोनों के आउट होने के बाद रिजवी ने एक छोर संभाले रखा। कानपुर सुपरस्टार्स ने अंतिम ओवरों में तेजी से रन बटोरे और निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 163 रन बनाए। 164 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी काशी रुद्रास को तीसरे ओवर में पहला झटका लगा। सलामी बल्लेबाज उवैश अहमद को तेज गेंदबाज विनीत पंवार ने आउट किया। उनका कैच कानपुर के कप्तान समीर रिजवी ने शानदार अंदाज में लपका।

सुहास एलवाई ने घंटा बजाकर कराई मैच की शुरूआत

इसके बाद करन शर्मा ने अभिषेक गोस्वामी के साथ पारी को संभाला। दोनों ने पहले पावरप्ले में संभलकर बल्लेबाजी की और फिर रन गति बढ़ाते हुए कानपुर के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। अभिषेक गोस्वामी ने 52 गेंदों पर सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 76 रन बनाए। वहीं कप्तान करन शर्मा ने 44 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 67 रन की शानदार पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 84 गेंदों पर 135 रन की मैच जिताऊ साझेदारी कर काशी की जीत लगभग तय कर दी।

अभिषेक गोस्वामी को उनकी शानदार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंत में उपेंद्र यादव ने सात गेंदों पर नाबाद 18 रन बनाकर काशी को 18.1 ओवर में दो विकेट पर 167 रन तक पहुंचाया और टीम ने आठ विकेट से जीत दर्ज की। मैच की की शुरूआत सुहास एलवाई (आईएएस), सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने टॉस कराकर और पारंपरिक अंदाज में घंटा बजाकर की। इस अवसर पर यूपी टी-20 लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर और गवर्निंग काउंसिल के सदस्य संजीव कुमार सिंह भी मौजूद रहे। सुहास एलवाई ने कहा कि यूपी टी-20 लीग प्रदेश में क्रिकेट प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और युवा खिलाड़ियों को बड़ा मंच देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उत्तर प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर देते हैं। उन्होंने दोनों टीमों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन की उम्मीद जताई। डॉ. संजय कपूर ने कहा कि यूपी टी-20 लीग लगातार प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का मंच देने का काम कर रही है। लीग का उद्देश्य रोमांचक क्रिकेट के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है।

कंपनियों की पूंजी एक लाख करोड़ रुपये घटी

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार में बीते सप्ताह गिरावट के रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से करीब एक लाख करोड़ रुपये की कमी आई। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे अधिक नुकसान हुआ।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 489.92 अंक यानी 0.62 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी 204.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। इन पांच कंपनियों के बाजार मूल्य में कुल मिलाकर करीब एक लाख करोड़ रुपये की कमी हुई। दूसरी ओर भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत बढ़ गई। इस कंपनियों के मूल्यांकन में कुल 55,149.45 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बाजार पूंजीकरण 34,263.28 करोड़ रुपये घटकर 8,53,506.85 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 31,869.13 करोड़ रुपये घटकर 17,70,056.06 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 25,891.88 करोड़ रुपये घटकर 9,85,829.96 करोड़ रुपये पर आ गया। इसी तरह एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 7,165.37 करोड़ रुपये घटकर 11,20,802.10 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 2,792.65 करोड़ रुपये घटकर 10,17,577.98 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के उलट भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण 26,438.49 करोड़ रुपये बढ़कर 5,23,330.31 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 20,592.13 करोड़ रुपये बढ़कर 12,43,016.11 करोड़ रुपये हो गई। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 3,548.79 करोड़ रुपये बढ़कर 6,77,197.34 करोड़ रुपये रहा।

पश्चिम एशिया के घटनाक्रम से तय होगी सर्राफा बाजार की अगली दिशा

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों और प्रमुख वैश्विक आर्थिक आंकड़ों के बीच अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में मजबूती बने रहने की उम्मीद है। हालांकि, विश्लेषकों ने कहा कि इस दौरान उतार-चढ़ाव बने रह सकते हैं।

बाजार प्रतिभागी औद्योगिक धातुओं के संकेतों के लिए अमेरिकी आवास और व्यापार आंकड़ों, ब्रिटेन, यूरो क्षेत्र और जापान के मुद्रास्फीति आंकड़ों के साथ ही चीन के आर्थिक संकेतकों पर नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक के मौद्रिक नीति संकेतों के लिए फेडरल रिजर्व की एफओएमसी बैठक की टिप्पणियों पर भी नजर रखी जाएगी। सोने और चांदी का नजरिया सकारात्मक बना हुआ है और इनके क्रमशः 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और 2.54 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक जाने की उम्मीद है। घरेलू मोर्चे पर मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर अक्टूबर आपूर्ति वाला सोना वायदा पिछले सप्ताह 2,686 रुपये या लगभग दो प्रतिशत चढ़कर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एमसीएक्स पर सितंबर अनुबंध वाली चांदी 4,458 रुपये या 1.9 प्रतिशत बढ़कर 2.35 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इस सप्ताह सोने में मजबूती के साथ कारोबार हुआ और इसमें एक प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, हालांकि एक वक्त यह दो प्रतिशत से अधिक बढ़ गया था, जिसके बाद उच्च स्तरों पर मुनाफावसूली देखने को मिली। अगस्त में एमसीएक्स सोने में लगभग 9.5 प्रतिशत की तेजी आई, जिससे निकट अवधि में उच्च स्तरों पर एक सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव और बीच-बीच में मुनाफावसूली हो सकती है।

कच्चे तेल की कीमतें तय करेंगी शेयर बाजार की दिशा

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह मुख्य रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति, अमेरिका-ईरान तनाव और कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि कंपनियों के तिमाही नतीजों का सीजन समाप्त होने के बाद अब निवेशकों की नजर वैश्विक घटनाक्रमों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों पर भी रहेगी। निकट अवधि में होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रम और ब्रेंट कच्चे तेल की दिशा बाजार के लिए महत्वपूर्ण कारक होंगे। उन्होंने कहा कि तिमाही नतीजों का सीजन समाप्त हो चुका है और आने वाला सप्ताह आंकड़ों के लिहाज से अपेक्षाकृत हल्का रहेगा। ऐसे में निवेशकों का ध्यान वैश्विक मौद्रिक नीति, कच्चे तेल और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर रहेगा। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे से भी फेडरल रिजर्व के नीतिगत परिदृश्य को लेकर संकेत मिलेगा।

सरकार ने रिफाइनरी इकाइयों को एलपीजी उत्पादन लक्ष्य तय किया

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान आयातित रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित होने के बाद अब सरकार ने घरेलू तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) उत्पादन बढ़ाने के लिए पहली बार अलग-अलग रिफाइनरी इकाइयों और तेल-गैस कंपनियों के लिए अधिकतम उत्पादन लक्ष्य तय किए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के 13 अगस्त के आदेश के तहत 21 रिफाइनरी और अपस्ट्रीम कंपनियों के लिए कुल 63,810 टन प्रतिदिन का तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) उत्पादन क्षमता निर्धारित की गई है। यह 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के घरेलू एलपीजी उत्पादन का दोगुना से भी अधिक है। साथ ही यह आंकड़ा देश की 70 प्रतिशत दैनिक खपत के बराबर है। ये लक्ष्य आपूर्ति में कमी की स्थिति में लागू होंगे। भारत में वित्त वर्ष 2025-26 में करीब 3.32 करोड़ टन एलपीजी की खपत हुई, जबकि घरेलू उत्पादन लगभग 1.31 करोड़ टन रहा। करीब 2.13 करोड़ टन एलपीजी का आयात करना पड़ा। यानी देश अपनी एलपीजी जरूरत का 64 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आयात करता है। सरकार का यह कदम उस संकट की पृष्ठभूमि में आया है, जब पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से एलपीजी का आयात प्रभावित हुआ था। उस दौरान घरेलू एलपीजी की आपूर्ति बनाए रखने के लिए रिफाइनरी कंपनियों को उत्पादन बढ़ाने, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को आपूर्ति सीमित करने तथा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए रिफिल बुकिंग की अवधि बढ़ाने जैसे कदम उठाने पड़े थे।

डेक्सलैब्स एआई एजुकेशन लखनऊ में एआई स्किल सेंटर का शुभारंभ

लखनऊ। डेक्सलैब्स एआई एजुकेशन, जो विद्यालयी छात्रों में एआई साक्षरता को बढ़ावा देने हेतु समर्पित एक पहल है। इंदिरा नगर, लखनऊ में अपने नए एआई स्किल सेंटर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शहर के अनेक विद्यार्थी, शिक्षक एवं विद्यालय प्रबंधन एक दिवसीय प्रतिभा, शिक्षा एवं भविष्य-उन्मुख शिक्षा के उत्सव में सम्मिलित हुए। डेक्सलैब्स एआई स्किल सेंटर का उद्देश्य विद्यालयी छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है, साथ ही उनमें रचनात्मकता, तकनीक एवं उद्यमिता जैसे कौशल विकसित करना है। शुभारंभ के अवसर पर प्रत्येक प्रतिभागी छात्र को निःशुल्क डेक्सटेस्ट की सुविधा दी गई, जिससे उनकी योग्यता एवं भविष्य-तत्परता का आकलन किया जा सकेगा, साथ ही छात्रों एवं अभिभावकों को विशेषज्ञ द्वारा करियर परामर्श भी प्रदान किया। डेक्सटेस्ट के प्रदर्शन के आधार पर चयनित छात्र सेंटर के सांध्यकालीन कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु 100% तक की छात्रवृत्ति के भी पात्र बन सकते हैं। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण अंतर-विद्यालयी प्रतिभा प्रतियोगिता, जिसमें लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों के छात्र नृत्य, कला एवं संगीत श्रेणियों में भाग लिया। जिसमें प्रत्येक श्रेणी में विजेताओं को एकल हेतु रुपये 3,000 तथा समूह/युगल हेतु रुपये 5,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया।

शाह ने पुण्यतिथि पर वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी उनकी मूल्य आधारित राजनीति की सराहना की

नयी दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि उनकी मूल्य आधारित राजनीति ने पहली बार अंत्योदय और सुशासन की परिकल्पना को धरातल पर उतारकर वास्तविकता में बदला। शाह ने एक्स पर अपने संदेश में कहा कि अटल जी ऐसे राष्ट्रभक्त राजनेता थे, जिन्होंने अपने जीवन का हर क्षण राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि एक ओर उन्होंने परमाणु परीक्षणों और कारगिल युद्ध के जरिए पूरी दुनिया को भारत की शक्ति से परिचित कराया, वहीं दूसरी ओर उनकी मूल्य आधारित राजनीति ने पहली बार अंत्योदय और सुशासन की परिकल्पना को धरातल पर साकार किया। शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री का विराट व्यक्तित्व और नेतृत्व हमेशा भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री बनने वाले भाजपा के पहले नेता वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर, 1924 को ग्वालियर में हुआ था और 16 अगस्त, 2018 को नयी दिल्ली में उन्होंने आखिरी सांस ली थी।

पेज एक का शेष

सुरक्षित भारत

के कारण विकास, विश्वास और प्रयास का तिरंगा लहरा रहा है। लेकिन इस चुनौती को हमने कम नहीं आंकना है। इस चुनौती से हमें और भी सावधान रहने की जरूरत है। वर्षों तक देश की सत्ता में माओवादी सोच के लोग गलियारों में अपनी जगह बनाकर के बैठे थे। सरकारी कमेटियों में सलाहकार के रूप में भी ये माओवादी सोच ने नीतियों को प्रभावित किया था। जंगलों में हमें हथियारी नक्सलों का खात्मा बुलाने में उस संकट से देश को मुक्त कराने में सफलता मिली है। लेकिन हथियारी नक्सल तो गए, लेकिन दिमागी नक्सल, यह दिमागी नक्सल मौके की तलाश में है। हिंसा अराजकता के वो रास्ते खोज रहे हैं। समाज को गलत राह पर घसीटने के लिए भांति-भांति के दांव कर रहे हैं। इन दिमागी नक्सलियों को पहचानना होगा। इन दिमागी नक्सलियों को आइसोलेट करना होगा और राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने की मुख्यधारा की ओर देश की युवा पीढ़ी को जोड़ना होगा।

विश्व के

जताया। नेतन्याहू ने अपने संदेश में भारत और अपने प्रिय मित्र प्रधानमंत्री मोदी को देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और इजराइल ने एक वर्ष के अंतराल पर स्वतंत्रता हासिल की थी और दोनों प्राचीन राष्ट्र अपने लोगों का जीवन बेहतर बनाने के लिए मिलकर भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे नवोन्मेष और मित्रता की कोई सीमा नहीं है। मोदी ने प्रधानमंत्री नेतन्याहू की शुभकामनाओं के लिए उनका आभार जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि भारत-इजराइल विशेष रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी जिससे नए अवसर पैदा होंगे तथा दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध और गहरे होंगे।

युवाओं के

इनोवेशन और रोजगार को एकीकृत दृष्टिकोण के साथ और मजबूती दी जाएगी। जेन-जी और जेन-अल्फा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, सेमीकंडक्टर, साइबर सिक्योरिटी, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल, एग्रीटेक, फिनटेक, डीप टेक और मेड टेक जैसे क्षेत्रों में तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम युवा उद्यमी योजना के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के लिए ब्याज मुक्त और गारंटी मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। हर मंडल मुख्यालय पर स्पोर्ट्स कॉलेज, हर जिले में स्टेडियम, हर ब्लॉक में मिनी स्टेडियम तथा गांवों में खेल मैदान और ओपन जिम विकसित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश का युवा पलायन की समस्या से मुक्त होकर अपने ही प्रदेश में रोजगार और उद्यम के नए अवसर तलाश रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश की बहन-बेटियों को असुरक्षा से आजादी दिलाने के साथ उन्हें सम्मान और स्वावलंबन का अवसर दिया गया है। आज बेटियां बाजार जा सकती हैं, पढ़ाई के लिए अकेले जा सकती हैं और अपने कार्य से सुरक्षित घर लौट सकती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के साथ महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने पर काम कर रही है। स्वयं सहायता समूह, बीसी सखी, लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, एफपीओ और मिल्क प्रोड्यूसर कंपनियों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक गतिविधियों से जुड़ रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश के बजट और अर्थव्यवस्था में करीब तीन गुना वृद्धि हुई है। प्रति व्यक्ति आय भी तीन गुना बढ़ी है। प्रदेश में निवेश के लिए बेहतर वातावरण तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे 65 लाख से अधिक युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं बनी हैं। पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से नौ वर्षों में नौ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी क्षेत्र में रोजगार मिला है। प्रदेश में चार करोड़ से अधिक रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित होने की बात भी मुख्यमंत्री ने कही।

आम नागरिक

दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विकास की योजनाएं बनाते समय स्थानीय परिस्थितियों और जनता की जरूरतों को ध्यान में रखना जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से नियमित समन्वय बनाए रखने को कहा, ताकि समस्याओं की वास्तविक स्थिति समय पर सामने आ सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन मामलों में उच्च स्तर से निर्णय की आवश्यकता है, उनमें भी अनावश्यक पत्राचार या देरी से बचते हुए समयबद्ध प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं का मूल्यांकन केवल बजट खर्च होने या परियोजना पूरी होने से नहीं, बल्कि जनता को मिलने वाले परिणामों के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को योजनाओं की उपयोगिता और धरातल पर उनके प्रभाव की भी समीक्षा करने को कहा। चोरगलिया भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी-चोरगलिया-सितारगंज मार्ग पर शेर नाला में निर्मित 120 मीटर स्पान डबल लेन आरसीसी कंक्रीट पुल को जनता को समर्पित किया। करीब 9.93 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस पुल को क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है। शेर नाला में बरसात के दौरान जलस्तर बढ़ने से पूर्व में इस मार्ग पर यातायात प्रभावित होता रहा है। तेज बहाव की स्थिति में स्थानीय नागरिकों को आवाजाही में कठिनाई के साथ वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करना पड़ता था। इससे दैनिक यात्रियों के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियां और क्षेत्रीय संपर्क भी प्रभावित होते थे।

ट्रैक्टर-ट्रॉली

आरबीएफ ईंट भट्टे पर ट्रैक्टर चालक था। अन्य तीनों संदीप(18), पवन(24) और रामकिशोर उर्फ बलराम(30) उसी भट्टे पर ईंट लादने-उतारने का काम करते थे। हादसे के समय सभी ईंट लेकर जा रहे थे। मृतकों में पीतांबर, संदीप, पवन तीनों एक गांव के इलियाजपुर मजरा पडरांवा, थाना कोठी, बाराबंकी के रहने वाले थे जबकि रामकिशोर उर्फ बलराम पड़ोस के गांव सरायनजर का रहने वाला था। मृतक पीताम्बर के परिवार में पत्नी नीलम तथा अनिमेष शांति व नीलेश तीन बच्चे है। पिता बेटी शांति की शादी के लिए रिश्ता देख रहे थे।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विनय कुमार पाण्डेय
जिलाध्यक्ष
प्राथमिक शिक्षक संघ
जनपद श्रावस्ती

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राम बिहारी वाजपेई
प्रधानाचार्य
जगत जीत इंटर कॉलेज
इकौना

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आशीष कुमार सिंह
प्रधान प्र.ग्राम पंचायत दोस्त पुर बुढ़बारा,
विकास खण्ड छतोह रायबरेली

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अवध राज गुप्ता
पीटीओ
परिवहन विभाग जनपद बहराइच

अक्षय त्रिपाठी
जिलाधिकारी
बहराइच

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मोहम्मद मुस्तफा
(कोटेदार)
नगर पंचायत परशदेपुर
रायबरेली

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश कुमार यादव
प्रधानाचार्य
चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंटर कालेज

कार्यालय नगर पालिका परिषद, टूण्डला (फिरोजाबाद)

नगर पालिका परिषद टूण्डला द्वारा स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित नागरिकों से अपील-

1. जल ही जीवन है इसका दुरूपयोग न करें।
2. पॉलीथीन का प्रयोग निषेध है इसका प्रयोग न करें। पॉलीथीन के स्थान पर कपड़े के थैले का प्रयोग करे।
3. स्वयं स्वच्छता रखें एवं दूसरों को भी साफ -सफाई रखने के लिए प्रेरित करें।
4. गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग रखें तथा कूड़ा गाड़ी में अलग-अलग डाले एवं होम कम्पोस्टिंग भी करें।
5. खुले में शौच न जाये। शौचालय का प्रयोग करे।
6. सार्वजनिक पोखरों, तालाब, मैदान, सड़क, नाला, व नाली के ऊपर अतिक्रमण न करे।
7. जन्म - मृत्यु का पंजीयन समय से कराये एवं भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
8. अपने नगर को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।
9. वृक्षारोपण से हमारा पर्यावरण हरा-भरा और स्वस्थ बनेगा। इसके द्वारा हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और सुखद भविष्य दे सकते है एक वृक्ष अवश्य लगाये।

समस्त मा. सभासदगण

(आशुतोष त्रिपाठी)	(भंवर सिंह)
अधिशासी अधिकारी	अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद	नगर पालिका परिषद
टूण्डला।	टूण्डला।

पत्रांकः- 369/न०पा०प०टूण्डला/2026-27 दिनांकः- 14.08.2026

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संदीप दूबे
थाना अध्यक्ष
थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच

विश्वजीत श्रीवास्तव
पुलिस अधीक्षक
जनपद बहराइच

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती बन्दना ग्राम प्रधान
प्रधान प्रतिनिधि **राम देव**
ग्राम पंचायत परशुराम पुर ठेक हाई बिकास खण्ड सलोन रायबरेली

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुभाष सत्या
भाजपा नेता

मधु सत्या
पूर्व ब्लॉक प्रमुख

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हरेन्द्र कुमार मिश्रा
प्रभारी निरीक्षक
थाना रूपईडीहा बहराइच

विश्वजीत श्रीवास्तव
पुलिस अधीक्षक
जनपद बहराइच

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

एन.एच. पब्लिक स्कूल
नगर पंचायत परशदेपुर डीह, रायबरेली

120 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर

जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली

आप सभी सम्मानित ग्राहको एवं नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की

हार्दिक शुभकामनाएं

विशेष अपील : मात्र 3% की प्रभावी ब्याज दर पर किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) ऋण सुविधा का लाभ उठाये।

विवेक विक्रम सिंह
अध्यक्ष
जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. एस.के. वर्मा
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
नाक कान गला स्पेसिलिस्ट,
जिला चिकित्सालय जनपद बहराइच

अक्षय त्रिपाठी
जिलाधिकारी
बहराइच

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुशील कुमार
आरटीओ प्रशासन एवं परिवर्तन
परिवहन विभाग जनपद बहराइच

अक्षय त्रिपाठी
जिलाधिकारी
बहराइच

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रदीप कुमार
आर.आई. जनपद बहराइच
परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश

अक्षय त्रिपाठी
जिलाधिकारी
बहराइच

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. प्रभाकर मिश्रा
सीनियर फिजीशियन-जनक नंदिनी हॉस्पिटल
जेल रोड जनपद बहराइच

अक्षय त्रिपाठी
जिलाधिकारी
बहराइच

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच

नगर पालिका, बहराइच स्वतन्त्रता दिवस (15 अगस्त, 2026) के शुभ अवसर पर अपने नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्द करती है तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है, साथ ही नगरवासियों से अपील करते हैं-

1. घर-घर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया में जनता अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें एवं घर में सूखा-गीला कचरा अलग-अलग करके सूखा कचरा नीले व गीला कचरा हरे पात्र में ही डालें।
2. जल ही जीवन है, उसे बर्बाद एवं दूषित न करें, नलों को खुला न छोड़े।
3. जन्म मृत्यु का पंजीकरण अवश्य करायें।
4. पालिका सार्वजनिक/सरकारी भूमि/ सम्पत्ति पर स्थाई/अस्थाई अतिक्रमण/ कब्जा न करें।
5. सफाई कर्मी के आने से पूर्व ही अपने घरों का कूड़ा आदि निर्धारित स्थान पर ही डालें, ताकि सफाई कार्य में सहयोग मिल सके। सड़कों, नालियों एंव रास्तों पर कूड़ा-करकट न डालें।
6. भवन निर्माण से पूर्व भवन के मानचित्र की एन.ओ.सी. कराना सुनिश्चित करें।
7. शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक/ पालीथिन का उपयोग प्रतिबंधित है। जनहित में इसका उपयोग न करें।
8. नगर में निर्मित सामुदायिक शौचालयों, सार्वजनिक शौचालयों/यूरिनल निर्मित पिंक शौचालय का सदैव प्रयोग करें।
9. शासन द्वारा एकमुश्त समाधान योजना के अन्तर्गत 15 अगस्त, 2026 से 15 दिसम्बर 2026 तक गृहकर व जलकर पर आरोपित ब्याज पर शतप्रतिशत छूट दी जानी है। इस हेतु 15 अगस्त, 2026 से 15 नवम्बर 2026 तक गृह स्वामियों द्वारा आवेदन कर उक्त छूट का लाभ प्राप्त करें।

(प्रमिता सिंह)	(सुधा देवी)
अधिशासी अधिकारी	अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद बहराइच	नगर पालिका परिषद बहराइच

दिनांक 13 अगस्त 2026

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनुप्रिया पटेल
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री
भारत सरकार

श्री राम निवास वर्मा
विधायक
नानपारा विधानसभा
नानपारा अपना दल यश

15 अगस्त 2026 स्वतंत्रता दिवस

हर घर तिरंगा, हर दिल भारत।

नमन उन वीरों को, जिनके बलिदान से मिला हमें स्वाधीनता का मान

शिक्षक अभिभावकों सहित सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

बलदेव वैदिक विद्यालय इंटर कॉलेज पलिया कलां (खीरी)

डी.एल. भार्गव (प्रधानाचार्य) — गोविंद गर्ग (प्रबंधक)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कर्म क्षेत्र महाविद्यालय, इटावा

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा बी ग्रेड प्राप्त
(छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर से सम्बद्ध)

विशेषताएँ:-
- अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ
- कम्प्यूटर लैब की सुविधा
- ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट की व्यवस्था
- जनपद का प्राचीन एवं उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान
- खेल कूद एवं सॉस्कृतिक गतिविधियों का श्रेष्ठ आयोजन

सत्येन्द्र कुमार वर्मा (अध्यक्ष, प्रबंध समिति) — ओमकार नाथ वर्मा (मंत्री, प्रबन्ध समिति) — प्रो. (डॉ.) महेन्द्र सिंह (प्राचार्य)

श्री गुरु रामदास हॉस्पिटल

पलिया रोड, निकट गिरि पेट्रोलियम, निघासन - खीरी

सुविधाएं - सामान्य रोग विभाग, जनरल सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग हड्डी एवं जोड़ रोग, दांत रोग, बाल रोग, फिजियो थेरेपी, एक्स-रे ई.सी.जी., ऑक्सीजन, 24x7 इमरजेन्सी सुविधा

सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पलिया बस आपरेटर्स एसोशिएशन पलिया कलां (खीरी)

अमरजीत सिंह खैरा (अध्यक्ष) — सतेन्दर पाल सिंह (सचिव) — इन्द्रजीत सिंह गिल (कोषाध्यक्ष)

खजुरिया गौरीफन्टा एवं दुधवा लखीमपुर बस आपरेटर्स एसोशिएशन पलिया कलाँ (खीरी)

हरी सिंह सन्धू (अध्यक्ष) — जोरा सिंह खैरा (सचिव) — चरनजीत सिंह खैरा (कोषाध्यक्ष)

BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP

NAAC Accredited — NBA

BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA

12500+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...

150000+ Alumni

ADMISSION OPEN 2026-2027

BBD UNIVERSITY | www.bbdu.ac.in

COURSES OFFERED
- Engineering
- Management
- Legal Studies
- Pharmacy
- Architecture
- Dental Science
- Computer Applications
- Basic Sciences
- Education
- Hotel Management
- Agricultural Sciences
- Media & Communication
- Ph.D. in all Disciplines

Meritorious Scholarships Offered

Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google

Courses available in Collaboration with IBM and HCL GUVI

NEW COURSES: Courses in Collaboration with HCL GUVI
B.TECH (CSE) Generative AI I MBA- DS & AI I IMBA- DS & AI
BBA - Marketing I M.TECH (CSE) - AI

BBDCODS www.bbdcods.edu.in — BDS Bachelor of Dental Surgery (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties

BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI), CSE(AI&ML), CSE(DS),IT, ECE, ME, EE,CE] MBA & M.TECH

BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE,CSE(AI&ML),CSE(AI), IT,ECE, EE, ME,CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746

SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges

AMENITIES: Auditorium (1000+ Seating Capacity), Student's Mall & Cafeteria, Transport & Health Services, Lord Siddhi Ganesha Temple, In Campus Bank and ATM, AC & Non-AC Hostels, BCCI Approved Cricket Stadium, BBD 90.8FM Channel, 24x7 Security & Wifi, Fully Wifi Campus

TOP RECRUITERS: amazon, Google, IBM, adani, zomato, Grab, accenture, tcs, pwc, Microsoft, Infosys, HARMAN, Paytm, EY, Capgemini, NEWGEN, wipro, accenture

BBD Green City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh - 226028 India.
www.bbdu.ac.in 0522-6196300/6196222

कार्यालय
नगर पंचायत निघासन, लखीमपुर-खीरी

15 अगस्त 2026 स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नगरवासियों से निम्न अपेक्षाएं करते है।

01. जल अमूल्य है इसकी बचत करें और बिना उपयोग नलों की टोंटिया खुली न छोड़े।
02. सड़कों पर मवेशियों को न बांधे इससे सड़कें खराब होती है।
03. कूड़ा सड़क पर न डालें उसको कूड़ेदान में डालकर नगर को साफ सुथरा रखने में सहयोग प्रदान करें।
04. नगर को स्वच्छ रखने के लिए डोर-टू डोर कूड़ा कलेक्शन में सहयोग दे। कूडे को नगर पंचायत सफाई कर्मी को ही दे कूडे किसी भी दशा में नाली / नाले सड़क अथवा खुले स्थान न फेकें और न ही जलायें, कूडा खुले में फेंकने से सड़क गन्दी होती है। ऐसा करना दण्डनीय अपराध है।
05. अपने पालतू पशुओं को आवारा न छोड़े इससे नगरवासियों को परेशानी होती है।
06. पेड़-पौधों को नष्ट न करें, पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ पौधे जरूर लगायें।
07. समस्त प्रकार के पालीथीन बैग तथा थमाकोल से निर्मित समस्त उत्पादों का प्रयोग न करें। यह शासन द्वारा पूर्णतः प्रतिबन्धित है तथा इसका उत्पादन प्रयोग परिवहन तथा भण्डारण करना संज्ञेय अपराध है, पकड़े जाने पर जुर्माना / सजा अथवा दोनों तरह से दण्डित किया जा सकता है।
08. नगर में निर्मित सामुदायिक शौचालय, सार्वजानिक शौचालय / यूनियन निर्मित, पिंक शौचालय का सदैव प्रयोग करें।
09. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण अवश्य करायें

दिनेश कुमार शुक्ला, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत निघासन लखीमपुर-खीरी

सभासदगण: श्रीमती रामश्री, श्री श्याम सुन्दर, श्री गुड्डू राज, श्री अमित वर्मा, श्री राम खेलावन, श्रीमती सुमन देवी, श्री उमेश मौर्या, श्री दयाशंकर पाल, श्री मुन्ना खान, श्री बाबू राम मौर्य, श्रीमती गायत्री देवी, श्री असलम खान, श्री विनोद कश्यप, श्रीमती नीलू गिरि, श्रीमती शिव देवी, श्रीमती मुन्नी देवी, (नामित) श्री सुनील कुमार मौर्य (नामित), श्री रामकुमार मौर्य (नामित)।

बद्री प्रसाद मौर्य, अध्यक्ष, नगर पंचायत निघासन लखीमपुर-खीरी

स्वच्छ निघासन — सुन्दर निघासन — समृद्ध निघासन

शिवपाल सिंह यादव (प्रबंधक) — आदित्य यादव (निदेशक, सुघर सिंह मेमोरियल शिक्षा प्रसार समिति सैफई)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शिक्षकों, छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनायें

यूपी बोर्ड संबंद्ध
सुघर सिंह शिक्षा निकेतन इंटर कालेज

बीटीसी कालेज
एस.एस. मेमोरियल एजूकेशन एकेडमी
(कालेज कोड-210011)

सीबीएसई बोर्ड संबंद्ध
एस.एस. मेमोरियल सीनियर सेकेण्ड्री पब्लिक स्कूल
सैफई-इटावा

एस.एन. यादव (प्रधानाचार्य) — राजेश राजपूत (प्रधानाचार्य) — डॉ. अवधेश श्रीवास्तव (कार्यकारी निदेशक/प्राचार्य)

कार्यालय
नगर पंचायत बढ़ापुर (बिजनौर)

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 पर नगर वासियों से अपील

1. स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में नगर पंचायत बढ़ापुर को प्रथम स्थान दिलाने हेतु नगर पंचायत बढ़ापुर का सहयोग करें।
2. संक्रमित बीमारियों से बचाव हेतु समय पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में परीक्षण करायें।
3. पालीथीन का प्रयोग न करें पालीथीन को हटाने में नगर पंचायत बढ़ापुर का सहयोग करें।
4. जन्म-मृत्यु पंजीकरण समय से करायें जलकर, जलमूल्य, गृहकर, आदि सभी प्रकार के टैक्स समय से जमा कर रसीदें प्राप्त करें।
5. खुले में शौच न जायें, नगर पंचायत द्वारा बनाये गये सामुदायिक शौचालयों का प्रयोग करें।
6. कूड़ा कचरा निश्चित स्थान पर रखें कूड़ेदान में ही डालें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बढ़ापुर बिजनौर

कार्यालय नगर पालिका परिषद पडरौना, जनपद-कुशीनगर

श्री नरेन्द्र मोदी जी, मा. प्रधानमंत्री, भारत सरकार

श्री विजय कुमार दूबे जी (मा. सांसद-कुशीनगर), श्री आरपीएन सिंह जी (मा. सांसद-राज्यसभा), श्री रतनपाल सिंह जी (मा. सदस्य, विधान परिषद), श्री मनीष जायसवाल जी (मा. विधायक-पडरौना), श्री दारा सिंह चौहान जी (मा. प्रभारी मंत्री, कुशीनगर), श्री अरविंद शर्मा जी (मा. नगर विकास मंत्री, उ.प्र. सरकार)

परम पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज, मा. मुख्यमंत्री, उ. प्र. सरकार

विकास के पथ पर अग्रसर नगर पालिका परिषद पडरौना

हर घर तिरंगा

15TH AUGUST स्वतंत्रता दिवस

नगर पालिका परिषद पडरौना की तरफ से स्वतंत्रता दिवस, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं

महेन्द्र सिंह तंवर, जिलाधिकारी, कुशीनगर

वैभव मिश्रा, अपर जिलाधिकारी कुशीनगर

राजीव निगम, उपजिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी

विनय जायसवाल अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद पडरौना

सम्मानित सभासदगण: 1. रंजीता देवी 2. मालती 3. शिवनाथ प्रताप सिंह 4. संजय 5. क्यामुद्दीन 6. बलवन्त 7. अंजू देवी 8. मैनुद्दीन 9. उषा 10. अंशु 11. प्रवीण 12. कमलावती 13. तबस्सुम जहां 14. सीता 15. गीता 16. सौरभ कुमार सिंह 17. अमानुल्लाह 18. प्रमोद कुमार श्रीवास्तव 19. एयादुल्लाह 20. संतोष 21. उत्तम कुमार चौहान 22. शहनाज 23. अविनाश 24. शारदा 25. बबलू

सम्मानित मनोनित सभासदगण: धीरज पाठक, कुंजबिहारी चौरसिया, प्रमोद साहा, प्रमिला शाही, मुन्नी तिवारी

नगर पालिका परिषद नगीना

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की समस्त नगीना वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं दिली मुबारक बाद

जनहित में अपील-

1. स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कूडा इधर उधर न फेकें नगर को स्वच्छ बनाये रखने में पालिका का सहयोग करें।
2. पालिका कार्यालय में आर.आर.आर. सेन्टर में अपने अनुपयोगी कपडे जूते एवं चप्पल आदि दें जिससे गरीब लोगों को निशुल्क वितरण किया जा सके।
3. पॉलीथीन का प्रयोग न करें यह दण्डनीय अपराध है इसको प्रयोग करने पर जुर्माना वसूल किया जायेगा
4. निकाय द्वारा कूडे का डोर-टू-डोर कलेक्शन किया जा रहा है आप कूडे को अलग-अलग पालिका के वाहन में डालें कूडा इधर उधर न फेंके।
5. अपने घरों व आस-पास के क्षेत्रों में पानी जमा न होने दें जिससे बीमारियाँ फैलने की सम्भावना होती है।
6. अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।

(ताहिरा बेगम)
अध्यक्ष
एवं समस्त सभासदगण
नगर पालिका परिषद नगीना